बैशाख कृष्ण पक्ष अमावस्या
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 8 मई 2024
वर्ष 5, अंक 171, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



शुक्र के खोए सागरों की गुत्थी सुलझाने में कामयाबी 14

बेहतर स्क्रिप्ट पर शाहरूख के साथ काम करेंगी प्रीति 13












## टीआरएफ के टॉप कमांडर समेत दो आतंकी मारे गए

- कुलगाम में हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने मार गिराया
- बासित डार पर घोषित किया गया था 10 लाख इनाम

श्रीनगर, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में मंगलवार को सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े संगठन टीआरएफ के टॉप कमांडर समेत दो आतंकवादी मारे गए।

कश्मीर के पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) वीके बिरधी के अनुसार मारे गए आतंकवादियों में से एक की पहचान बासित डार के रूप में की गई है, जो द रेसिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) की 'ए' श्रेणी का आतंकवादी था। उन्होंने कहा कि सुरक्षाबलों को रेडवानी गांव में आतंकवादियों की आवाजाही के बारे में खुफिया सूचना मिली थी, जिसके बाद सोमवार रात वहां घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया गया था। इस अभियान में दो आतंकवादी मारे गए हैं और उनके शव बरामद कर लिए गए हैं, लेकिन तलाशी अभियान अभी भी जारी है। बिरधी ने बताया कि बासित डार श्रीनगर शहर में हुई घटनाओं सहित 18 मामलों में शामिल था। एनआईए ने 2022 में डार पर 10 लाख का इनाम घोषित किया था।

## योगी और प्रो . राम गोपाल के बीच राम मंदिर पर तकरार

### सपा नेता बोले, मंदिर वास्तु के अनुसार नहीं बनाया गया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ





- योगी ने कहा, उनका बयान करोड़ों रामभक्तों का अपमान

**अमृत विचार** : अयोध्या के राम मंदिर को लेकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव प्रो. रामगोपाल यादव के एक बयान के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तीखी प्रतिक्रिया सामने आई है। योगी ने राम गोपाल के बयान को हिंदू विरोधी और रामभक्त हिंदू समाज का अपमान बताया है।

सपा नेता राम गोपाल ने एक न्यूज चैनल के संवाददाता से राम मंदिर को बेकार बताते उल्टा सवाल किया कि, मंदिर ऐसे बनाए जाते हैं? मंदिर ऐसे नहीं बनते हैं, पुराने मंदिर देख लीजिए दक्षिण से लेकर उत्तर तक देख लीजिए। नक्शा ही ठीक नहीं बना है। उसे वास्तु के लिहाज से ठीक नहीं बनाया गया है।

सपा नेता के इस बयान पर मंगलवार को मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके बयान से सपा की मंशा सामने आ गई है। योगी ने कहा कि ऐसा बयान सपा व कांग्रेस के साथ इंडिया गठबंधन के सच को उजागर करता है। यह लोग वोट बैंक के लिए न केवल भारत की आस्था से खिलवाड़ कर रहे हैं, बल्कि राम की ईश्वरीय सत्ता को चुनौती देने का काम कर रहे हैं। इतिहास गवाह है कि जिसने भी ईश्वरीय सत्ता को चुनौती दी है, उसकी दुर्गति हुई है।

### कन्नौज में मंदिर धोने को लेकर भी विवाद

मंगलवार को रमईपुर (कानपुर) में जनसभा करने पहुंचे सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा, जिस तरह भाजपाइयों ने कन्नौज में मंदिर को धोया, ठीक वैसे ही अब पीडीए लोकसभा चुनाव में भाजपा को धोने जा रहा है। जनता भाजपा के खिलाफ वोट डाल-डालकर ऐसा धोएगी कि दोबारा नहीं लौटेंगे। दरअसल, सोमवार को अखिलेश यादव ने कन्नौज में जनसंपर्क अभियान की शुरुआत करने से पहले शहर के सिद्धपीठ बाबा गौरीशंकर मंदिर पहुंचकर पूजा की थी। पूजा करते हुए अखिलेश का वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो गया। इस वीडियो में दूसरे समुदाय के कुछ सपा कार्यकर्ता मंदिर प्रांगण में जूता पहनकर टहलते हुए दिखे थे, जिसका भाजपा कार्यकर्ताओं ने विरोध किया था। देर शाम भाजपा कार्यकर्ताओं की एक टीम मंदिर पहुंची और गंगाजल से धुलाई कर मंदिर की साफ-सफाई की थी।

### तीसरा चरण : प्रदेश की 10 लोकसभा सीटों के लिए शांतिपूर्ण ढंग से पड़े वोट

# बदायूं में 54.36 प्रतिशत मतदान

**57.34%** पूरे प्रदेश में हुई वोटिंग

**59.17%** लोगों ने एटा में की वोटिंग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



बदायूं के उघैती में मतदान केंद्र पर लाइन में लगीं महिलाएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार** : प्रदेश में तीसरे चरण की 10 लोकसभा सीटों के चुनाव में मंगलवार को शाम छह बजे तक कुल 57.34 प्रतिशत मतदान हुआ। संभल में सबसे ज्यादा 62.81 प्रतिशत व आगरा में सबसे कम 53.99 प्रतिशत मतदान हुआ। छिटपुट घटनाओं के बीच सभी सीटों पर शांतिपूर्ण ढंग से मतदान सम्पन्न हुआ।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि तीसरे चरण की अन्य सीटों में हाथरस (अजा) सीट पर 55.36 प्रतिशत, फतेहपुर सीकरी में 57.09 प्रतिशत, फिरोजाबाद में 58.22 प्रतिशत, मैनपुरी 58.59 प्रतिशत, एटा में 59.17 प्रतिशत, बदायूं में 54.36 प्रतिशत, आंवला में 57.08 प्रतिशत व बरेली में 57.88 प्रतिशत मतदान हुआ।

### मतदान का बहिष्कार, समझाने पर माने ग्रामीण

**बदायूं/कासगंज।** बिजली, पानी, सड़क की समस्या को लेकर बदायूं लोकसभा क्षेत्र के बिसौली के पांच, आसफपुर के एक, दातागंज के तीन, इस्लामनगर के दो गांवों के ग्रामीणों ने मतदान का बहिष्कार किया। कई घंटे बाद अधिकारियों के समझाने पर ग्रामीण माने। वहीं एटा-कासगंज लोकसभा क्षेत्र के अमांपुर के गांव रामपुर, पटियाली के बहोरा एवं नगला भीमसेन में ग्रामीणों ने मतदान का बहिष्कार किया। हालांकि, अधिकारियों के समझाने पर मान गए।

### पहले और दूसरे चरण से ज्यादा मतदान

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि पहले व दूसरे चरण के मतदान की तुलना में इस बार मतदान ज्यादा हुआ। पिछले लोकसभा चुनाव की तुलना में मतदान प्रतिशत अधिक रहा। कहा कि मतदान बढ़ाने के लिए समुचित इंतजाम किए गए थे।





मतदान के बाद स्याही का निशान दिखाते पीएम मोदी, अमित शाह और उनकी पत्नी।

## 11 राज्यों की 93 सीटों पर 63% से अधिक मतदान

- असम में सबसे अधिक 77.06 और उत्तर प्रदेश में सबसे कम 57.34 प्रतिशत वोट पड़े

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में मंगलवार को 11 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 93 निर्वाचन क्षेत्रों में 63 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ। पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों में छिटपुट हिंसा की सूचना मिली है। निर्वाचन आयोग के रात 10 :40 बजे तक के आंकड़ों के मुताबिक असम में सबसे अधिक 77 .06%, गोवा में 75 .13% और प. बंगाल में 73 .96% मतदान हुआ, जबकि उत्तर प्रदेश में सबसे कम 57 .34% मतदान हुआ। बिहार में 58 .16%, गुजरात 57 .62% और महाराष्ट्र 61 .44% मत पड़े। आयोग के मुताबिक कुल मत प्रतिशत 63 .53 रहा। मतदान सुबह सात से शाम छह बजे तक किया गया। वहीं, छत्तीसगढ़ में 70 .05%, दादरा और नगर हवेली, दमन और दीव में 68 .89%, कर्नाटक में 69 .65% और मध्य प्रदेश में 66 .05% मतदान हुआ। तीसरे चरण में 8 .39 करोड़ महिलाओं सहित 17 .24 करोड़ लोग मतदान के पात्र थे। गुजरात में प्रधानमंत्री मोदी ने गांधीनगर क्षेत्र और केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने अहमदाबाद के मतदान केंद्र पर मतदान किया।

## बंगाल में 25 हजार शिक्षकों की नियुक्ति रद करने पर रोक

### सीबीआई जांच जारी रहेगी



- शिक्षक भर्ती घोटाला व्यवस्थागत धोखाधड़ी : सुप्रीम कोर्ट
- कोर्ट ने कहा-जनता का विश्वास उठ गया तो कुछ नहीं बचेगा

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कलकत्ता हाई कोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें राज्य के सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) द्वारा की गई 25,753 शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की नियुक्ति को अमान्य कर दिया गया था।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने हालांकि, सीबीआई को अपनी जांच जारी रखने और राज्य मंत्रिमंडल के सदस्यों की भी जांच करने की अनुमति दी। शीर्ष अदालत ने सीबीआई से कहा कि वह जांच के दौरान किसी संदिग्ध को गिरफ्तार करने जैसी कोई जल्दबाजी भरी कार्रवाई न करे। इससे पहले कोर्ट ने कथित भर्ती घोटाले को व्यवस्थागत धोखाधड़ी करार देते हुए कहा कि अधिकारियों की जिम्मेदारी थी कि वे 25,753 शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की नियुक्ति से संबंधित डिजिटल रिकॉर्ड संभाल कर रखते। पीठ कलकत्ता हाई कोर्ट के 22 अप्रैल के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। हाईकोर्ट ने पश्चिम बंगाल के सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों में 25,753 शिक्षकों व गैर-शिक्षण कर्मचारियों की नियुक्ति को अमान्य घोषित कर दिया था। प्रधान न्यायाधीश ने राज्य सरकार की ओर से पेश वकीलों से कहा कि सरकारी नौकरियां बहुत कम हैं... अगर जनता का विश्वास उठ गया तो कुछ भी नहीं बचेगा।

## एक नजर

### हिमाचल बोर्ड के 10वीं के नतीजे घोषित

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड (एचपीबीओएसई) द्वारा मंगलवार को घोषित 10वीं कक्षा के बोर्ड परीक्षा परिणाम में लड़कियों ने एक बार फिर बाजी मारते हुए लड़कों को पीछे छोड़ दिया। राज्य की परीक्षा में शामिल हुए कुल विद्यार्थियों में से 74 .61 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करने वाले शीर्ष 92 विद्यार्थियों में 72 लड़कियां हैं, जिन्होंने शीर्ष 10 स्थान हासिल किए हैं।

### राधिका खेड़ा और शेखर सुमन भाजपा में शामिल



**नई दिल्ली।** जाने माने फिल्म कलाकार शेखर सुमन एवं कांग्रेस की राष्ट्रीय मीडिया संयोजक रहीं राधिका खेड़ा मंगलवार को भाजपा में शामिल हो गईं। भाजपा के केन्द्रीय कार्यालय में पार्टी के महासचिव विनोद तावड़े, भाजपा में राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनिल बलूनी और सह प्रभारी संजय मयूख की मौजूदगी में शेखर सुमन एवं राधिका खेड़ा ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। तावड़े ने दोनों हस्तियों को सदस्यता पर्ची एवं गुलदस्ता देकर स्वागत किया।

### झारखंड के मंत्री के निजी सचिव को किया गिरफ्तार

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक फ्लैट से 35 करोड़ रुपये नकदी बरामद करने के मामले में झारखंड सरकार में मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव लाल और उनके घरेलू सहायक को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। एजेंसी ने राज्य के सात स्थानों पर नए सिरे से तलाशी भी ली और राजीव कुमार नाम के ठेकेदार से 1.5 करोड़ रुपये जब्त किए हैं। सूत्रों ने बताया कि पिछले दो दिनों में कुल 36 .75 करोड़ रुपये बरामद किए जा चुके हैं। अधिकारियों ने बताया कि संजीव लाल और उनके घरेलू सहायक जहांगीर आलम से रातभर पूछताछ करने के बाद दोनों को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत हिरासत में ले लिया गया है।

### 10 मई को बृजभूषण पर हो सकता है फैसला

**नई दिल्ली।** दिल्ली की अदालत 10 मई को आदेश सुना सकती है कि भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व प्रमुख एवं भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ छह महिला पहलवानों के दर्ज कराए यौन उत्पीड़न मामले में आरोप तय किया जाए या नहीं। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) प्रियंका राजपूत मंगलवार को आदेश पारित करने वाली थीं लेकिन उन्होंने यह कहते हुए इसे टाल दिया दिया कि आदेश में कुछ सुधार की जरूरत है।

## गंगा में डूबने से तीन बच्चों की मौत, कई घंटे बाद मिले शव

संवाददाता, गंजडुंडवारा (कासगंज)



गंगा में डूबे बच्चों को तलाश करते गोताखोर।

**अमृत विचार** : ग्राम पंचायत सिकंदरपुर वैश्य के गांव नगला खंदारी के तीन बच्चे गंगा में नहाते समय गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। पीएसी फ्लड यूनिट के जवानों और स्थानीय गोताखोरों ने कड़ी मशक्कत के बाद तीनों बच्चों के शव निकाले। एसडीएम और सीओ ने मौका मुआयना किया।

मंगलवार को गांव नगला खंदारी के ग्रामीण चुनाव में व्यस्त थे। दोपहर में भीषण गर्मी लगने पर 10 वर्षीय रोहित पुत्र रामपाल, उसी की उम्र का सुभाष पुत्र श्याम सिंह और आशीष पुत्र राजपाल गांव के पास गंगा में नहाने चले गए। अचानक गहरे पानी में डूबने लगे। चीख-पुकार सुनकर मौके पर मौजूद ग्रामीण गोताखोर गंगा में कूदे। तीनों के परिजन भी जा पहुंचे। सूचना पर पटियाली के एसडीएम कुलदीप सिंह, सीओ वीके राना भी मौके पर पहुंचे। एसडीएम ने पीएसी की फ्लड यूनिट को बुलाकर बच्चों की तलाश कराई। घंटों की मशक्कत के बाद शाम को तीनों बच्चों के शव गंगा से निकाले जा सके। एसडीएम कुलदीप सिंह ने कहा कि मृतकों के परिजनों को आर्थिक मदद दिलाई जाएगी।

## हरियाणा में तीन निर्दलीय विधायकों ने भाजपा का छोड़ा साथ

- राज्य सरकार से समर्थन लिया वापस

**चंडीगढ़।** लोकसभा चुनाव के बीच हरियाणा में तीन निर्दलीय विधायकों ने मंगलवार को नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार से समर्थन वापस ले लिया। तीन विधायक-सोमबीर सांगवान, रणधीर गोलन और धर्मपाल गोंदर ने यह भी कहा कि उन्होंने चुनाव के दौरान कांग्रेस को समर्थन देने का फैसला किया है। तीनों ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और प्रदेश कांग्रेस प्रमुख उदय भान की मौजूदगी में रोहतक में संवाददाता सम्मेलन में यह घोषणा की।गोंदर ने कहा कि हम सरकार से समर्थन वापस ले रहे हैं। हम कांग्रेस के साथ हैं। 90 सदस्यीय हरियाणा विधानसभा की मौजूदा क्षमता 88 की है, जिसमें भाजपा के 40 सदस्य हैं। भाजपा सरकार को पहले जननायक जनता पार्टी के विधायकों और निर्दलीय विधायकों का समर्थन था, लेकिन जजपा के बाद अब निर्दलीय भी साथ छोड़ रहे हैं।

## केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से नहीं मिली राहत



- दिल्ली की कोर्ट ने 20 मई तक बढ़ाई न्यायिक हिरासत

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट से कोई राहत नहीं मिली। दो न्यायाधीशों की पीठ ने लोकसभा चुनाव में प्रचार करने के लिए उन्हें अंतरिम जमानत देने पर आदेश नहीं सुनाया। इस बीच, दिल्ली की एक अदालत ने केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 20 मई तक बढ़ा दी।

केजरीवाल पर कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े एक मामले में धन शोधन का आरोप लगाया गया है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी और अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एसवी राजू की दलीलें सुनने के बाद अंतरिम जमानत पर फैसला सुरक्षित रख लिया। न्यायमूर्ति खन्ना ने कहा कि अगर कल नहीं, तो गुरुवार को सुनवाई कर सकते हैं। अगर गुरुवार को नहीं तो अगले सप्ताह विचार करेंगे। दिल्ली की एक अदालत ने मनीष सिसोदिया की 15 मई तक और बीआरएस की एमएलसी के. कविता की न्यायिक हिरासत 14 मई तक बढ़ा दी।

## मिर्जापुर से अनुप्रिया पटेल, राबर्ट्सगंज से रिंकी लड़ेंगी चुनाव



अनुप्रिया पटेल रिंकी कोल

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव के लिए मंगलवार को अपना दल (एस) ने दो उम्मीदवारों की घोषणा की है। मिर्जापुर से तीसरी बार अनुप्रिया पटेल उम्मीदवार बन रहीं हैं। वे वर्तमान में भी जिले की सांसद व एनडीए सरकार में केन्द्रीय मंत्री हैं। इसी तरह अपना दल एस की छानबे विधायक रिंकी कोल को राबर्ट्सगंज संसदीय सीट से उनके ससुर पकौड़ी कोल का टिकट काटकर पार्टी प्रत्याशी बनाया गया है।

## मायावती ने आकाश से छीनी उत्तराधिकारी की जिम्मेदारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- बसपा के नेशनल कोआर्डिनेटर के पद से भी हटाया

**अमृत विचार** : बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने बड़ा फैसला लेते हुए भतीजे आकाश आनंद को उत्तराधिकारी बनाने का निर्णय वापस ले लिया है। आकाश को नेशनल कोओर्डिनेटर के पद से भी हटा दिया है।

बसपा प्रमुख ने 10 दिसंबर,2023 को भतीजे आकाश को अपना उत्तराधिकारी घोषित किया था। इससे पहले उन्हें पार्टी का नेशनल कोआर्डिनेटर नियुक्त किया था। मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर इसकी घोषणा करते हुए बसपा प्रमुख ने कहा कि मूवमेंट के व्यापक हित में परिपक्वता आने तक फिलहाल उन्हें इन दोनों जिम्मेदारियों से अलग रखा जाएगा। मायावती ने लिखा कि बसपा एक पार्टी के साथ ही डॉ. भीमराव आंबेडकर के आत्म-सम्मान व स्वाभिमान और सामाजिक परिवर्तन का भी मूवमेंट है जिसके लिए कांशीराम व उन्होंने खुद भी अपनी पूरी जिंदगी समर्पित की है।


## विशेष कारोबारी सत्र : 18 मई को भी खुलेंगे शेयर बाजार

**नई दिल्ली।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) और बांबे स्टाक एक्सचेंज (बीएसई) शेयर और इक्विटी वायदा एवं विकल्प खंड में 18 मई शनिवार को विशेष सत्र का आयोजन करेंगे। इस पहल का मकसद किसी प्रकार की बड़ी बाधा या विफलता की स्थिति से निपटने को लेकर तैयारियों का आकलन करना है। विशेष 'लाइव' कारोबारी सत्र के दौरान प्राथमिक साइट की जगह 'डिजास्टर रिकवरी' साइट का उपयोग किया जाएगा। पहला सत्र प्राथमिक साइट (पीआर) से सुबह 9:15 से 10 बजे तक और दूसरा सुबह 11:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक होगा।

## सेलिब्रिटी भी भ्रामक विज्ञापन के लिए जिम्मेदार

### पतंजलि मामला

नई दिल्ली, एजेंसी



- सुप्रीम कोर्ट ने कहा- विज्ञापन करने के दौरान हस्तियां करें जिम्मेदाराना व्यवहार

उच्चतम न्यायालय ने भ्रामक विज्ञापनों की रोकथाम के लिए मंगलवार को कहा कि प्रख्यात और सार्वजनिक हस्तियों को किसी उत्पाद का समर्थन करने के दौरान जिम्मेदाराना व्यवहार करना चाहिए। शीर्ष अदालत ने निर्देश दिया कि किसी विज्ञापन को जारी करने की अनुमति देने से पहले, 'केबल टेलीविजन नेटवर्क नियम,1994' के अनुसार विज्ञापनदाताओं से एक स्व-घोषणा पत्र हासिल किया जाए।

वर्ष 1994 के इस कानून का नियम-सात एक विज्ञापन संहिता का प्रावधान करता है, जिसमें कहा गया है कि विज्ञापन देश के कानूनों के अनुरूप बनाए जाने चाहिए। न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति एहसानुद्दीन अमानउल्लाह की पीठ ने संबद्ध केंद्रीय मंत्रालयों को इसे भ्रामक विज्ञापनों और केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) द्वारा की गई या प्रस्तावित कार्रवाई से अवगत कराने को भी कहा।

पीठ ने कहा कि प्रख्यात लोगों, 'इन्फ्लुएंसर' और सार्वजनिक हस्तियों द्वारा समर्थन किए जाने से उत्पादों का प्रचार-प्रसार करने में काफी मदद मिलती है तथा विज्ञापन के दौरान किसी भी उत्पाद का समर्थन करने के दौरान और उसकी जिम्मेदारी लेते समय उनके लिए जिम्मेदारी के साथ काम करना अनिवार्य है। शीर्ष अदालत पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड द्वारा भ्रामक विज्ञापनों से जुड़े मामले पर सुनवाई कर रही है। न्यायालय 'इंडियन मेडिकल एसोसिएशन' (आईएमए) द्वारा 2022 में दायर एक याचिका पर सुनवाई कर रहा है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि पतंजलि और योग गुरु रामदेव ने कोविड टीकाकरण और चिकित्सा की आधुनिक प्रणालियों को बदनाम करने का अभियान चलाया। पीठ ने पतंजलि के उत्पादों के बारे में भ्रामक विज्ञापनों की आलोचना की है। इन विज्ञापनों को अब निषिद्ध कर दिया गया है लेकिन वे विभिन्न इंटरनेट चैनलों पर अब भी उपलब्ध हैं।

# टूटी सड़कें, जलभराव, गंदगी, ग्रामीणों ने मतदान का किया बहिष्कार

## बिसौली, दातागंज, इस्लामनगर के कई गांवों के लोगों ने प्रदर्शन कर जताई नाराजगी, अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के समझाने पर डाले वोट


उंगली पर स्याही दिखाते कारवां-ए-अमजद के संस्थापक अहमद अमजदी।


उसावां के ब्लॉक प्रमुख दिनेश कुमार सिंह ने वोट डाला।


दातागंज विधायक राजीव कुमार सिंह उंगली पर लगी स्याही दिखाते।

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** मंगलवार को जिले के विभिन्न ग्रामों में बिजली-पानी जैसी समस्याओं को लेकर ग्रामीणों ने मतदान का बहिष्कार किया। जिससे दोपहर तक मतदान केंद्रों पर सन्नाटा छाया रहा। मतदान बहिष्कार की सूचना मिलने पर जिला प्रशासन के हाथ पांव फूल गए। आनन फानन में क्षेत्रीय अधिकारियों को गांव भेजकर ग्रामीणों को समझाया गया। उन्हें भरोसा दिया गया कि उनकी समस्याओं का जल्द समाधान किया जाएगा। दातागंज क्षेत्र में ब्लाक प्रमुख अतेंद्र विक्रम सिंह ने ग्रामीणों से मतदान करने की अपील की। जिसके बाद ग्रामीणों ने दोपहर को मतदान केंद्र पहुंचकर मतदान शुरू किया तब कहीं जाकर जिला प्रशासन ने राहत की सांस ली।

बिसौली क्षेत्र के ग्राम ललुआ नगला, मुसिया नगला, वीधा नगला, भरतपुर, डरेला आदि गांवों में बिजली की समस्या बनी रहती है। ग्रामीणों ने इस क्षेत्र में बिजली घर बनवाने की मांग कई बार की, मगर बिजलीघर नहीं बन सका जिससे परेशान होकर गांव के लोगों ने आज मतदान का बहिष्कार कर दिया। मतदान का बहिष्कार करने की सूचना मिलने पर पूर्व विधायक कुशाग्र सागर गांव पहुंच गए। उन्होंने ग्रामीणों को समझाया और क्षेत्र में बिजली घर बनवाने का आश्वासन दिया। कुशाग्र सागर ने कहा कि मतदान न करके कोई कार्य नहीं कराया जा सकता। आप लोगों की मांग पर विचार किया जाएगा। बिसौली विधायक आशुतोष मौर्य ने भी जल्द समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा इस मामले में शासन से बात की जाएगी और प्रयास होगा कि जल्द से जल्द बिजलीघर बनाया जा सके। पूर्व विधायक के आश्वासन पर ग्रामीण मतदान करने को तैयार हुए। सुबह आठ बजे से लेकर दस बजे तक करीब दो घंटे तक मतदान बंद रहा। आश्वासन मिल जाने के बाद लोगों ने मतदान किया।


ग्रामीणों को समझाते पूर्व विधायक कुशाग्र सागर। ● अमृत विचार

### पहले किया बहिष्कार फिर समझाने पर डाले वोट



दातागंज क्षेत्र के ग्राम रुकुमपुर ,गाजीपुर, अमृतापुर में सड़क व अन्य विकास कार्य न होने के कारण नाराज मतदाताओं ने मतदान का बहिष्कार कर दिया। विधायक राजीव कुमार सिंह के पुत्र ब्लाक प्रमुख अतेन्द्र विक्रम सिंह ने गाजीपुर के मझरा अमृतापुर पहुंच कर नाराज मतदाताओं को समझाया। ब्लाक प्रमुख के समझाने के बाद 10 बजे मतदान शुरु हुआ। वही गांव रुकुमपुर में सड़क न बनने को लेकर ग्रामीणों ने मतदान का बहिष्कार किया। ब्लाक प्रमुख ने सांसद धर्मेन्द्र कश्यप से फोन पर बात कराई । सांसद द्वारा आश्वासन देने पर 11 बजे मतदान शुरू हुआ।

### रोड नहीं तो वोट नहीं के ग्रामीणों ने लगाए नारे




ओरछी। ग्राम पंचायत ढोरनपुर के ग्रामीणों ने मतदान के दिन रोड की मांग को लेकर सड़कों पर उतर कर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने रोड नहीं तो वोट नहीं के नारे लगाए। मतदान का बहिष्कार करने की सूचना पर तहसील प्रशासन के पसीने छूट गए। तहसील प्रशासन के अधिकारी दोपहर बाद गांव पहुंचे। ग्रामीणों को समझाया और रोड बनवाने का आश्वासन दिया, तब लोगों ने मतदान केंद्र पर पहुंच कर मतदान किया। विकासखंड आसफपुर क्षेत्र के गांव ढोरनपुर में आसफपुर-चंदौसी मार्ग हाईवे से लगभग डेढ़ किलोमीटर गांव तक कच्चा मार्ग है। कच्चे रोड पर गड्ढे होने से बारिश में जलभराव हो जाता है। इस रोड को बनवाने को लेकर कई सालों से ग्रामीण जनप्रतिनिधियों से मांग कर रहे हैं मगर रोड नहीं बन सका। मंगलवार को मतदान केंद्र गांव में बनाया गया। सुबह से मतदान कर्मी मतदान केंद्र पर बैठे रहे। कोई भी व्यक्ति वोट डालने नहीं पहुंचा। ग्रामीण एकत्र होकर सड़कों पर आ गए। हाथों में पोस्टर लेकर नारेवाजी करने लगे। ग्रामीणों ने कहा कि रोड नहीं तो वोट नहीं। पूरा गांव दोपहर तक प्रदर्शन करता रहा। हंगामा होता रहा। इसकी सूचना जिला प्रशासन को दी गयी जिसके बाद जिला प्रशासन के हाथ पैर फूल गए।सड़क पर प्रदर्शन कर रहे लोगों को नायब तहसीलदार अच्छन खां ने समझाया और मतदान करने की अपील की। ग्रामीणों ने कहा कि वह हर वार ठगे जाते हैं। उन्हें भरोसा दिया जाता है मगर रोड कोई नहीं बनवाता है। जिससे कच्चे मार्ग पर जलभराव होने से लोग चोटिल होते रहते हैं। मगर कोई ध्यान देने को तैयार नहीं है। इसलिए ग्रामीण मतदान नहीं करेंगे। तहसीलदार विजय कुमार शुक्ला व हल्का लेखपाल दिनेश चंद्र शर्मा, थानाध्यक्ष वेदपाल सिंह ने ग्रामीणों को करीब एक घंटे तक समझाया। उन्हें भरोसा दिया गया कि इस रोड के निर्माण पर जल्द फैसला लिया जाएगा। हर हाल में रोड बनवाया जाएगा।अधिकारियों के समझाने पर दोपहर 12 बजे ग्रामीण मतदान केंद्र पहुंचे और और मतदान किया। ग्रामीणों के मतदान करने पर तहसील प्रशासन ने राहत की सांस ली।

### दिन भर कोशिश के बाद आठ वोट ही डलवा सके अधिकारी



करियामई। विकासखंड इस्लामनगर क्षेत्र के ग्राम पंचायत पुरदलपुर व खुशहालपुर के ग्रामीणों ने बिजली समस्या को लेकर लोकसभा चुनाव का बहिष्कार कर दिया। ग्रामीणों ने कहा कि तीन साल से पुरदलपुर, खुशहालपुर सहित करीब आधा दर्जन गांवों में कम वोल्टेज की मार झेलनी पड़ रही है। कई बार लिखित शिकायत शासन प्रशासन से की गयी। बिजली समस्या को लेकर किसान फसलों की सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं। फसलें सूखती हैं इसलिए आज मतदान का बहिष्कार किया गया है। ग्रामीणों के मतदान बहिष्कार की सूचना पर एसडीएम सहसवान व ब्लॉक प्रमुख इस्लामनगर गजेंद्र पाल सिंह, थानाध्यक्ष इस्लामनगर हरेंद्र सिंह पुलिस बल के साथ पुरदलपुर गांव पहुंचे। ग्रामीणों को समझाने का काफी प्रयास किया, लेकिन ग्रामीण अपनी मांग पर अड़े रहे, उसके बाद एसडीएम बिल्सी ने गांव पहुंच कर आशा, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, रसोइया, सहायिका, राशन डीलर सहित करीब आठ वोट डलवाए। वहीं खुशहालपुर ग्राम पंचायत के मतदान स्थल में दो पोलिंग बूथ बनाए गए, जिसमें पड़ोसी गांव धर्मपुर भी शामिल था जिसमें बूथ संख्या 148, 149 में धर्मपुर के ग्रामीणों ने वहां मतदान किया जबकि बिजली समस्या को लेकर खुशालपुर के ग्रामीणों ने मतदान नहीं किया।


उसावां नगर पंचायत की चेयरमैन प्रियंका सिंह ने अपने पति अनिल सिंह चौहान के साथ जाकर डाला वोट। कस्बा के लोगों को भी किया जागरूक।


एमएलसी वागीश पाठक, उनके पिता पूर्व विधायक प्रेम स्वरूप पाठक और भाजपा के जिला उपाध्यक्ष शारदेंदु पाठक ने किया मतदान।


जीआईसी में मतदान के बाद पत्नी के साथ सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता।


केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा ने परिवार के साथ उझानी में किया मतदान।


परिवार के साथ जाकर भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव गुप्ता ने डाला वोट। ● अमृत विचार

# जनप्रतिनिधियों ने डाला वोट लोगों को किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** लोकतंत्र के पर्व को लेकर सभी में उत्साह दिखाई दिया। सुबह सात बजे मतदान शुरू होने से पहले ही मतदाता मतदान केंद्रों पर पहुंचने लगे और मतदान शुरू होते ही ईवीएम का बटन दबाकर इस पर्व में आहुति दी। जनप्रितनिधियों ने भी मतदान कर लोगों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए जागरूक किया।

मंगलवार को जिले भर में बनाए गए मतदान केंद्रों पर मतदाताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। एक ओर जहां राजनैतिक दलों के प्रत्याशियों के पोलिंग एजेंट मतदाताओं को पर्चियां उपलब्ध कराने में जुटे रहे वहीं दूसरी ओर कार्यकर्ता मतददाओं को घर-घर जाकर मतदान केंद्रों पर जाकर वोट डालने के लिए कहते रहे।

इस दौरान शारीरिक रूप से अक्षम कई मतदाताओं को कार्यकर्ता अपने साथ लेकर मतदान केंद्र तक गए और उनका वोट डलवाने के बाद उन्हें वापस उनके घर पहुंचाया। वहीं पूरे दिन अधिकारी भी मतदान को सकुशल संपन्न कराने के लिए मतदान केंद्रों पर नजर रखे रहे। जिले की सीमाओं पर भी दिनभर बाहर से आने वालों पर नजर रखी गई।


स्याही दिखाते शाह समाज फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष शीराज आलम।


हरप्रसाद सिंह पटेल ने परिवार के साथ जाकर किया मतदान।


चेयरमैन फात्मा रजा ने पति पूर्व विधायक आबिद रजा के साथ पशु चिकित्सालय में बूथ पर जाकर किया वोट।


राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त शिक्षक प्रवीण कुमार ने पत्नी के साथ जाकर किया मताधिकार का प्रयोग।


बेटे यश मसीह के साथ उंगली पर लगी स्याही दिखाते अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व सदस्य मनोज मसीह।


वोट डालकर आने के बाद बच्चों के साथ सेल्फी लेते सर्राफा व्यापारी हरिकिशन वर्मा।

# सुबह-शाम दिखा जोश, दोपहर में केंद्रों पर पसरा रहा सन्नाटा


कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** गर्मी का सितम जारी है। तेज धूप के कारण मौसम सुबह से ही गर्म रहा। रही सही, कसर गर्म हवाओं ने पूरी कर दी। भीषण गर्मी और लू ने लोगों को बेहाल कर दिया। इसका प्रभाव मतदान के समय देखने को मिला। सुबह के समय जहां बूथों पर मतदाताओं की लंबी लाइन लग गई। वहीं दोपहर में पूरी तरह से सन्नाटा पसर गया। शाम करीब चार बजे मौसम में नरमी आने पर फिर से बूथों पर रौनक लौटी।

मंगलवार को अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस ओर न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। सुबह दस बजे के बाद मौसम गर्म होने का असर मतदान प्रक्रिया पर देखने को मिला। सुबह नौ बजे तक मतदान केंद्रों के बाहर वोट डालने के लिए लोगों की कतारें लगी हुई थीं। जैसे ही मौसम गर्म हुआ वैसे ही लोगों की संख्या बूथों पर कम होने लगी। एक से दो बजे तक मतदान केंद्रों पर सन्नाटा पसर गया। लोग घरों में कैद हो गए। जिसके कारण सड़कों के साथ ही गली-मोहल्लों में भी सन्नाटा पसर गया। जिसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि सुबह नौ बजे तक बदायूं संसदीय सीट पर 12 प्रतिशत मतदान हुआ था। जो कि 11 बजे तक 26.02 जा पहुंचा। इसके बाद मतदान की रफ्तार थम सी गई। 11 बजे से एक बजे के बीच मात्र आठ प्रतिशत ही मतदान में वृद्धि हुई। एक बजे तक 34.97 प्रतिशत मतदान हो सका। शाम को तीन बजे के बाद सूर्य के तेवर कुछ ढीले पड़े इसके बाद लोगों ने घरों से निकलना शुरू किया। शाम पांच बजे तक लगभग 54.31 प्रतिशत मतदान हुआ।


बिल्सी के बसंत नगर स्थित मतदान केंद्र पर सुबह 11 बजे पसरा सन्नाटा।


सहसवान में जिला पंचायत अध्यक्ष वर्षा यादव, उनके पति पूर्व एमएलसी जितेंद्र यादव ने डाला वोट। साथ में सहसवान ब्लॉक प्रमुख कृति यादव, विक्रांत यादव।



वोट डालने के बाद भाजपा के जिला महामंत्री शारदाकांत ने ली सेल्फी।

आवश्यकता है
अमृत विचार के बरेली संस्करण को
एकाउंटेंट की
अनुभव :- न्यूनतम 5 वर्ष का अनुभव
वेतन :- योग्यता अनुसार
इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा भेजें:-
9518031113, 8476006584
अमृत विचार
हेड ऑफिस : नजदीक सेटेलाइट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली


बिल्सी विधायक हरीश शाक्य और उनके पत्नी जिला पंचायत सदस्य रेखा शाक्य ने गांव कादराबाद के मतदान केंद्र पर मत का प्रयोग किया।

सख्ती का असर | दो पहिया वाहनों पर आते-जाते दिखे लोग

# सड़कों पर पसरा सन्नाटा, कर्फ्यू जैसा रहा माहौल

- जनपद की सीमाओं पर दिनभर होती रही वाहनों की चेकिंग जरूरी काम से ही निकले लोग
- रोडवेज बसों के अलावा शहर में नहीं आए अन्य वाहन
- तेज गर्मी के कारण घरों से नहीं निकले लोग

कार्यालय संवाददाता, बदायूं


**अमृत विचार :** मतदान दिवस पर शहर में कर्फ्यू जैसा माहौल रहा, बड़े वाहन सड़कों पर दिखाई नहीं दिए जिससे दूर दराज से आने वाले लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़। तेज गर्मी और कड़क धूप में लोग घरों से बाहर नहीं निकले। पुलिस प्रशासन ने ऑटो और ई-रिक्शा को शहर से बाहर ही रोक दिया जिससे शहर में सड़कें सूनी रहीं।

मंगलवार को मतदान के दौरान पुलिस ने रोडवेज बसों के अलावा किसी बड़े वाहन को शहर के अंदर नहीं आने दिया। ऑटो, ई-रिक्शा शहर के बाहर ही रोक दिए गए। शहर में कर्फ्यू जैसी स्थिति रही।


मंडी समिति के निकट सूनसान सड़क पर जाता बाइक सवार।

मुरादाबाद की ओर से आने वाले वाहनों को नवादा चौकी के निकट खड़ा करा दिया गया। दो पहिया वाहन से आने वालों को नहीं रोका गया जिससे सड़कों पर बाइकें तो दिखीं मगर ऑटो और ई-रिक्शा शहर के अंदर दो बजे तक नजर नहीं आए। चार बजे के बाद कुछ ऑटो, रिक्शा शहरी क्षेत्र में घूमते देखे गए। दोपहर तक पूरा शहर सुनसान रहा। मतदान करने वाले लोग सड़कों पर दिखे। बाजार बंद होने के कारण पूरी तरह सन्नाटा पसरा रहा। प्राइवेट बस स्टैंड पर एक भी बस नहीं दिखी। इन बसों को पहले ही प्रशासन ने अपने कब्जे में ले लिया था। आंवला, बिल्सी, इस्लाम नगर बस स्टैंड पर सन्नाटा छाया रहा। चार बजे तक लालपुल क्षेत्र में सड़कें सूनी रहीं। कचहरी से लेकर लालपुल तक रोड पर बाइक तो दिखीं, मगर ऑटो, ई रिक्शा नजर नहीं आए। शहर के बाजारों में बच्चे रोड पर खेलते रहे। मंडी समिति स्थित फर्रुखाबाद रोड पर लोग दो पहिया वाहनों से आते-जाते दिखे। दातागंज चौराहे पर ऑटो ई रिक्शा रोक कर बाइक चालकों को अंदर जाने की अनुमति दी गयी। कुछ लोग पैदल ही शहर में आए और पैदल ही शहर से बाहर तक गए।

शाम चार बजे के बाद पुलिस प्रशासन ने कुछ ढील दी तो ऑटो रिक्शा शहर में दौड़ने लगे उसके बाद बाजारों में भी रौनक दिखी। ऑटो, ई-रिक्शा के चलने से सड़कों पर चहल पहल दिखी। लेकिन प्राइवेट बसें तथा अन्य वाहन नहीं दिखे। जैसे जैसे शाम होती गयी सड़कों पर वाहनों की आवाजाही बढ़ती गयी।

शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# लोकतंत्र के पर्व पर मतदाताओं ने दिखाया उत्साह, बढ़चढ़ कर की भागीदारी

## भाजपा, सपा और बसपा सहित 11 प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में हुआ कैद, शहर से लेकर गांवों के मतदान केंद्रों पर वोट डालने के लिए उमड़े मतदाता

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** बदायूं लोकसभा चुनाव के लिए तीसरे चरण में मंगलवार को मतदान के बाद 11 प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में कैद हो गया। शाम छह बजे तक 54.36 फीसदी मतदान हुआ। प्रशासन ने मतदान के लिए बदायूं सीट पर 2,117 बूथ बनाए थे। 2,004,704 मतदाताओं में से 54.53 फीसदी पुरुष और 45.47 फीसदी महिलाओं ने मतदान किया। मतदान समाप्ति के बाद देर रात तक पोलिंग पार्टियों ने मंडी समिति स्थित स्ट्रांग रूम में ईवीएम जमा कीं। अब 4 जून को मतगणना के बाद ही तय होगा कि बदायूं सीट से 18 वां सांसद कौन होगा।

- **जिले भर में अलर्ट रहा पुलिस बल, क्षेत्र में गश्त और वाहनों को चेक करते रहे उड़नदस्ते**

बदायूं संसदीय सीट पर मंगलवार को मतदान हुआ। सुबह साढ़े पांच बजे निर्वाचन कार्यालय की ओर से बूथों पर प्रत्याशियों व उनके एजेंट्स के सामने ईवीएम की मॉक पोल कराई गई। इस दौरान 40-40 वोट डाले गए। सब कुछ सही पाए जाने पर 7 बजे से मतदान प्रक्रिया शुरू करा दी गई। हालांकि कुछेक बूथों पर ईवीएम में तकनीकी गड़बड़ी सामने आई। इससे मतदान कुछ समय प्रभावित हुआ। इधर, मतदाता पर्चियां न मिलने के कारण हजारों लोग वोट डालने से वंचित रह गए।

सुबह 9 बजे 13 फीसदी वोट पड़ने की जानकारी जिला निर्वाचन आयोग द्वारा दी गई। इसके बाद जैसे-जैसे सूरज की तपिश बढ़ी मतदाताओं के कदम भी रुकने शुरू हो गए। शाम तीन बजे के बाद मौसम का रुख नरम होने के घरों से निकले। आसमान में हल्के बादल छाने और गर्म हवा की गति धीमी होने के बाद लोगों बूथों पर पहुंचकर मतदान किया। शाम छह बजे तक सिर्फ 54.36 फीसदी मतदान हुआ। मतदान के दौरान जिलेभर के मतदाताओं के मन में स्थानीय मुद्दे हावी रहे। बिल्सी, बिसौली, सहसवान विधानसभा क्षेत्र के आधा दर्जन से अधिक गांवों में लोगों ने विकास कार्य न होने की नाराजगी के चलते मतदान का बहिष्कार कर दिया। हालांकि समझाने के बाद कुछ जगह दोपहर तक मतदान शुरू हो पाया।


बदायूं के एक मतदान केंद्र पर वोट डालने के लिए लाइन में खड़े पुरुष मतदाता। ● अमृत विचार


मतदान केंद्र राजकीय कन्या इंटर कॉलेज बदायूं में वोट डालने को लाइन में खड़ीं मुस्लिम महिलाएं। ● अमृत विचार

### इस प्रकार बढ़ा मतदान का ग्राफ

| | |
|---|---|
| सुबह 9 बजे | 13 प्रतिशत |
| सुबह 11 बजे | 26 .02 प्रतिशत |
| दोपहर 01 बजे | 37 .23 प्रतिशत |
| दोपहर 03 बजे | 45 .71 प्रतिशत |
| शाम 05 बजे | 52 .90 प्रतिशत |
| शाम 06 बजे | 54 .36 प्रतिशत |

### विधानसभा वार मतदान की स्थित

| | |
|---|---|
| गुन्नौर | 53 .78 प्रतिशत |
| बिसौली | 55 .12 प्रतिशत |
| सहसवान | 53 .16 प्रतिशत |
| बिल्सी | 54 .2 प्रतिशत |
| बदायूं | 55 .41 प्रतिशत |

### चप्पे-चप्पे पर तैनात रही पुलिस, अधिकारियों ने किया दौरा

मतदान के दौरान 50 फीसदी मतदान केंद्रों की सीसीटीवी से निगरानी की गई। दूसरी ओर, चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात रहा और अधिकारियों ने जिलेभर में दौरा किया। डीएम/जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार ने एसएसपी आलोक प्रियदर्शी के साथ जिलेभर के मतदान केंद्रों पर जाकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। सुरक्षा के लिहाज से जिले को 24 जोन एवं 225 सेक्टरों में बांटा गया था। भयमुक्त और निष्पक्ष मतदान कराने के लिए शासन ने भारी संख्या में सुरक्षाकर्मी लगाए थे। इसके अलावा चुनावी गतिविधियों पर निगहबानी के लिए 54 एफएसटी, 18 वीएसटी, 6 लेखा टीम, 6 वीडियो निगरानी टीम तथा सहायक व्यय प्रेक्षक नियुक्त किए गए थे।


चौराहे पर एकत्रित भीड़ को हटाते पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार


बीएलओ के पास पर्ची लेने के लिए पहुंचे मतदाता। ● अमृत विचार


घूंघट में वोट डालने के लिए बारी का इंतजार करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार


ककराला के असरार इस्लामिक हायर सेकेंडरी स्कूल के बाहर लगी लाइन।


मतदान संपन्न होने के बाद सुरक्षाकर्मियों के साथ ईवीएम मशीन को लेकर मंडी समिति जाते कर्मचारी। ● अमृत विचार

### हर दो घंटे में चुनाव आयोग को दी सूचना

मंगलवार को तीसरे चरण के मतदान के दौरान बदायूं संसदीय और आंवला सीट पर मतदान हुआ। मतदान पर चुनाव आयोग भी अपनी पैनी नजर गढ़ाए रहा। हर दो घंटे में मतदान के प्रतिशत के अलावा अन्य जरूरी जानकारियां चुनाव आयोग को अधिकारियों द्वारा दी जाती रहीं।

### कई केंद्रों पर नहीं थी बिजली की व्यवस्था

लोकसभा चुनाव में 50 फीसदी मतदान कक्षों के अंदर व बाहर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे। इसके बाद भी चुनाव आयोग की गाइड लाइन का पालन नहीं हो सका। कई केंद्रों पर बिजली के पर्याप्त इंतजाम दिखाई नहीं दिए। आसफपुर ब्लॉक क्षेत्र के एक मतदान केंद्र पर पोलिंग पार्टियों को पूरी रात बिना बिजली के गुजारनी पड़ी। वहीं कई केंद्रों पर लोग धूप में ही अपनी बारी का इंतजार करने को मजबूर थे। इसके अलावा पेयजल की भी व्यवस्था करने का दावा किया गया था, लेकिन अधिकांश केंद्रों पर पानी की व्यवस्था नहीं दिखी।


कंट्रोल रुम में शिकायतों का निस्तारण करते सहायक निर्वाचन अधिकारी डॉ वैभव शर्मा।


वोट डालकर बाहर निकलते दिव्यांग मतदाता को सहारा देते पुलिस कर्मी।


पहला वोट डालने पर प्रसन्न मुद्रा में युवतियां।


वोट डलवाने के बाद बहन को गोद में लेकर जाता युवक।



पत्नी के साथ वोट डालने के बाद कवि अक्षत अशेष ।


वोट डालकर घर जाता परिवार। ● अमृत विचार


मतदान केंद्र के अंदर मोबाइल ले जाने पर रोकता पुलिस कर्मी।

## एक नजर

### मोबाइल लेकर पहुंचे लोग वायरल किए वीडियो



**बदायूं।** प्रतिबंधित होने के बाद भी बहुत से लोग मोबाइल फोन लेकर मतदान केंद्रों के बूथों में भीतर पहुंच गए। अपना वोट डालने के बाद फोटो खींचा तो किसी ने वीडियो बनाई। मतदान केंद्र के बाहर निकले और अपने फोटो व वीडियो सोशल साइट्स पर वायरल कर दिए।

### पुलिस पर वोट डालने गए युवक को पीटने का आरोप

**बदायूं।** थाना अलापुर क्षेत्र के कस्बा ककराला निवासी मोहम्मद अनस ने पुलिस पर उसे पीटकर मतदान केंद्र से भगाने का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि वह दोपहर लगभग एक बजे कस्बा ककराला के मतदान केंद्र पर वोट डालने गए थे। जहां पुलिसकर्मी ने कहा कि घर जाओ अब वोट नहीं पड़ेंगे। वह मतदान केंद्र से लौट गए। कुछ देर के बाद दोबारा जाकर वोट डाला।

### पुलिस पर पोलिंग एजेंट से वोटर लिस्ट छीनने का लगा आरोप

**इस्लामनगर।** समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पुलिस पर सपा का बस्ता और पर्ची समेत सामान उठाकर ले जाने और लाइन में लगीं मुस्लिम महिलाओं से पर्ची छीनने आरोप लगाया है। एक पोलिंग एजेंट ने भी थाना प्रभारी पर वोटर लिस्ट छीनने का आरोप लगाया है। कार्यकर्ताओं की शिकायत पर सपा प्रत्याशी आदित्य यादव इस्लामनगर स्थित जूनियर हाईस्कूल में बनाए गए मतदान केंद्र पर पहुंचे। जहां लोग मतदाता पर्ची बनवाने को घूमते मिले। आदित्य यादव ने डीएम, एसएसपी और एसडीएम से शिकायत की। मतदान केंद्र से ही किसी को फोन कर निर्वाचन आयोग को पत्र भेजकर इस केंद्र पर दोबारा मतदान कराने की मांग करने की बात कही। वहीं उसहैत के समाज कल्याण पूर्व माध्यमिक विद्यालय में बनाए गए मतदान केंद्र पर पर्ची नहीं मिलने से कई लोग वोट नहीं डाल सके।

### सौ साल की सद्दीकन ने डाला वोट


बदायूं में लोकतंत्र के पर्व पर बुजुर्गों में भी मताधिकार को लेकर भारी उत्साह देखने को मिला। शहर के मोहल्ला खंडसारी निवासी करीब सौ साल की सद्दीकन अपनी बेटी शबनम के साथ ई-रिक्शा से मतदान केंद्र नगर पालिका इंटर कॉलेज पहुंचीं। वहां व्हील चेयर पर बैठाने के बाद आगे बढ़ाने में परेशानी हुई तो वहां तैनात अर्द्धसैनिक बल के जवान ने व्हीलचेयर ले ली और सद्दीकन को बूथ तक पहुंचाया।
– ऋषिदेव गंगवार


लोकतंत्र के पर्व में आहुति देने से दिव्यांगता भी भरतपुर के राजाराम को नहीं रोक सकी। बिना किसी की मदद के जाकर उन्होंने मतदान किया।

# आड़े नहीं आई दुर्दशा, जलभराव लांघ वोट डालने पहुंचे

ऋषिदेव गंगवार, बदायूं

**अमृत विचार :** एक तरफ गांवों में विकास न होने और मांग करने के बाद भी समस्याओं का निस्तारण न होने पर ग्रामीणों ने मतदान का बहिष्कार किया। वहीं विधानसभा बिल्सी क्षेत्र के ऐसे भी गांव हैं जहां लोग समस्याओं से जूझ रहे हैं। गांव के मुख्य मार्ग की दुर्दशा है लेकिन यहां के ग्रामीणों ने इस दुर्दशा को आड़े नहीं आने दिया। उन्होंने बूथ पर जाकर वोट किया फिर घर आकर काम किया।

विधानसभा बिल्सी क्षेत्र के गांव जिरौलिया में बने मतदान केंद्र पर जाने वाली मुख्य सड़क पर जलभराव है। कई बार मांग करने के बाद भी समस्या दूर नहीं की गई। इसके बाद भी ग्रामीण दूसरे मांर्गों से होकर मतदान केंद्र तक पहुंचे। कई गांवों को जोड़ने वाली गांव अल्लापुर भोगी की मुख्य सड़क पर हमेशा ही जलभराव रहता है। गांव के पुरुष और महिला वोटर इस जलभराव और कीचड़ को लांघते हुए मतदान केंद्र तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों से नाराजगी तो चुनाव के बाद भी दिखाई जा सकती है लेकिन पहले मतदान जरूरी है। गांव कुरऊ के बहुत से ग्रामीणों ने पहले मतदान किया और फिर तपती धूप में जाकर खेत पर काम किया।

गांव निवासी चरन सिंह भी उनमें से एक हैं। जिन्होंने परिवार के साथ पहले वोट दिया फिर खेत में खड़ी गेहूं की फसल काटी। इसी गांव के किशन की सोमवार को जूस पेरते समय तीन उंगलियां कट गई थीं। इसके बाद भी उन्होंने पहले वोट दिया और फिर बिल्सी मार्ग पर जाकर गन्ने का रस बेचा।


गांव अल्लापुर भोगी में जलभराव व कीचड़ पार करके मतदान करने जातीं महिलाएं।


वोट देने के बाद गेहूं की कटाई करते चरन सिंह।


वोट डालने के बाद गन्ने का रस बेचता किशन।

### कर्मचारियों किया लंच तो मतदाताओं ने किया इंतजार

चुनाव में जिला प्रशासन की ओर से पिछली बार के मुकाबले बेहतर व्यवस्था की गई थी। ज्यादातर बूथों पर लाइन नहीं लगी। चुनाव के दौरान मतदानकार्मिकों ने लंच किया तो मतदाताओं ने पेड़ की छांव में बैठकर अपनी इंतजार किया। कहा कि अब घर अपना वोट डालकर ही जाएंगे। महिलाएं अपने संस्कारों के साथ मुंह ढककर बैठी रहीं।

# मधु, सुषमा, ममता, ज्ञानदेवी ने डाले वोट

संवाददाता, बिल्सी

**अमृत विचार :** नगर में बनाए गए 21 बूथों पर सुबह से ही मतदान की गति काफी धीमी देखी गई। लोग काफी कम संख्या में मतदान केंद्र पर पंहुचे। नगर पालिका परिषद की चेयरमैन ज्ञानदेवी सागर ने अपने पति ओम प्रकाश सागर के साथ नगर के नन्नू मल जैन इंटर कॉलेज, पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं भाजपा नेता ममता शाक्य ने अपने गांव बांस बरोलिया, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मधु चंद्रा और नगर पालिका परिषद की पूर्व चेयरमैन सुषमा मौर्य ने अपने परिवार के साथ नगर के एनए इंटर कॉलेज, वार्ड संख्या 11 की सभासद खुर्शीद बानो ने नगर पालिका परिषद बूथ पर जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सहसवान में 18 साल की उम्र पूरी करने के बाद पहली बार अपने मत का प्रयोग करने वाले युवा-युवतियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। बीएससी की छात्रा उमंग एवं एमकॉम की छात्रा सुरभि ने पन्नालाल नगर पालिका इंटर कॉलेज में अपने मत का प्रयोग किया।


उंगली पर लगी स्याही दिखातीं चेयरमैन ज्ञानदेवी सागर अपने पति ओमप्रकाश सागर के साथ।

### ईवीएम हुईं खराब एसडीएम ने पहुंचकर दूर कराई दिक्कत

**बदायूं, अमृत विचार:** मंगलवार को जिले के सभी 2577 पोलिंग बूथों पर सुबह सात बजे मतदान शुरू हुआ। मॉक पोल के समय ही बिल्सी विधानसभा क्षेत्र के गांव सिरकी दम्मू, शेखूपुर विधानसभा में आवास विकास कॉलोनी स्थित राजकीय डिग्री कॉलेज, गांव करौलिया, कस्बा ककराला में कई बूथों पर ईवीएम में खराबी आने पर एसडीएम सदर ने पहुंचकर खराबी को दूर कराया। करीब दस बजे के बाद मतदान शुरू हो सका।

# खुद लड़े चुनाव लेकिन अपने पक्ष में वोट नहीं डाल सके प्रत्याशी

- **भाजपा प्रत्याशी दुर्विजय सिंह ने बरेली, बसपा प्रत्याशी मुस्लिम खां ने ककराला में डाला वोट**

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में 11 प्रत्याशियों ने भाग्य अजमाया। जिसमें भाजपा प्रत्याशी दुर्विजय सिंह शाक्य और सपा प्रत्याशी आदित्य यादव के बीच टक्कर मानी जा रही है। वहीं बसपा प्रत्याशी हाजी मुस्लिम खां भी अच्छे वोट ले जाएंगे। लेकिन यह तीनों प्रत्याशी चुनाव तो लड़े लेकिन अपने पक्ष में ही वोट नहीं डाल सके। दो प्रत्याशियों ने अन्य प्रत्याशियों के पक्ष में वोट किया। भाजपा प्रत्याशी ने बरेली लोकसभा के प्रत्याशी को बरेली में अल्मा मातेर डे पब्लिक स्कूल में वोट दिया। वहीं बसपा प्रत्याशी हाजी मुस्लिम खां ने आंवला लोकसभा प्रत्याशी के पक्ष में कस्बा के फलाह ए आम इस्लामिक इंटर कॉलेज में मतदान किया। वहीं सपा प्रत्याशी आदित्य यादव का सैफई में वोट होने की वजह से मतदान नहीं कर सके।


बरेली में मतदान के बाद स्याही का निशान दिखाते भाजप प्रत्याशी दुर्विजय सिंह शाक्य व उनकी पत्नी।


मतदान करने के बाद स्याही दिखाते बसपा प्रत्याशी हाजी मुस्लिम खां।

# गोद में नवजात, गेट तक पैदल चल कर गई प्रसूता

## जिला महिला अस्पताल में प्रसूता को नहीं मिली व्हील चेयर, प्रसूताएं झेलती हैं दिक्कत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** जिला महिला अस्पताल में प्रसूताओं के लिए कोई सुविधा नहीं मिलती। अस्पताल से छुट्टी करा कर जाने वाली प्रसूताओं को न ही व्हील चेयर मिलती और न ही उन्हें सरकारी वाहन उपलब्ध कराया जाता है। मंगलवार को भी एक प्रसूता को डिस्चार्ज करने के बाद वार्ड से बाहर आने के लिए न तो व्हील चेयर उपलब्ध कराई गई और न ही घर तक पहुंचाने के लिए सरकारी एंबुलेंस। इसके चलते वह अपने नवजात को गोद में लेकर पैदल ही बाहर तक आई और फिर परिवारवाले ऑटो से उसे घर ले गए।

ब्लॉक जगत क्षेत्र के गांव इकराम नगर गोटिया निवासी सहाना को परिजनों ने सोमवार को प्रसव के लिए जिला महिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां सोमवार देर रात सहाना ने पुत्र को जन्म दिया। अस्पताल प्रशासन ने मंगलवार दोपहर को उसकी छुट्टी कर दी। जिसके बाद प्रसूता को व्हील चेयर नहीं दी गयी। डगमगाती साहना तीसरी मंजिल से किसी तरह पैदल चल कर अपने परिजनों के सहारे नीचे आयी। सहाना की गोद में नवजात भी था। सहाना चल भी नहीं पा रही थी। परिजनों का कहना था कि उसे ऊपर से नीचे लाने के लिए व्हील चेयर की मांग की गयी, तो कह दिया गया कि आज कोई कर्मचारी नहीं है। आप खुद प्रसूता को नीचे ले जाओ। जिसके बाद परिजन प्रसूता को पकड़ कर किसी तरह नीचे लाए। परिजनों ने घर तक पहुंचाने के लिए सरकारी एंबुलेंस 102 की मांग की, तो बताया गया कि आज कोई वाहन नहीं है। परेशान परिजन ऑटो से प्रसूता को अपने गांव ले गए।

जिला महिला अस्पताल में गांव देहात से आने वाली गर्भवती महिलाओं को व्हील चेयर नहीं मिलती है। उन्हें सीढ़ियां चढ़ कर ही तीसरी मंजिल तक जाना पड़ता है। इस बात को लेकर सीएमएस से कई बार शिकायत भी की गई, मगर कुछ नहीं हुआ। यहां के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी व्हील चेयर को हाथ भी नहीं लगाते हैं। अक्सर इस बात को लेकर बाद विवाद होता रहता है। इसी तरह आज अन्य कई प्रसूताओं को भी व्हील चेयर नहीं दी गयी। वह लोग किसी तरह ऊपर से नीचे आए और अपने वाहनों से ही प्रसूताओं को घर तक लेकर गए।


नवजात को गोद लेकर जिला महिला अस्पताल से बाहर निकलती प्रसूता।

### घर से मंगाकर खाया खाना

जिला महिला अस्पताल में भर्ती प्रसूताओं को आज खाना भी देर से मिला। कई प्रसूताओं ने बताया कि यहां सुबह 11 बजे और शाम को खाना दिया जाता है। लेकिन आज दोपहर को करीब एक बजे उन्हें खाना दिया गया। तब तक अधिकांश प्रसूताओं ने अपने घरों से खाना मंगा लिया, जबकि कुछ ने बाजार से हल्का फुल्का भोजन या फल मंगा कर खाए।

मतदान दिवस के कारण आज सार्वजनिक अवकाश था। अवकाश में सभी स्टाफ अपने घर पर है। इसलिए कुछ दिक्कत रही। वह खुद आज अस्पताल में हैं जिससे यहां पर कर्मचारी लापरवाही न करें। स्वास्थ्य कर्मचारियों की कमी से प्रसूताओं और गर्भवती महिलाओं को भी दिक्कत हुई है। महिलाओं को आज अपने वाहनों से ही आना जाना पड़ा है। -डॉ. इंदु कांत वर्मा, सीएमएस।

- परिजन बोले-यहां नहीं सुनता कोई भी कर्मचारी

## खेलते समय कीड़े के काटने से बच्चे की मौत

**मुजरिया।** थाना मुजरिया क्षेत्र के गांव भुजपुरा टप्पा जैमिनी निवासी हम्म सिंह का 10 साल का बेटा आकाश गांव के प्राथमिक विद्यालय में कक्षा पांच का छात्र था। वह अपने सहपाठियों के साथ खेल रहा था। इसी दौरान आकाश गांव के पूर्व दिशा में खाली मकान में चला गया। उसने मकान की छत से नीचे आ रहे पानी के पाइप में हाथ डाला। उसे किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया। वह बेहोश हो गया। बच्चों की सूचना पर परिजन पहुंचे और आकाश को जिला अस्पताल ले गए। जहां उसकी मौत हो गई। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया। गांव के पास शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

# ककराला में बीच सड़क पर गिरा खंभा, बिजली गुल

संवाददाता, ककराला

**अमृत विचार :** मंगलवार सुबह हवा चल रही थी। लोग कामकाज के लिए घरों से बाहर निकले। इसी बीच सुबह साढ़े आठ बजे अलापुर चौराहे पर खड़ा बिजली का खंभा बीच सड़क पर गिर गया। जिससे मोहल्ले में भगदड़ मच गयी। खंभा गिरने की सूचना मिलने पर चौकी पुलिस पहुंची और सप्लाई बंद कराई उसके बाद सड़क पर लोगों का आवागमन बंद कर दिया। जिससे कोई बड़ा हादसा न हो सके। गनीमत रही कि जिस समय खंभा गिरा तब वहां पर कोई नहीं था जिससे दुर्घटना होने से बच गयी।

ककराला में आज सुबह अचानक खंभा गिर गया। उसे उठा कर वहीं पर खड़ा कर दिया गया है और कस्बे की सप्लाई शुरू करवा दी गयी है। जिससे लोगों को दिक्कत न हो। अब उस खंभे की जगह पर नया खंभा लगाया जाएगा। उसके लिए कुछ समय चाहिए। -आरएन वर्मा, अधिशासी अभियंता द्वितीय।

बिजली कर्मचारियों के न पहुंचने से लोगों में रोष पनप गया। सैकड़ों लोग उपकेंद्र पर पहुंच गये और हंगामा करने लगे। जिसके बाद कर्मचारी पहुंचे और पुलिस की मदद से केबल को हटाया। लोगों ने बताया कि यह खंभा नीचे से गल चुका था। जिसके बारे में कई बार एसडीओ और जेई को अवगत कराया जा चुका था। उच्चाधिकारियों को भी जर्जर खंभे के बारे में बताया जा चुका है मगर किसी ने ध्यान नहीं दिया। जिससे आज खंभा तेज हवा चलने के कारण गिर गया। नगर में करीब दो दर्जन खंभे गल चुके हैं। जो कभी भी गिर सकते हैं। विभाग को पता होने के बावजूद इन्हें बदला गया है और न ही कोई इंतजाम किया गया। लोगों का कहना है कि जब भी आंधी या तेज हवा चलती है तो लोग भय के कारण इन से दूर ही रहते हैं।


सड़क पर गिरे खंभे को देखते लोग। ● अमृत विचार

## मारपीट में घायल ई-रिक्शा चालक की मौत, हत्या का आरोप

**बिल्सी, अमृत विचार :** कोतवाली बिल्सी क्षेत्र के गांव सतेती निवासी ई-रिक्शा चालक की मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए सड़क पर शव रख जाम लगाने की कोशिश की। समझाने पर वह शांत हुए।

गांव निवासी ई-रिक्शा चालक संदीप कुमार (32) पुत्र विजय प्रकाश और गांव के दूसरे ई-रिक्शा चालक फईम अहमद का तीन दिन पहले झगड़ा हो गया। दोनों में मारपीट हुई थी। संदीप कुमार को अंदरुनी चोट आईं। परिजन निजी अस्पताल में उनका इलाज करा रहे थे। सोमवार को उनकी मौत हो गई। मंगलवार को शव का पोस्टमार्टम कराया गया। जिसके बाद परिजन शव लेकर गांव पहुंचे। हत्या का आरोप लगाते हुए सड़क पर शव रखकर जाम लगाने की कोशिश की। ग्रामीण ने पुलिस को सूचना दी। बिल्सी कोतवाल केके मिश्रा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। परिजनों को समझाकर शांत कराया। जांच कराकर आगे की कार्रवाई का आश्वासन दिया। बिल्सी कोतवाल ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया था। जिसके अनुसार युवक की मौत हार्टअटैक से होने की बात सामने आई है।

# ओपीडी बंद, मरीजों को नहीं मिल पाई दवा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** मतदान के चलते मंगलवार को जिला प्रशासन द्वारा सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया। जिला अस्पताल की ओपीडी में ताला लटका रहा। जबकि आपातकाल कक्ष में दो चिकित्सक सहित स्टाफ मौजूद रहा।

मंगलवार को जिले में मतदान के चलते सार्वजनिक अवकाश था। अवकाश होने के कारण स्वास्थ्य विभाग में सोमवार से अधिकांश चिकित्सक नहीं हैं। मंगलवार को केवल इमरजेंसी में चिकित्सक मौजूद रहे। जबकि ओपीडी में ताले पड़े रहे। स्वास्थ्य कर्मचारियों की कमी के कारण वार्ड में भर्ती मरीजों को परेशानी हुयी। अवकाश के कारण वार्ड में चिकित्सक भी मरीजों को देखने नहीं पहुंचे। जिससे मरीजों को वहीं पुरानी दवाएं लेनी पड़ीं। जिला अस्पताल में इमरजेंसी को छोड़ कर हर जगह सन्नाटा छाया रहा। कहीं कोई नजर नहीं आया। गंभीर मरीजों को देखने वाले चिकित्सक भी नहीं आए। कुछ मरीजों ने इमरजेंसी से चिकित्सकों को बुला कर अपनी समस्या बतायी, लेकिन उन्हें दवाएं नहीं मिल सकीं। जिला अस्पताल में नेत्र विभाग, आयुर्वेद विभाग में भी ताले पड़े रहे। राजकीय यूनानी विभाग में सोमवार को चिकित्सक नहीं थे, मंगलवार को ताले लटके रहे। जिला क्षय रोग विभाग भी बंद रहा। अवकाश होने की सूचना पहले से दी गयी थी इसलिए आज मरीज भी बाहर से नहीं आए।



जिला अस्पताल की ओपीडी में लटका ताला।

- जिला अस्पताल की इमरजेंसी में ही दिखे डॉक्टर

आज सार्वजनिक अवकाश होने के कारण स्टाफ नहीं दिखा। इमरजेंसी कक्ष में चिकित्सक मौजूद रहे। आईसीयू में कोई मरीज नहीं था फिर भी उसे तैयार रखा गया। ब्लड बैंक में चिकित्सक और दो अन्य स्टाफ सुबह से शाम तक मौजूद रहे। यहां पर सभी व्यवस्थाएं चाक चौबंद रखी गयीं। किसी दुर्घटना की संभावना के चलते हर तरह की तैयारी रखने के निर्देश दिए गए थे इसलिए ब्लड बैंक का स्टाफ शाम 3 बजे तक तैनात रहा। -डॉ. कप्तान सिंह, सीएमएस

# गंदगी से होकर गुजरे फिर डाला वोट

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** मतदान के दिन सार्वजनिक अवकाश होने के कारण शहर में सफाई कर्मचारी भी अवकाश पर रहे। जिससे शहर में जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे रहे। लोग वोट डालने को गंदगी से होकर गुजरे तो मुंह पर कपड़ा रख लिया।

मंगलवार को जिले भर में मतदान के चलते सार्वजनिक अवकाश था। जिससे शहर में गंदगी के ढेर लगे रहे। हर रोड पर कूड़ा पड़ा था। जो हवा में इधर उधर उड़ता रहा। शहर के अंदर की स्थिति और भी बदतर रही। मोहल्ला शहवाजपुर में कूड़ा सड़क पर पड़ा रहा। मतदान करने को इधर उधर बच कर लोग निकले। इसी तरह नई सराय की तंग गलियों में भारी गंदगी के कारण लोगों को परेशानी हुई। बरेली रोड पर जगह-जगह कूड़ा पड़ा होने से दास डिग्री कालेज में बने केंद्र तक पहुंचने में दिक्कत हुयी। शहर के बीचो बीच सुभाष चौक पर कूड़ा दो दिन से नहीं उठाया गया है, जिससे लोग मुंह पर कपड़ा रख कर निकले। लोगों ने बताया कि सफाई कर्मचारी दो दिन से नहीं आ रहे हैं। जिससे गंदगी के ढेर लग गए हैं।

छह सड़का की ओर भी गंदगी से सड़कें पटी रहीं, हालांकि आज पूरा बाजार बंद रहा फिर भी वोट डालने निकले लोग परेशान रहे। बड़े बाजार में जगह-जगह कूड़े के ढेर पड़े थे। इंदिरा चौक से लेकर एसके कालेज तक रोड पर कूड़ा बिखरा रहा। गोवंश कूड़े को खाती दिखीं। बाबूराम मार्केट में जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे दिखे। मंडी समिति के गेट पर भी गंदगी बनी रही। इधर दुकानें बंद होने के बाद भी लोग इधर उधर बैठे रहे। गंदगी को लेकर बातें करते दिखे। रोडवेज बस स्टैंड से लेकर पुलिस लाइन चौराहे तक जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे रहे। पुलिस लाइन चौराहे से कचहरी रोड तक जगह-जगह गंदगी फैली दिखी। इस रोड से अधिकारियों का निकलना रहा फिर भी सफाई नहीं कराई गयी।


सड़क किनारे लगा गंदगी का ढेर। ● अमृत विचार

- सार्वजनिक अवकाश होने के कारण नहीं पहुंचे सफाई कर्मी दुर्गंध से लोग परेशान

MAXLIFE SUPERSPECIALITY HOSPITAL & FAHMY IVF CENTRE
मैक्सलाइफ सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड फहमी आई.वी.एफ. सेन्टर
मालियों और ईसाइयों की पुलिया के बीच में, सिन्धू नगर, बरेली
डॉ. अनीस बेग M.B.B.S., D.C.H. Child Specialist नवजात शिशु एवं सिरीयस बच्चों के विशेषज्ञ आधुनिक नर्सरी वेंटीलेटर सी. पैप
डॉ. फैहमी खान M.B.B.S, D.G.O D.M.A.S., F.M.AS Gynaecologist IVF Specialist Fellowship in Laparoscopy स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ. अरशद रज़ा M.B.B.S., M.S., (Fmas) Laparoscopic Surgeon
डॉ. शरद खंडेलवाल MBBS MS (Gen.Surgery) Mch. (Plastic Surgery) Cosmetic Hair Transplant. Microvascular Reconstructive Surgeon
डॉ. दीपक कुमार M.B.B.S., M.S., M.C.H Neurosurgeon दिमाग एवं रीढ़ की हड्डी के विशेषज्ञ
डॉ. मो. जावेद M.B.B.S., M.D., Physician ब्लड प्रेशर शुगर एवं पेट रोग विशेषज्ञ
डॉ. जावेद ए. खान M.B.B.S., M.S., Orthopedic Surgeon Truama & Joint Replacement
FACILITIES
•CATHLAB
•ICU
•CCU
•ANGIOPLASTY
•NICU
•ECHO TMT
•ANGIOGRAPHY
•HDU
•PACEMAKER
•DIALYSIS
•VENTILATOR
मॉड्यूलर ऑपरेशन
लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
एडवांस आई.सी.यू.
एडवांस एन.आई.सी.यू.
कैथ लैब
EMERGENCY 24 HOURS
Contact :
0584-2990926
0581-2990928

भगन्दर, बवासीर
सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिसर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा
सुश्रुत क्लीनिक
क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग
[COLO-RECTAL-CENTER]
28.बी, एकता नगर स्टेडियम रोड, बरेली
9897030475
9411221895
7060162071
डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)
B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी (I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी
गुरू /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ आयुष मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली
भू.पू. वरिष्ठ लेक्चरार एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली
Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine
45 वर्षों का कुशल अनुभव
डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)
B.A.M.S., M.S सर्जरी
क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ
बाल गुदा रोग विशेषज्ञ व समस्त गुदा रोग भगन्दर, बवासीर, ऐनल फिसर रेक्टल पालिप, पाइलोनिडल साइनस, कोलाइटिस
गुदा रोगों के लक्षण
मलद्वार से खून मवाद आना गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना
समय
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायं 7:00 से 8:00 बजे तक
रविवार
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायंकाल अवकाश

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

AALA HAZRAT POLY CLINIC & CHILD CENTRE
डॉ. अरशद अली एम.बी.बी.एस., डी.सी.एच. नवजात शिशु एवं बच्चा रोग विशेषज्ञ
Ph.: 9359110376
डॉ. शाहिदा बी. खान एम.बी.बी.एस., डी.सी.पी. कन्सलटैन्ट पैथोलॉजिस्ट
सब पैथोलॉजी सम्पूर्ण कम्प्यूटराईज्ड लैब
सतीपुर चौराहा, सैटेलाइट बस अड्डे से 1 किमी., पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली। हैल्प लाईन-8266051117

डॉ. रजनीकांत साहू MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow) Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi वरिष्ठ न्यूरो सर्जन मो. 7417389433
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8 7017678157
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।

डा. सतेन्द्र शर्मा M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

डॉ. आशीष सक्सेना
एम.बी.बी.एस., एम.एस., एफ.आई.ए.जी.ई.एस.
जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
मो. 9045849322
उपलब्ध सुविधायें ● दूरबीन द्वारा पित्त की पथरी का ऑपरेशन ● हर्निया का ऑपरेशन ● अपेंडिक्स का ऑपरेशन ● पित्त की नली की पथरी ● बवासीर, भगन्दर, फिशर ● हाईड्रोसील ● स्तन की गांठ का ऑपरेशन ● पैर की नसों का फूलना (Varicose Veins) ● पाइलोनाइडल साइनस
इसके अतिरिक्त सभी प्रकार के ऑपरेशन (दूरबीन विधि एवं चीरे द्वारा) करने की सुविधा।
यश सर्जिकेयर क्लीनिक
प्रेम नर्सरी चौराहा, मिनी बाईपास रोड, बरेली-243122

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
गूगल अवार्ड एवं गोल्ड मेडलिस्ट प्राप्त
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें। | आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षों का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक 8859517808
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली


शहर के एक बूथ पर अपनी बारी के इंतजार में कतार में खड़े मतदाता। ● अमृत विचार


शहर के आजाद गांधी इंटर कॉलेज पोलिंग बूथ पर वोट डालने के लिए लाइन में खड़ी महिलाएं। ● अमृत विचार


तरौरा मतदाता केंद्र पर वोट डालकर निकलीं युवतियां।

# कड़ी सुरक्षा के बीच एटा-कासगंज में मतदान शांतिपूर्ण संपन्न

## पटियाली विधानसभा में सबसे कम और अमांपुर में सबसे ज्यादा पड़े वोट, मतदाताओं में दिखा उत्साह, कई केंद्रों पर लगी रहीं कतारें

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** एटा-कासगंज लोकसभा सीट के लिए तृतीय चरण में मंगलवार को कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। दोनों जिलों की पांचों विधानसभा में शाम तक लगभग 59.17 फीसदी मतदान हुआ। इस बार मतदान का पिछले लोकसभा चुनाव की अपेक्षा कुछ कम हुआ। पिछले लोकसभा चुनाव में मतदान लगभग 61 फीसदी हुआ था। कुछ क्षेत्रों में लोगों ने अपनी मांगों को लेकर मतदान का बहिष्कार किया। जहां प्रशासन के अधिकारियों जाकर मतदाताओं को समझा लिया, जिसके बाद लोगों ने वोट डाले। मतदान के दौरान कई जगह भाजपा और सपा नेताओं के बीच कहासुनी और हाथापाई भी हुई।

एटा-कासगंज लोकसभा क्षेत्र में सुबह सात बजे मतदान शुरू हुआ। सुबह को मतदान की शुरूआत में कुछ क्षेत्रों में भीड़ दिखाई दी, वहीं कुछ क्षेत्रों में सुबह को इक्का-दुक्का मतदाता ही निकले। तमाम इलाकों में जागरुकता का असर दिखाई दिया। जहां दिन चढ़ने के साथ मतदान का प्रतिशत बढ़ता गया। एटा-लोकसभा क्षेत्र में कुल पांच विधानसभा कासगंज, अमांपुर, पटियाली, एटा और मारहरा हैं। इनमें पटियाली विधानसभा क्षेत्र में मतदान सबसे कम हुआ, वहीं अमांपुर विधानसभा में सबसे अधिक मतदान हुआ। कासगंज विधानसभा क्षेत्र में सुबह सात से शाम पांच बजे तक 58.45 फीसदी मतदान हुआ। वहीं, अमांपुर विधानसभा क्षेत्र में शाम पांच बजे तक 56.02 फीसद मतदान रहा। पटियाली विधानसभा क्षेत्र में शाम पांच बजे तक 53.15 प्रतिशित, एटा सदर विधानसभा क्षेत्र में 56.09 फीसदी, मारहरा विधानसभा क्षेत्र में 57.12 फीसदी मतदान हुआ। इस तरह शाम पांच बजे तक एटा-लोकसभा क्षेत्र में लगभग 59.17 फीसदी मतदान हुआ है। मतदान के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे। पूरे समय व्यवस्थाओं पर अधिकारी नजर बनाए रहे। कमिश्नर चैत्रा. बी, आईजी शलभ माथुर, डीएम सुधा वर्मा, एसपी अपर्णा रजत कौशिक समेत सभी अधिकारी हालात का जायाजा लेते रहे।


सोरों के गांव सलेमपुर में मतदान केंद्र पर घूंघट डालकर लाइन में खड़ी महिलाएं।

### 116 साल के राममूर्ति ने पैदल जाकर किया मतदान

गंजडुंडवारा। पूर्व माध्यमिक विद्यालय थाना रोड में बने मतदान केंद्र पर 116 वर्ष के पंडित राममूर्ति मिश्रा वोट डालने को पैदल पहुंचे तो लोग आश्चर्यचकित रह गए। साथ में उनके नाती विजय द्विज भी थे। राममूर्ति मिश्रा ने बताया कि वह निकाय, विधानसभा, लोकसभा चुनाव मिलाकर अब तक 98 बार मतदान कर चुके हैं। मतदान केंद्र से उनका घर 700 मीटर की दूरी पर है।




गंज डुंडवारा में एचएन इंटर कॉलेज पहुंचे आईजी शलभ माथुर व कमिश्नर चैत्रा. बी।

## कोई लाठी के सहारे, किसी ने अपनों के साथ जाकर किया मतदान

- **लोकतंत्र के महापर्व में बुजुर्गों और दिव्यांगों ने दिखाया जबरदस्त उत्साह**

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** लोकतंत्र के पर्व में बुजुर्गों व दिव्यागों बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। किसी ने लाठी-बैसाखी का सहारा लिया तो कोई अपनों के सहारे मतदान केंद्र पहुंचा।

कासगंज में सोरों गेट स्थित जिला पंचायत भवन में बने बूथ पर सुबह साढ़े आठ बजे 80 वर्षीय महिला अपने नाती का सहारे वोट डालने पहुंची। इसके आधे घंटे बाद इसी बूथ पर 80 वर्षीय बुजुर्ग अपने बेटे के कंधों का सहारा लेकर बूथ के अंदर पहुंचे। बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि पांच साल बाद यह दिन आता है। इसलिए नैतिक धर्म निभाना जरूरी है। वोट डालने के बाद ट्राई साइकिल पर जा रहे दिव्यांग के चेहरे पर अगल चमक थी। उनका कहना था कि सभी लोग मतदान में उत्साह से भाग ले रहे हैं तो हम पीछे क्यों रहें।


परिजन के साथ बाइक पर पहुंचे बुजुर्ग।


वोट डालकर बाहर निकली दिव्यांग महिला।


परिजन संग वोट डालकर लौटी वृद्धा।


शहर के नगर पालिका बूथ पर बुजुर्ग महिला को गोद में लेकर पहुंचा बेटा।


वोट डालने के लिए ट्राई साइकिल पर जाता दिव्यांग युवक।

### पिंक बूथों पर सेल्फी लेने रही होड़

**कासगंज, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में इस बार महिलाओं के लिए पिंक बूथ बनाए गए। पिंक बूथों पर बेहतर सुविधाएं की गई थीं। यहां सेल्फी प्वाइंट भी लगाए गए थे। पिंक बूथों पर मतदान कार्मिक और सुरक्षा कर्मी सब महिलाएं थीं। इन बूथों पर महिलाओं के साथ पुरुषों में भी सेल्फी लेने का क्रेज दिखाई दिया। पिंक बूथों को गुब्बारों से सजाया गया था। महिलाएं ही नहीं, बल्कि पुरुष भी इन बूथों पर वोट डालने के लिए पहुंच रहे थे। कासगंज में नगर पालिका में बने मतदान केंद्र पर पिंक बूथ बनाया गया था। इस बूथ पर सेल्फी प्वाइंट भी बनाया गया था। शहर के लक्ष्मीगंज, गली छेदालाल एवं गांव मामों, प्रहलादपुर सहित गंजडुंडवारा, अमांपुर, सहावर, सोरों, मोहनपुर, बिलराम, पटियाली, भरगैन, सिढ़पुरा के मतदान केंद्र पर एक पिंक बूथ बनाया गया था। इन बूथों पर बने सेल्फी प्वाइंट में सेल्फी लेने के लिए खास क्रेज दिखाई दिया। यहां मतदाताओं का स्वागत भी किया गया।



लक्ष्मीगंज केंद्र पर सेल्फी लेती महिला।

# पहली बार वोट देने वालों में दिखा गजब का उत्साह

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** एटा-कासगंज लोकसभा चुनाव के लिए मंगलवार को मतदान हुआ। मतदान के दौरान पहली बार मतदान करने वाले युवाओं में खासा उत्साह दिखाई दिया। युवा मतदाताओं ने बूथों पर जाकर अपने मत का प्रयोग किया। अधिकांश प्रथम मतदाताओं का कहना था कि विकास के लिए वोट दिया है।


प्रथम बार मत का प्रयोग किया है। वोटर पर्ची घर आ गई थी। मंगलवार को सुबह ही परिजनों के साथ बूथ पर गए और क्षेत्र के विकास के लिए मतदान किया। -निकिता


मतदात हमारा अधिकार है। आज पहली बार अपने मत का प्रयोग किया। यह अधिकार हमें संविधान ने दिया है। मतदान को लेकर काफी उत्साह था। वोट डालकर मन काफी खुश हुआ है। – मोहित शर्मा


दो दिन पूर्व ही वोटर पर्चियां घर पहुंच गई थीं। परिवार में किस प्रत्याशी को वोट देना है यह पहले ही तय हो गया था। परिवार के सभी सदस्यों ने बूथों पर जाकर मतदान किया। – हरविंदर


18 वर्ष की आयु तो दो वर्ष पहले पूरी हो चुकी थी, लेकिन मतदाता नहीं बने। इस बार पहली बार वोटर बने। सुबह ही बूथ पर पहुंचकर क्षेत्र के विकास के लिए मन चाहे प्रत्याशी को वोट दिया। -प्रमोद


वोट डालने पहली बार गए तो मतदान केंद्र पर अंदर जाने में थोड़ी झिझक हुई। वोट डालने से पहले मतदान कर्मचारियों ने पूरी प्रक्रिया समझाई। मैंने पहली बार मत का प्रयोग किया। भीड़ होने से काफी देर लाइन में लगना पड़ा। -गुलशन


कई साथियों ने जो पहली बार मतदाता बने हैं एक साथ वोट डालने का मन पहले से बना लिया था। हम अपने क्षेत्र के पांच साथी एक साथ वोट डालने आए हैं। सभी ने अपनी इच्छानुसार प्रत्याशी को वोट दिया है। – रविदास


मुझे पहली बार मतदान करना था। बूथ पर पहुंचकर अपने मत का प्रयोग किया। परिवार में वोट डालने का किसी का दबाव नहीं था। – अनिरुद्ध प्रताप सिंह


मतदान को लेकर बीते कई दिनों से काफी उत्साह था। पहली बार मतदान का मौका मिला रहा था। सुबह अपनी बूथ पर पहुंचकर मतदान की प्रक्रिया समझी और अपने वोट का विकास के लिए प्रयोग किया। -देवांश वर्मा


वोट डालने को लेकर मन काफी उत्साहित था। आज यह अवसर मिला तो सुबह बिना कुछ खाये मतदान केंद्र पहुंच गए। उस समय मतदान केंद्र पर कतार नहीं लगी थी। अपने वोट का प्रयोग किया। – अमित कुमार पाल


मतदान को लेकर पहले से ही जागरूक थे। 18 वर्ष की आयु नगर पालिका के चुनाव में पूरी हो गई थी। लोकसभा के लिए मतदान करने का पहला मौका मिला है। विधानसभा में अभी वोट नहीं डाला है। –खुशबू

# दिनभर सड़कों पर घूमते रहे अधिकारी, अलर्ट रही पुलिस


भाजपा प्रत्याशी राजवीर सिंह से बातचीत करते प्रेक्षक।

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** मतदान के दौरान सभी अधिकारी सड़कों पर रहे। डीएम, एसपी और प्रेक्षक ने पोलिंग बूथों पर जाकर जायजा लिया। सुरक्षा व्यवस्था में रहे पुलिस-पीएसी के जवान अलर्ट रहे

सामान्य प्रेक्षक ललित कुमार दाहिमा, डीएम सुधा वर्मा, एसपी अपर्णा रजत कौशिक, एडीएम राकेश पटेल, एएसपी राजेश कुमार भारती एवं सभी एसडीएम और सीओ व्यवस्थाओं पर नजर बनाए रहे। प्रेक्षक ने एटा-कासगंज लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी राजवीर सिंह राजू भैया से व्यवस्थाओं की जानकारी ली। पूछा कहीं कोई अव्यवस्था तो नहीं है। इसके अलावा सभी बूथों पर पीठासीन अधिकारी और मतदान कार्मिकों से जानकारी करते रहे। सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेट अपने अपने क्षेत्र में भ्रमण करते रहे। कंट्रोल रूम से हर पल अधिकारी अपडेट ले रहे थे। कुछ जगह से गड़बड़ी की शिकायत मिल रही थी तो अधिकारी तत्काल मौके पर पहुंच रहे थे। अमांपुर, कासगंज सहित कुछ क्षेत्रों में विवाद की स्थिति बनी, लेकिन अधिकारियों ने सुझबुझ के चलते समस्या का समाधान कर दिया। कहीं भी मतदान प्रभावित नहीं होने दिया। शांति पूर्ण ढंग से मतदान संपन्न कराया। अधिकारियों ने शांति पूर्ण मतदान कराने के लिए अधीनस्थों को बधाई दी।

**मतदान खत्म होते ही लोटी टीमें:** जैसे ही मतदान खत्म हुआ टीमें मतदान सामग्री लेकर वापस लौटी। सभी पोलिंग पार्टियां पहले मंडी स्थल पहुंचे। यहां स्ट्रांग रूम में ईवीएम जमा कराई गईं। दूरदराज की पार्टियां देर रात तक मंडी स्थल पहुंचती रहीं। अधिकारी देर रात तक नजर बनाए रहे।


मतदान केंद्र पर निरीक्षण करतीं डीएम सुधा वर्मा व एसपी अपर्णा रजत कौशिक।

# मतदान में आधी आबादी ने निभाई पूरी जिम्मेदारी

- **घूंघट की ओट में पहुंची मतदान केंद्र भीषण गर्मी में दिखाया उत्साह**

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर हुए मतदान के दौरान महिला मतदाताओं में जबरदस्त उत्साह रहा। मंगलवार को सुबह से ही पोलिंग बूथों पर मतदाताओं की कतारें लग गई। मतदान में युवतियां भी पीछे नहीं रहीं।

कस्बा और ग्रामीण क्षेत्रों के मतदाताओं में जबरदस्त उत्साह देखा गया। कई महिलाएं अपने परिवार के साथ मतदान करने पहुंचीं। उन्होंने मतदान के बाद स्याही का निशान दिखाकर दूसरों से मतदान की अपील की। युवाओं और युवतियों में खासा जोश रहा। मक्खन लाल इंटर कॉलेज, प्राथमिक विद्यालय अमांपुर में बने पोलिंग बूथों पर महिलाओं की सबसे अधिक भीड़ दिखाई दी। मतदान किया। उन्होंने कहा कि हर मतदाता को मतदान करना चाहिए। घूंघट की ओट भी थी और वोट पर चोट भी थी। पटियाली के गांव बड़ौला में महिलाओं में संस्कारित दिखाई दीं। उनके अंदर वोट डालने का जज्बा तो था, लेकिन बुजुर्गों का लिहाज भी रखा।


महिलाएं घर की दहलीज लांघ कर बाहर निकली तो हर किसी का मुंह घूंघट से ढका हुआ था।


मतदान केंद्र पर घूंघट की ओट किए कतार में खड़ीं महिलाएं। ● अमृत विचार

# कई जनप्रतिनिधियों परिवार के साथ किया मतदान


परिवार के साथ वोट डालकर लौटते एमएलसी रजनीकांत माहेश्वरी।


परिजनों संग जिला पंचायत अध्यक्ष रतनेश कश्यप।


अमांपुर विधायक हरिओम वर्मा।

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** नेताओं और जनप्रतिनिधियों ने मतदान केंद्रों पर जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। साथ ही लोगों से मतदान करने की अपील की।

एमएलसी रजनी कांत माहेश्वरी अपने परिवार के साथ वोट डालने आजाद गांधी इंटर कॉलेज पर वोट डालने पहुंचे। यहां वोट डालने के बाद उन्होंने लौटते हुए लोगों से अपील की कि अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। जिला पंचायत अध्यक्ष रत्नेश कश्यप अपने परिवार के साथ केए कॉलेज के बूथ पर वोट डालने पहुंची। सदर विधायक देवेंद्र राजपूत, अमांपुर विधायक हरिओम वर्मा, पूर्व मंत्री मानपाल सिंह अपनी पत्नी स्वराज के साथ वोट डालने पहुंचे। सपा लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मयंक यादव ने अपने गांव बहेड़िया में मताधिकार कर प्रयोग किया। इसके अलावा भाजपा जिलाध्यक्ष केपी सिंह सोलंकी, सपा जिलाध्यक्ष विक्रम यादव सहित अन्य नेताओं ने भी अपने मतदाधिकार का प्रयोग किया और लोगों से अपील की कि वे हर हाल लोकतंत्र के हर महापर्व पर उल्लास और उत्साह दिखाएं।


पत्नी संग पूर्व राज्यमंत्री मानपाल सिंह।


वोट डालते सदर विधायक देवेंद्र राजपूत।


भाई के साथ सपा लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव चौधरी सुल्तान हसन।

# सूरज की तपिश बढ़ने के साथ सूने होते गए मतदान केंद्र



सोरों के पचौरा जंगल में दोपहर को सूना पड़ा मतदान केंद्र। ● अमृत विचार

- **दोपहर में थम गई मतदान की रफ्तार, गर्मी की वजह से सड़कों पर रहा सन्नाटा**

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** मंगलवार को सुबह मतदान शुरू हुआ तो केंद्रों पर मतदाताओं की कतारें लगी रहीं। मगर सूरज की तपन बढ़ने के साथ मतदान केंद्र सूने होते गए। तेज धूप और गर्मी की वजह से दोपहर में अधिकांश मतदान केंद्र सूने पड़े रहे। सड़कों पर भी सन्नाटा पसरा रहा।

सभी केंद्रों पर मतदान सुबह सात बजे शुरु हुआ। समय से पहले ही मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के पहुंचने का सिलसिला शुरु हो गया था। लोगों ने कतार में लग कर अपना वोट डाला कुछ ही देर में मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की लंबी कतारें लग गईं, लेकिन ज्यों ज्यों सूरज की तपन बढती ही त्यों त्यों मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के पहुंचने का क्रम कम होता गया। लगभग 11 बजे से ही मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की संख्या घटने लगी। दोपहर 12 बजे तो अधिकांश मतदान केंद्र सूने दिखाई देने गले। बूथ खाली हो गए यह स्थिति जिले के लगभग सभी मतदान केंद्रों पर देखने को मिली। मतदान कर्मी हाथ पर हाथ रखे बैठे मतदाताओं का इंतजार करते रहे। इक्का दुक्का मतदाता ही मतदान के लिए आते रहे। धूप के तेवर से बाजारों में भी सन्नाटा पसर गया।

मतदान केंद्रों के बाहर लगे प्रत्याशियों के बिस्तरों पर भी कार्यकर्ता और समर्थक नदारद थे। सूरज की तपन कम होने के बाद फिर से मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की भीड़ बढ़ने लगी।

# सपा जिलाध्यक्ष ने भाजपा नेता पर लगाया हमले का आरोप

## विवाद के बाद मौके पर पहुंची पुलिस, तहरीर के आधार पर जांच शुरू

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- मतदान के दौरान का मामला सोशल मीडिया पर वायरल

**अमृत विचार :** कासगंज-एटा लोकसभा सीट पर मतदान के दौरान भाजपा व सपा नेता आमने-सामने आ गए। सपा जिलाध्यक्ष का आरोप है कि उन पर और उनके समर्थकों पर भाजपा नेताओं ने जानलेवा हमला बोल दिया। उस वक्त वह मतदान का जायजा लेकर घर लौट रहे थे।

उनकी ओर से सीओ सदर को लोगों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई किये जाने की मांग की गई है। यह घटना सोशल मीडिया पर वायरल हो गई।सपा जिलाध्यक्ष विक्रम यादव का आरोप है कि बीजेपी नेताओं के मंसूबे फर्जी वोटिंग कराने को थे। वह पोलिंग बूथों का जायजा लेकर घर लौट रहे थे। जैस ही उनकी कार नगर पालिका बूथ की ओर बड़ी, तभी बीजेपी के कुछ कार्यकर्ताओं ने उन्हें और उनके समर्थकों पर जानलेवा हमला बोल दिया। उनको गाड़ी से खींचने का प्रयास किया। हालांकि वह कार को भगाकर ले गए। इस घटना को वहां मौजूद लोगों ने वीडियो भी बनाकर वायरल कर दिया।

इंस्पेक्टर रामवकील ने बताया कि जब वह मौके पर पहुंचे तब वहां कोई नहीं मिला। दोनों पक्ष वहां से चले गए। तहरीर मिल चुकी है। जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

**यह हार की हताशा है:** विक्रम यादव ने सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल कर कहा कि यह हार की हताशा है। दलित, ओबीसी, मुस्लिम, ठाकुर समाज बीजेपी को हरा रहा है। उसकी भड़ास निकाल रहे हैं। यह लोकतंत्र की सीधी हत्या है। मुझे मारने का प्रयास है। मेरी लाश और दलित व ओबीसी के अरमानों को कुचल कर देश को हिंदू राष्ट्र बनाएगी बीजेपी।

### अमांपुर विधायक के भाई ने दी तहरीर

अमांपुर विधायक हरिओम वर्मा के भाई यतेंद्र कुमार ने पुलिस को तहरीर दी है। उनका आरोप है कि सोशल मीडिया उन्हें बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। मतदान कर्मियों को हड़काने का फोटो वायरल किया गया है। उन्होंने बदनाम करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## फंदे से लटका मिला युवक का शव

**कासगंज, अमृत विचार :** शहर की पीएलजीसी कॉलोनी के सरकारी खंडहर पड़े भवन में एक व्यक्ति का शव फंदे पर झूलता मिला है। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। युवक की मौत को लेकर तरह-तरह की चर्चा हो रहीं हैं। पुलिस आत्महत्या मान रही है।

पीएलजीसी कॉलोनी के लोगों ने देखा की खंडहर पड़े सरकारी भवन में एक व्यक्ति का शव फंदे पर झूल रहा है। जब यह खबर इलाके में फैली तो बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ मौके पर एकत्रित हो गई। और शव को लेकर तरह तरह की चर्चा करने लगे। सूचना सदर कोतवाली पुलिस को दी गई। जानकारी मिलते ही इंस्पेक्टर रामवकील पुलिस बल के साथ मौक़े पर पहुंचे उन्होंने घटना स्थल का निरीक्षण किया। मृतक की पहचान मनोज पुत्र लालाराम मिश्रा निवासी चंदन नगर के रूप में हुई। सूचना मिलने के बाद परिजन मौके पर पहुंचे गए।

## वाहन की टक्कर से युवक की जान गई

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- सोरों इलाके में सहावर रोड पर हुआ हादसा, पैदल सड़क पार कर रहा था युवक

**अमृत विचार:** सोरों कोतवाली क्षेत्र में सड़क पार कर रहे 35 वर्षीय युवक को किसी वाहन ने टक्कर मार दी। इसमें गंभीर चोटें आने के कारण युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मामले में अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध पुलिस को तहरीर दी गई है।

सोरों कोतवाली के गांव नगला सावंती निवासी 35 वर्षीय हीरालाल पुत्र रामप्रकाश सोमवार रात लगभग नौ बजे सोरों-सहावर मार्ग पर गांव हिमायूंपुर के पास सड़क पार कर रहे थे। तभी उन्हें किसी वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। जानकारी मिलते ही कोतवाली पुलिस मौक़े पर पहुंची और घायल को एम्बुलेंस में जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी परिजनों को दी गई। इसके बाद परिजन जिला अस्पताल पहुंचे तो कोहराम मच गया। सोरों के इंस्पेक्टर भोजराज अवस्थी का कहना है की शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले में अग्रिम करवाई की जा रहीं है।

## गलत आदतों का विरोध किया तो बेटे ने मां का हाथ तोड़ा

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** गलत आदतों का विरोध करने से आक्रोशित बेटे ने पीटकर मां का हाथ तोड़ दिया। इसकी शिकायत करने पर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। अब कोर्ट ने कोतवाली पुलिस को रिपोर्ट दर्ज करने का आदेश दिया है।

कासगंज कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले में रहने वाले दंपती ने बेटे शुभान शाह द्वारा आए दिन की जा रही गलत हरकतों का विरोध किया। मगर उसकी आदतों में कोई परिवर्तन नहीं हुआ। आरोप है कि शुभान शाह अपनी पत्नी व दो साथियों को लेकर 16 फरवरी की रात घर में घुस गया और भाई की पत्नी से अभद्रता करने लगा। विरोध करने पर मारपीट करने लगा। शोर सुनकर उसकी मां दौड़कर मौके पर पहुंची और पुत्रवधू को बचाने का प्रयास किया। शुभान शाह ने अपनी मां को बुरी तरह मारा पीटा। भाई मां को बचाने पहुंचा तो उसे भी पीट दिया। इससे उसकी मां के दाएं हाथ में फ्रैक्चर हो गया।

पीड़ित पक्ष के शिकायत करने पर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इस पर पीड़ित ने अशरफ अंसारी एडवोकेट के जरिए न्यायालय में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर न्याय की गुहार लगाई। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने कासगंज थानाध्यक्ष को रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना करने के आदेश दिए हैं।

## चुनावी हलचल

### मोबाइल बने वोटरों की परेशानी का शबब

**कासगंज।** मतदाता का वोटिंग के दौरान मतदान केंद्र पर मोबाईल ले जाना प्रतबंधित था। अधिकांश मतदाता फोन लेकर केंद्रों पर पहुंचे सुरक्षा कर्मियों ने उन्हें केंद्र में मोबाईल के साथ अंदर नहीं जाने दिया। उन मतदाताओं के सामने बड़ी समस्या हुई जो किसी भी तरह मोबाईल लेकर मतदान केंद्र में घुस गए और मतदान के लिए कतार में लगे थे अचानक उनके फोन बज उठे तो पुलिस कर्मियों ने उन्हें बिना मतदान के ही केंद्र से बाहर निकाल दिया। फिर वह मोबाईल बहार रखकर पुन: कतार में लगे।

### सूरज की तपन बढ़ते ही बिस्तर छोड़कर चले गए कार्यकर्ता

**कासगंज।** मतदान केन्द्रो के बाहर सभी प्रत्याशियों के विस्तर सुबह से ही लग गए थे। जहां कार्यकर्ता मतदाताओं को पर्चीयां दे रहे थे। कार्यकर्ताओं में काफ़ी उत्साह था। लेकिन यह उत्साह कुछ घंटो ही रहा ज्यों सूरज की तपन बड़ी कार्यकर्ता धीरे कम होने लगे दोपहर 12बजे के करीब गर्मी के कारण अधिकांश बिस्तर खाली हो गए कार्यकर्ता इधर उधर छाँव में जाकर बैठ गए। और सूरज की तपन कम होने के बाद पुन: बिस्तरों पर आए।

### पीने के पानी को परेशान रहे मतदाता

**कासगंज।** अधिकाश मतदान केंद्रों पर पेय जल की उचित व्यवस्था नहीं थी। तपती धूप और बदन झूलसा रही गर्मी में वोट डालने पहुचे मतदाता प्यास से व्याकुल रहे। कतारों में मतदान की बारी का इंतजार कर रहे थे। ऐसे में प्यास से व्याकुल मतदाता कतार से निकलकर भी जाना नहीं चाहा रहे थे। प्यास से व्याकुल मतदाता गर्मी में चुनाब न कराये जाने की चर्चा कर रहे थे। मतदाताओं का कहना था की केंद्रों पर पेयजल की भी व्यवस्था होनी चाहिए।

### सेल्फी लेने का दिखा क्रेज

**कासगंज।** अधिकांश मतदान केंद्रों पर सेल्फी पॉइंट बनाए गए थे। जहां मतदान के दौरान सेल्फी लेने की लोगों में स्पर्धा दिखाई दी। युवाओं के साथ वृद्ध और महिलाएं भी सेल्फी लेती नजर आईं।


आखिर कब तक शर्माते रहोगे



हर उम्र में जबरदस्त ताकत व रुकावट प्राप्त करें

शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की कमी

बवासीर, शुगर व निःसंतान रोगी मिलें

मैं नीरज कुमार, आंवला निवासी हूं मैंनें बचपन में अपने हाथों से अपना जीवन खराब कर लिया था काफी जगह ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ फिर मेरे दोस्त ने डा. शेख के बारे में बताया वहां मैंनें 40 दिन ईलाज कराया आज में पूरी तरह अपने वैवाहिक जीवन का आनंद उठा रहा हूं अगर आप भी नामर्दी, घात, स्वप्नदोष, शीघ्रपतन जैसी बिमारियों से परेशान हैं तो डाक्टर शेख से मिलकर बिमारियों से छुटकारा पायें।

मैं अकील खान, शाहजहांपुर निवासी हूं मुझे शीघ्रपतन की बिमारी थी। काफी नीम हकीमों से ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ मैं इस बिमारी के कारण अपनी घरवाली से भी आंख नहीं मिला पाता था। क्योंकि सेक्स के समय मेरा वीर्य एक या दो मिनट में ही निकल जाता था जिस कारण घरवाली संतुष्ट नहीं हो पाती थी। फिर मैंने डा.शेख से सम्पर्क किया आज मैं पूरी तरीके से ठीक हूं मेरा टाईम तकरीबन 15 से 20 मिनट बढ गया है।

मैं सतीस, उम्र 55 साल है मैं पीलीभीत निवासी हूं मुझे डायबिटीज है। डायबिटीज के कारण मेरा सेक्स पूरी तरह से खत्म हो गया था काफी ईलाज कराया कोई फायदा नहीं हुआ फिर मैं डा. शेख से मिला। डा.शेख ने शुगर के साथ मुझे मर्दाना कमजोरी की दवा भी दी। आज मेरी शुगर भी कंट्रोल है और मर्दाना ताकत भी पुनः वापस आ गई है। आज मैं फिर से जवान हो गया हूं।

मैं समीर, उम्र 35 साल है मैं रामपुर निवासी हूं मेरी शादी को 10 साल हो गये थे। मेरे वीर्य के अंदर शुक्राणुओं की संख्या बहुत कम थी जिसके कारण मैं पिता नहीं बन पा रहा था। बडे बडे अस्पताल वाले आईवीएफ (IVF) की सलाह दे रहे थे। फिर मैनें डा.शेख से सम्पर्क किया। डा.शेख ने मुझे 3 महीने का ईलाज दिया जिससे मेरे शुक्राणु 60 प्रतिशत हो गये और 2 महीने के बाद मेरी पत्नी गर्भवती हो गई। मैं डा.शेख का धन्यवाद करता हूं और आप लोगों से अपील करता हूं कि यदि आपके वीर्य में भी शुक्राणुओं की संख्या कम है तो डा. शेख से सम्पर्क करें।

मैं पूनम कुमारी, उम्र 25 साल है मैं बरेली की निवासी हूं मुझे सफेद पानी की काफी दिनों से शिकायत थी। ल्यूकोरिया की वजह से मेरी कमर व पैरों में दर्द रहता था मेरा वजन कम हो रहा था। मेरे चेहरे से रंगत जा रही थी मैं काफी ईलाज करा कर थक चूकी थी। फिर मैनें डा.शेख द्वारा निर्मित एल–7 कैप्सूल का उपयोग किया और साथ ही वी–16 पाउडर से गुप्तांग की सफाई की। जिससे मेरा सफेद पानी आना पूरी तरह से बंद हो गया और वेजाईना टाईट हो गया।

क्या आप यौन समस्याओं से परेशान हैं और इधर उधर ईलाज कराकर थक चूके हैं और इन बिमारियों को लाईलाज समझ चूके हैं जैसे नामर्दी, धात, शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की कमी, माहवारी का कम या ज्यादा आना, स्तनों का बैडोल होना, जोडों का दर्द, शुगर, पेट रोग, किडनी रोग, हृदय रोग, निःसंतान दम्पति डा. शेख से सम्पर्क करें। डा. शेख के नाम से हिन्दुस्तान में 50 दवाखाने चल रहे हैं डा.शेख अपने मरीजों के लिये दवायें खुद तैयार करते हैं दवायें सहार हर्बल फार्मेसी में तैयार की जाती है। दवायें देश विदेश में लाखों मरीजों पर आजमाई हुई हैं। डा.शेख को अच्छे ईलाज के लिए अनेकों अवार्ड मिल चूके है जैसे Gold Medelist, Best Sexologist in India, Pride of Country, Kohinoor A Tibb, Chikitasak Ratan, Asia's Best Sexual Health Clinic

Highest 5 Star Rating in Google

भारत प्रसिद्ध YouTube पर Search करें गोल्ड मेडेलिस्ट

डा. शेख

Best Sexologist in india

मिलें हर मंगलवार बरेली

मालियों की पुलिया

9837023223



सैक्स रोगी मिलें

सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान



डॉ. रफीक

समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)

बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929913

नामर्दी Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए निःसंकोच मिलें।

ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।

- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना

35 वर्षो का अनुभवी आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।



ALA Herbal

ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान

कैप्सूल मैनसूल (काम्बो पैक)



धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Stress, Depression में लाभ करता है।

यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफैक्ट नहीं है

Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।

Helpline No. 8439818102 7451039913

स्टॉकिस्ट आरोग्य सदन बरेली 9837007202





डॉ. अमन रस्तोगी BAMS, MD Consultant Physician

- शुगर से पूर्णतः निजात एवं परहेज से निजात
- पाइल्स का सम्पूर्ण आयुर्वेद द्वारा उपलब्ध है।
- पथरी एवं हृदय रोग विशेषज्ञ
- घुटने एवं गठिया का पूर्ण उपचार।
- सफेद दाग का गारंटिड इलाज।
- पित्त की थैली एवं किडनी की पथरी का बिना आपरेशन द्वारा इलाज।

लाईफ लाइन क्लीनिक

कर्मचारी नगर, गांधीपुरम, भारत गैस गोदाम के सामने, बरेली मो. 6398965384



गुप्त रोगी मिलें

डा. मौर्य

जोश मर्दाना, कमजोरी, ताकत, शुक्राणु की कमी, स्वप्नदोष, शीघ्रपतन

बरेली कृष्णा नगर मो. 7534002651



प्रवेश प्रारम्भ

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग (4 वर्षीय डिग्री कोर्स) शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

पोस्ट बेसिक नर्सिंग (2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

जी.एन.एम. (3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

ए.एन.एम. (2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :- मो. 9412151327, 7521001992

पता: वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर



अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बरेली संस्करण स्मृतियाँ शेष

निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि

पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी

साइज व रेट

| | |
|---|---|
| साइज --------5cmX8cm | 1000 with GST |
| साइज -------10cmX8cm | 1800 with GST |
| साइज -------15cmX8cm | 2500 with GST |

अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।

शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-

0581-4000222

हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

## एक नजर

### प्रचार सामग्री लदी गाड़ी पकड़ी, फिर छोड़ी

एटा। विधानसभा क्षेत्र एटा के उमेदपुर पोलिंग बूथ पर मतदान के दौरान प्रचार साम्रगी लदी पकड़े जाने पर खलबली मच गई। भाजपा समर्थकों की गाड़ी का सपा कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। इस गाड़ी पर भाजपा का झंडा और प्रत्याशी का स्टीकर लगा था। गाड़ी में भाजपा की प्रचार सामग्री रखी थी। सपा कार्यकर्ताओं ने गाड़ी देखी तो विरोध में प्रदर्शन शुरू कर दिया, लेकिन पुलिस मौजूद होने से कुछ ही देर में शांत हो गए। इस घटना के बाद पुलिस कर्मियों ने गाड़ी को रोक लिया और उसमें सवार लोगों को चेतावनी दी। इसके बाद गाड़ी छोड़ दी।

### सूची से नाम गायब होने पर भटकते रहे मतदाता

एटा, अमृत विचार : पहचान पत्र होने के बावजूद तमाम मतदाताओं के नाम सूची से गायब थे। सूची में नाम न होने पर लोग बूथों पर पर्ची बांटने वालों के पास भटकते रहे। अफसरों को फोन किया, लेकिन मायूसी हाथ लगी। मतदाता सूची से नाम गायब होने पर कई लोग भड़क गए। पहचान पत्र दिखाते रहे, लेकिन पोलिंग पार्टियों ने सूची में नाम न होने की दुहाई देकर वोट नहीं डालने दिया। इससे कई मतदेय स्थलों पर हंगामे जैसी स्थिति रही। इसके बाद लोग मायूस होकर वापस लौट गए। यह मामला चर्चा का विषय बना रहा।

# सिस्टम की लापरवाही से गुस्साए ग्रामीणों ने किया मतदान का बहिष्कार, प्रदर्शन

## मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने दिया समस्या दूर करने का आश्वासन, तब लोगों ने डाले वोट

कार्यालय संवाददाता, कासगंज



रामपुर गांव में मतदान का विरोध करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** सिस्टम से नाराज कई जगह के लोगों ने मंगलवार को मतदान का बहिष्कार किया। मतदान के बहिष्कार का पता लगने पर अधिकारियों में खलबली मच गई। मौके पर अधिकारियों ने लोगों की समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया, जिसके बाद लोग वोट डालने को तैयार हो गए। इसके बाद मतदान शुरू हुआ।

अमापुर क्षेत्र के गांव रामपुर, नगला भीमसेन और पटियाली के गांव बहोरा में मंगलवार सुबह ही मतदान के बहिष्कार का ऐलान कर दिया। सुबह को कुछ देर तक कोई मतदाता वोट डालने नहीं पहुंचा तो इसकी सूचना जिला प्रशासन के अधिकारियों को दी गई। इधर, मतदाताओं ने सिस्टम के खिलाफ प्रदर्शन शुरू कर दिया। रामपुर के मतदाताओं का आरोप है कि गांव में विकास नहीं हुआ है। सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा है। नगला भीमसेन के ग्रामीण विकास न होने की बात कहकर मतदान के बहिष्कार का ऐलान कर चुके थे। बहोरा के ग्रामीणों ने भी ऐलान कर दिया कि विकास नहीं होगा तो किसी प्रतिनिधि को नहीं चुनेंगे। इसकी जानकारी अधिकारियों को मिली तो खलबली मच गई। कई अधिकारी मौके पर जा पहुंचे। पटियाली में एसडीएम कुलदीप कुमार ने जाकर ग्रामीणों को समझाया। रामपुर, नगला भीमसेन में भी अधिकारी पहुंच गए। वहीं, क्षेत्रीय सांसद राजवीर सिंह ने बहिष्कार करने वाले ग्रामीणों से फोन पर वार्ता की।



रामपुर में सूना पड़ा मतदान केंद्र।

इसके बाद गांव जाकर ग्रामीणों को समझाया। उन्होंने कहा कि किसी भी हाल में परेशान न हों और उनकी समस्या का समाधान समय रहते किया जाएगा। काफी आश्वासन के बाद ग्रामीण मान सके। उसके बाद मतदान शुरू किया। फिर भी अपेक्षा के अनुसार मतदान का प्रतिशत नहीं पूरा हो सका। एक गांव में 35 फीसद, एक में 38 फीसद तो एक गांव में 40 फीसद मतदान हुआ, जबकि जानकार बताते हैं कि इन तीनों ही गांव में मतदान का प्रतिशत हमेशा 65 से 70 फीसद तक रहा है।

### सड़क नहीं तो वोट नहीं का किया ऐलान

एटा, अमृत विचार : शीतलपुर ब्लॉक के गांव नगला लाइक के लोगों ने सड़की की मांग को लेकर मतदान का बहिष्कार किया। यहां के ग्रामीणों ने अपनी मांग को लेकर चुनाव में हिस्सा नहीं लिया। इसका पता लगा तो सदर विधायक विपिन वर्मा डेविड़ ने गांव जाकर लोगों को समझाया और उन्हें सड़क की समस्या को हल करने का आश्वासन दिया। उनके समझाने के बाद मतदान प्रक्रिया शुरू हुई, जिसे बाद शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न हुआ।

## सुनी सबकी, की अपने मन की

**एटा, अमृत विचार:** मम्मी, इसकी बात नहीं सुनना। इनसे कोई बात नहीं करो। आप अपने मन से वोट डालना। यह बातचीत एटा संसदीय क्षेत्र के बस स्टैंण्ड के पास बने मतदान केंद्र पर मां-बेटी के बीच हुई। एक लड़की अपनी मां को अपने मन से वोट डालने के लिए कह रही थी। इसी बीच एक युवक ने महिला को अपने पसंदीदा प्रत्याशी को वोट डालने के लिए भावुक अपील की। मगर महिला ने अपने मन की सुनी। सुबह आठ बजे रोडवेज बस स्टेण्ड के सामने एक बाइक सवार युवक लोगों को इशारे में समझा रहा था। उस युवक ने एक महिला के पैर छुए और पूछा अम्मा सच-सच बताना, किसी ने कसम तो नहीं दिलाई वोट की। अम्मा बोली, नहीं रे, किसी ने ना दिलाई। कोई तू बता किसे दूं वोट। मंगलवार को ऐसे तमाम नजारे मतदान केंद्रों पर देखने को मिले। लोकतंत्र के उत्सव में शहर और देहात विधानसभा क्षेत्र के तमाम हिस्सों में मतदान के अलग-अलग रंग देखने को मिलते रहे। बड़ी-बड़ी गाडियों से उतरते पार्टी से जुड़े लोग, महंगे कपड़े पहने बाइकों से मतदान केंद्रों पर आते शहरी नौजवान और गांव के ठेठ ग्रामीणों ने अपने मत का खूब प्रयोग किया। इस दौरान मतदान केन्द्रों पर वोट डालने जा रहे लोगों का उत्साह देखते ही बन रहा था।

# घर का काम छोड़ वोट डालने को लाइन में खड़ी रहीं महिलाएं



मतदान केंद्र पर वोट डालने के लिए लाइन में लगीं महिलाएं। ● अमृत विचार

**एटा, अमृत विचार:** लोकतंत्र के महापर्व में महिलाएं भी पीछे नहीं रहीं। घूंघट की ओट से बाहर निकल महिलाओं ने उत्साह के साथ बूथों पर पहुंचकर वोट डाले। घर का काम छोड़ वोट डालने के लिए कतार में घंटों खड़ी रहीं। संजय नगर में मतदेय स्थल की लाइनें महिलाओं से भरी रही।

एटा-कासगंज संसदीय सीट पर मंगलवार को हुए मतदान में महिलाओं का उत्साह देखते ही बना। हाथ में मतदाता पर्ची और पहचान पत्र लिए महिलाएं लाइन में लगकर घंटों अपनी बारी का इंतजार करतीं रहीं। वोट डालने पहुंची सपना, प्रिया, अंजली, काजल, सुधा, प्रेमवती, रजनी,नेकसे देवी पारुल आदि का कहना था कि घर में रोज का काम है। यह महापर्व पांच साल बाद आता है। वोट डालने के बाद घर जाकर काम देखेंगी।

संजय नगर निवासी रजनी का कहना था कि पांच साल में एक बार देश की सरकार बनाने में वोट डालने का मौका मिलता है। वह इस मौके को नही छोड़ना चाहती। यही वजह है कि सभी काम छोड़कर पहले मतदान करने आई।

# मतदान के लिए बुजुर्गों में दिखा जोश



अपनों के सहारे वोट डालने जातीं बुजुर्ग महिलाएं। ● अमृत विचार

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार :** बुजुर्गों ने भी वोट डालने में उत्साह दिखाया। तमाम बुजुर्ग खुद छड़ी हाथ में लिए वोट डालने पहुंचे। उन्हें लंबी लाइन से अलग पहले वोट डालने की व्यवस्था की गई। 95 वर्ष की संतोषी देवी अपने भतीजों के सहारे मतदान करने पहुंचीं।

बुजुर्ग ओमवती देवी को परिजन सहारा देकर मतदान केंद्र तक लाए। हंसमुखी कहती हैं कि वायदों से कुछ नहीं होता। भ्रष्टाचार में देश जकड़ा है। ऐसे में वोट देना भूल गए तो भावी पीढ़ी को खामियाजा भुगतना पड़ेगा। रामपाल सिंह उम्र को मात देकर वोट डालने आए। कहते हैं कि स्वस्थ लोकतंत्र की आस में वोट देने को आया हूं, ताकि नेताओं को आत्मचिंतन करना पड़े। बुजुर्ग श्याम मोहन विनय, राजवीर सिंह, बरकत कृष्ण, श्यौराज सिंह सुमन यादव वोट देकर उत्साहित दिखे। शहर में 87 वर्षीय नत्थू सिंह बोले हर बार वोट डालता आया हूं। 86 वर्षीय करन सिंह मतदान केन्द्र लाठी के सहारे पैदल पहुंचे। बीमार होने के बावजूद 85 वर्षीय बेकुंठी देवी बेटों का सहारा लेकर वोट डालने पहुंचीं। 85 वर्षीय शारदा बिना ट्राइसाइकिल के एक कदम नहीं चल पातीं। वोट डालने पहुंचीं। 98 साल की प्रेमादेवी ने भी अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

## लापता किशोरी का नहीं लगा सुराग, रिपोर्ट दर्ज

**जलेसर, अमृत विचार:** एक ग्रामीण ने आरोप लगाया है कि उसकी पन्द्रह वर्षीय बेटी गांव में मौजूद थी, जो अचानक लापता हो गई। उसने एक युवक पर बहला फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया है।

ग्रामीण ने बहला फुसलाकर अगवा करने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया गया है। पीड़ित ने जलेसर पुलिस को बताया कि उसकी बेटी के साथ गांव में ही राहुल नामक व्यक्ति को देखा गया था। आरोप है कि राहुल ही बेटी को बहलाकर भगा ले गया। इस घटना के बाद, उसने संदिग्ध व्यक्ति की तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। मामले के दुष्प्रभावी प्रभाव को देखते हुए, लड़की के पिता ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है और तत्काल कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने इस मामले को गंभीरता से लेकर तत्काल कार्रवाई मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# ईवीएम की खराबी से कई जगह बाधित रहा मतदान

संवाददाता, एटा

● **पक्षपात का आरोप लगने पर जोनल मजिस्ट्रेट ने पीठासीन अधिकारी को हटाया**

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव के तृतीय चरण में मंगलवार को हुए मतदान के दौरान कई मतदान केंद्रों पर ईवीएम की खराबी से मतदान बाधित रहा। कई जगह मतदान कर्मियों पर पक्षपात का आरोप लगा। पीठासीन अधिकारियों को इधर से उधर करने और शांति भंग की आशंका में कुछ लोगों को थाने में बैठा लिया गया।

मंगलवार को सुबह 7 बजे मतदान आरंभ हुआ। शुरूआत में ही ईवीएम खराब होने की शिकायतें आने लगीं। एटा शहर सहित कई बूथों पर ईवीएम के खराब होने की शिकायतें मिलीं। इसके अलावा आधा दर्जन स्थानों पर ईवीएम खराब होने की शिकायत आयीं। वहीं, जिले के एक मतदान केन्द्र पर जबरन एक प्रत्याशी के पक्ष में मतदान कराने के प्रयास के चलते हंगामा हो गया। इसकी खबर मिलते ही वहां सेक्टर मजिस्ट्रेट पहुंच गए। उनसे भी लोगों की झड़पें हुईं। इसके बाद वहां पहुंचे जोनल मजिस्ट्रेट ने पीठासीन अधिकारी को हटाकर दूसरे को बैठाकर मतदान चालू कराया। इसी प्रकार एक बूथ केन्द्र पर शांतिभंग की आशंका में पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में लेकर थाने भेज दिया। इधर, एटा विधानसभा के एक पोलिंग सेंटर पर ग्राम प्रधान ने वहां तैनात पुलिस कर्मी की संदिग्ध भूमिका होने की शिकायत की।

## सार-संक्षेप

### रोडवेज पर यात्रियों के इंतजार में खाली खड़ी रहीं बसें



एटा। मंगलवार को मतदान के दौरान रोडवेज पर सन्नाटा पसरा रहा। यात्रियों के इंतजार में बसें खड़ी रहीं। वहीं बाहरी बसें शहर के बाहर से चलीं। मंगलवार को सुबह से ही रोडवेज सन्नाटे में डूबा रहा। हालांकि अधिग्रहण से बचीं बसे रोडवेज पर आकर खड़ी हो गई थीं। साढ़े दस बजे पहली बस दिल्ली के लिए रवाना हुई। बस अड्डे पर यात्रियों के नहीं पहुंचने के कारण बाहर से आने वाली बस भी यहां नहीं रुकी। मतदानखत्म होने के बाद शाम को दिल्ली जाने वाले यात्रियों की भीड़ बढ़ना शुरू हो गई। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक ने बताया कि सुबह दस बजे के बाद कुछ यात्री बस अड्डा पर पहुंचे। यात्रियों की संख्या कम होने से बस खड़ी रही। शाम चार बजे के बाद यात्रियों का आवागमन शुरू हुआ।

### छात्राओं ने किया मतदान में सहयोग

एटा। विद्यालय प्रबंधन की ओर से लगाई गयी बालिकाओं व स्काउट व गाइड के बच्चों ने अपने सेवाभाव से लोगों का मन मोह लिया। ये बच्चियां मतदाताओं को पानी पिलाने, उन्हें संबंधित बूथ तक पहुंचाने का कार्य कर ही रही थीं। किसी वृद्ध या विकलांग मतदाता के आने पर उसे सहारा देकर बूथ तक ले जा रही थीं। बच्चियों के इस प्रयास की एएसपी संजय कुमार, मारहरा थाना प्रभारी सतपाल भाटी, वहां मौजूद सुरक्षाकर्मी व अन्य मतदाता प्रसंशा कर रहे थे।

### तीसरी आंख की निगरानी में रहेंगी ईवीएम, पुलिस मुस्तैद

एटा। मतदान प्रक्रिया संपन्न होने के बाद इलेक्ट्रानिक्स वोटिंग मशीनें जमा की गईं। लोकसभा क्षेत्र की ईवीएम को अलग-अलग कमरों में रखा गया है। रखवाली के लिए फोर्स के जवान राउंड द क्लॉक लगाए गए हैं। फोर्स के अलावा प्रत्याशियों के मतगणना एजेंट भी ईवीएम की रखवाली कर रहे हैं। हर कमरे के बाहर सीसी टीवी कैमरे लगाए गए हैं। मशीन की सील चेक करने के बाद ईवीएम स्ट्रांग रूम में रखवाई गईं। इसके बाद स्ट्रांग रूम का ताला सील कर दिया गया। गेट पर जवान तैनात किए गए हैं। स्ट्रांग रूम के आसपास किसी को जाने की इजाजत नहीं है। प्रत्याशियों के एजेंट कुछ दूर से निगरानी कर सकेंगे। पहली दफा सीसी कैमरे भी लगाए हैं। इन कैमरों के जरिए इलेक्ट्रानिक जांच की व्यवस्था है। सीसी वीडियो फुटेज जरूरत पडऩे पर चेक भी किए जाएंगे। इसके अलावा कंट्रोल रूम में बैठा अधिकारी लगातार सीसी कैमरे से आने वाली तस्वीरों पर नजर रखेंगे। यदि कहीं दिक्कत होगी तो तुरंत संबंधित अफसरों को खबर करेगा। मतगणना के लिए पहले ही जगह खाली करा दी गई है। गेट पर पुलिस लगा दी गई है। इस नाते बाहरी लोगों की आवाजाही न के बराबर है। इसमें लापरवाही पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सुरक्षा कर्मियों को जरूरी निर्देश दे दिए गए हैं।

# हालात का जायजा लेते रहे डीएम और एसएसपी



मतदान केन्द्र पर वोट डालने आई महिलाओं की पर्ची देखते डीएम व एसएसपी।

**एटा, अमृत विचार:** मंगलवारको मतदान के दौरान डीएम प्रेम रंजन सिंह और एसएसपी राजेश

कुमार सिंह मतदान केंद्रों लगातार भ्रमण कर हालात का जायजा लेते रहे। उन्होंने पूर्व माध्यमिक विद्यालय अंबारी, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज लाल गढ़ी के मतदान केंद्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने बूथ स्तर पर सुरक्षा की व्यवस्था में सुनिश्चित किया और वोटरों को चुनावी प्रक्रिया में कोई अड़चन न हो। अधीनस्थों को भी निर्देश दिए गए हैं कि वे समान रूप से और संवैधानिक तरीके से काम करें।

## मारपीट की घटनाओं में कई लोग घायल

**एटा, अमृत विचार:** जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में हुईं मारपीट की घटनाओं में कई लोग घायल हुए है।

अवागढ़ के गांव मीसाकला निवासी कन्हैया पुत्र रमेशपाल का आरोप है कि गांव के निवासी रामू पुत्र जयपाल सिंह समेत पांच लोगों ने एकराय होकर पीड़ित व उसके भाई के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की गई। भाई को मोटरसाईकिल से अधमरा कर दिया। जसरथपुर के गांव नदराला निवासी अफरोज बेगम पत्नी अबरार खां का आरोप है कि गांव के निवासी इमरान खां पुत्र शमशुल खां समेत चार लोगों ने पीड़ित के घर में घुसकर बच्चों के साथ मारपीट की गाली गलौज करते हुए धमक दी है। मारहरा के गांव पिदौरा निवासी गुड्डू दीक्षि पुत्र अवधेश दीक्षित का आरोप है कि गांव के निवासी विकास दीक्षित पुत्र मुन्नालाल दीक्षित ने गाली गलौज करते हुए मारपीट की है। जलेसर के गांव पिलखतरा निवासी सत्यपाल सिंह पुत्र महेन्द्र सिंह का कहना है कि गांव के निवासी शेरपाल पुत्र महीपाल सिंह ने अपने साथियों के साथ मिलकर पीड़ित व उसके भाई के साथ मारपीट की, गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई।

## अकबरपुर बंबा में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**एटा, अमृत विचार:** मलावन थाना क्षेत्र के गांव अकबरपुर में मंगलवार को एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में हलचल मच गई। सूचना प्राप्त होते ही पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में कर लिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। इस मामले की जांच जारी है। देर शाम तक मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी।

# युवाओं ने रोजगार की उम्मीद से दबाया बटन



मतदान केंद्र पर लाइन में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करते मतदाता।



स्याही लगी उंगली दिखाता रोहिता।

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार:** युवाओं ने भ्रष्टाचार मुक्त सरकार, विकास व रोजगार और युवतियों ने सुरक्षा बढ़ाने की उम्मीद से वोट डाला। पहली बार मतदान करने वाले युवक-युवतियां ज्यादा उत्साहित दिखे। युवाओं ने उम्मीद जताई है कि जिस प्रत्याशी को उनका पहला वोट गया है वही जीतेगा।

मतदान केंद्र पर मम्मी के साथ पहली बार वोट डालने पहुंची अनुराधा, 18 वर्षीय मुस्कान के चेहरे पर विशेष चमक थी। 18 वर्षीय संदीप कुमार ने रोजगार व भ्रष्टाचार मुक्त सरकार की उम्मीद में पहली बार वोट दिया। अरुण कुमार व सत्यप्रकाश ने उत्साह के साथ वोट दिया।

काजल ने महिला सुरक्षा बढ़ाने की उम्मीद पर वोट डाला। मुहम्मद आरिफ व बीटेक कर रहे अब्दुल फारुख बोले धर्म निरपेक्ष सरकार बने इसलिए वोट दिया है। रूबी यादव ने नई सरकार से महिलाओं की सुरक्षा व रोजगार मुहैया कराने की उम्मीद से वोट डाला। पहली बार मतदान करके लौटीं सत्यवती दीक्षित, संजना यादव, आरती कुशवाह का कहना है कि उन्हें पहली बार लगा कि वह भी लोकतंत्र का हिस्सा हैं।

20 वर्षीय शाहिद फारुखी, इंटर के छात्र 19 वर्षीय मोहित, बीएससी की छात्रा सपना यादव, सौम्या, नेहा, सुधा, रजनी, उर्मिला, सुप्रिया, श्वेता व प्रेमलता आदि ने गुरुवार को हुए लोकसभा मतदान में अपना पहला वोट डाला। रिजोर क्षेत्र के रहने वाले नीट की तैयारी कर रहे रोहित कुमार पहली बार मतदान किया।

## रन थ्रू ट्रेन से कटकर युवक की मौत, इंजन में फंसकर चला गया सिर

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** रेलवे स्टेशन पर रन थ्रू ट्रेन की चपेट में आकर एक युवक की कटकर मौत हो गई। युवक का सिर इंजन के काउ केचर में फंस कर चला गया। जबकि उसके शरीर के कई टुकड़े हो गए और रेलवे लाइन पर बिखर गए। रेल लाइन तीन पर पौन घंटे तक रेल संचालन बाधित रहा।

मंगलवार की सुबह पौने छह बजे एक युवक प्लेटफार्म चार से उतरकर प्लेटफार्म तीन पर रेल लाइन पार करके जा रहा था। लखनऊ की दिशा की तरफ से आई रन थ्रू ट्रेन की चपेट में आकर उसकी मौत हो गयी। उसका सिर ट्रेन के इंजन काउ केचर में फंस गया और आगे चला गया। जबकि उसके शरीर के कई टुकड़े हो गए और रेलवे लाइन पर इधर-उधर बिखर गए।


**गांधी स्मारक सुन्दर लाल इण्टर कॉलेज, बिलसण्डा-पीलीभीत**

**कृषि भूमि ठेके पर लेने हेतु सूचना**

विद्यालय की ग्राम हेमपुर पिपरगहना, हर्रायपुर एवं कुरैया खुर्द स्थित अपनी कृषि भूमि का एक वर्ष (2024-25) के लिए ठेके पर उठाना चाहता है। जो भी व्यक्ति उक्त भूमि को पूर्ण/आंशिक ठेके पर लेना चाहता है, वह भूमि का नम्बर एवं रकबे के विवरण देकर मोहरबंद निविदा डाल सकता है। निविदा दिनांक 16.05.2024 को अपराह्न 1.30 बजे विद्यालय में खोली जायेगी। निविदा खुलने से पूर्व शर्तनामे पर हस्ताक्षर करने होंगे एवं पूरे वर्ष के ठेके की रकम तुरन्त जमा करनी होगी।

| ग्राम | भूमि का रकबा एवं नम्बर |
|---|---|
| हेमपुर | 205अ/2.50 तथा 213/4.15 |
| कुरैंया | 7.12 एकड़ (तीन रकबों में) |
| पिपरगहना | 132/2.59 तथा 140/.01 |
| हर्रायपुर | 52/1.68 तथा 54/1.03 |

अध्यक्ष प्रबन्धक

**गांधी स्मारक सुन्दर लाल इण्टर कॉलेज, बिलसण्डा-पीलीभीत**




**आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा**

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 (पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन और अन्य बनाम भारत संघ और अन्य) में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितंबर, 2018 के निर्णय के अनुसार)

अभ्यर्थी का नाम एवं पताः अरविन्द कुमार सिंह, ढकिया इ० परवेजपुर, शाहजहांपुर
राजनैतिक दल का नामः भारतीय जनता पार्टी
निर्वाचन का नामः उपचुनाव विधानसभा, उत्तर प्रदेश
*निर्वाचन क्षेत्र का नामः 136- ददरौल

मै अरविन्द कुमार सिंह उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता हूं।

| क्र. सं. | लंबित आपराधिक मामले | | | आपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्धि के मामलों के संबंध में विवरण | |
|---|---|---|---|---|---|
| | न्यायालय का नाम | मामले की सं. एवं मामले की स्थिति तारीख | संबंधित अधिनियमों की धारा (धाराए) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण | न्यायालय का नाम एवं आदेश(शों) की तारीख | अपराध (अपराधों) और अधिरोपित दण्ड का विवरण |
| 1 | मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट शाहजहांपुर | 2424/2006 विचाराधीन | 147,353,427,332,336 (भारतीय दण्ड संहिता) व 7 क्रिमिनल एक्ट | शून्य | शून्य |

# नाम मोहन है मेरा, यादव समाज की खबर रखता हूं...

- लोकसभा चुनाव में बड़ी लकीर खींचने में लगे मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के सामने दोहरी चुनौती
- राज्य में शिवराज के रेकार्ड से आगे जाकर भाजपा को क्लीन स्वीप जीत दिलाकर भविष्य कर सकते मजबूत
- उत्तर प्रदेश, बिहार में जिन यादव बाहुल्य सीटों पर प्रचार किया है, वहां पार्टी की सफलता से सिर पर बंधेगा सेहरा



**चुनाव डेस्क**

अमृत विचार। इस बार के लोकसभा चुनाव में उत्तर भारत में अगर वोट इधर-उधर करने में किसी एक चेहरे की सबसे ज्यादा चर्चा है, तो वह मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव हैं। वह पांच माह पहले ही मुख्यमंत्री बने हैं, लेकिन लगातार बड़ी लकीर खींचने की कोशिश कर रहे हैं। उनके सामने भाजपा को राज्य में अब तक की सबसे बड़ी जीत दिलाने के साथ उत्तर प्रदेश और बिहार में यादव लैंड वाली सीटों पर कमल खिलाने की जमीन तैयार करने की दोहरी चुनौती है। ऐसे में इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है कि मोहन यादव के लिए यह लोकसभा चुनाव उनके सियासी जीवन के साथ भाजपा के उन रणनीतिकारों का भी सबसे बड़ा इम्तिहान साबित होने जा रहा है, जिन्होंने मध्यप्रदेश से बाहर उत्तर प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़ और यहां तक कि झारखंड में उनका जमकर इस्तेमाल यादव वोट बैंक को अपने पाले में लाने के लिए किया है।

- मध्य प्रदेश में मोहन यादव के सामने पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का रेकॉर्ड है, जिसे तोड़ना आसान नहीं है। प्रदेश में लोकसभा की 29 सीटें हैं और शिवराज सिंह विधानसभा चुनावों के साथ भाजपा को लोकसभा चुनावों में भी बड़ी जीत दिला चुके हैं। उनके नेतृत्व में 2014 के चुनाव में 26 लोकसभा सीटें फिर 2019 में 28 सीटों तक पहुंची भाजपा ने इस बार मध्य प्रदेश में सभी 29 सीटों पर जीत दर्ज करने का लक्ष्य तय कर रखा है। केंद्रीय नेतृत्व से लेकर पूरी राज्य भाजपा इस काम में जुटी है। लेकिन जिस तरह मोहन यादव की अगुवाई में पहले कमलनाथ के गढ़ छिंदवाड़ा फिर दिग्विजय सिंह के चुनाव क्षेत्र रायगढ़ में घेरेबंदी की गई, उससे साफ है कि परिणाम के अंजाम का सेहरा भी मोहन यादव के सिर पर ही बंधना है।
- राज्य के चुनावी इतिहास में सभी सीटें जीतने का रेकार्ड अभी कांग्रेस के नाम पर है, जिसने 1984 में इंदिरा गांधी की हत्या के बाद उपजी सहानुभूति की लहर में मध्यप्रदेश में लोकसभा की सभी सीटें जीत ली थीं। ऐसे में मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री मोहन यादव के भविष्य की मजबूती इसी बात पर टकी है कि क्या वह भी भाजपा को इस बार क्लीन स्वीप जीत दिला पाएंगे या कि 28 सीटें जीतने वाले शिवराज के रेकार्ड की बराबरी कर पाएंगे।

**स्टार प्रचारकों की सूची में पीएम मोदी, नड्डा, शाह, राजनाथ और योगी के बाद है नाम**

- मोहन यादव के सामने राज्य से बाहर दूसरी चुनौती भी कम नहीं है। भाजपा उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी और बिहार में राष्ट्रीय जनता दल के कोर वोट बैंक में सेंध लगाने के लिए उनका चुनाव शुरू होने से पहले अब तक पूरा इस्तेमाल कर रही है। इस काम में मोहन यादव कितने महत्वपूर्ण है, इसे इस बात से समझा जा सकता है कि उत्तर प्रदेश के स्टार प्रचारकों की सूची में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बाद मोहन यादव का ही नाम है। बिहार के लिए जारी 40 स्टार प्रचारकों की लिस्ट में भी भाजपा ने उनका नाम ऊपर ही रखा है।

## यूपी और बिहार में 'यादव चला मोहन के साथ' का किया जा रहा प्रचार

उत्तर प्रदेश में माना जाता है कि नौ फीसदी यादव वोटर है, जो परंपरागत रूप से समाजवादी पार्टी के समर्थक हैं। यादव मतदाता मैनपुरी, फिरोजाबाद, बदायूं, एटा, फर्रुखाबाद, बलिया, आजमगढ़ समेत करीब दर्जन भर लोकसभा सीटों पर चुनाव नतीजे तय करने में निर्णायक भूमिका निभाते हैं। सीएसडीएस की रिपोर्ट के मुताबिक 2019 के लोकसभा चुनाव में 60 फीसदी से अधिक यादव मतदाताओं ने सपा-बसपा गठबंधन के पक्ष में मतदान किया था। भाजपा को 23 फीसदी और कांग्रेस को पांच फीसदी यादव वोट ही मिले थे। इसी तरह बिहार सरकार की ओर से जारी जातिगत जनगणना के आंकड़ों के मुताबिक राज्य की आबादी में यादवों की भागीदारी लगभग 15 फीसदी है। पूर्णिया, अररिया, मधेपुरा समेत बिहार में करीब एक दर्जन सीटें यादव बाहुल्य हैं। बिहार में यादव यादव वोटर लालू यादव की पार्टी आरजेडी के कोर वोटर माने जाते हैं। बात मध्य प्रदेश की करें, तो यादव समुदाय की आबादी राज्य के बुंदेलखंड क्षेत्र में अच्छी संख्या में है। मध्य प्रदेश में यादव वोट भाजपा और कांग्रेस में बंटते रहे हैं। ऐसा नहीं है कि भाजपा के पास यूपी-बिहार में यादव नेताओं की कमी है, लेकिन इसके बाद भी मोहन यादव को दोनों राज्यों में यादव बाहुल्य सीटों पर प्रचार में बुलाने के पीछे भाजपा की बड़ी रणनीति है। भाजपा मोहन यादव के जरिए यादव मतदाताओं को यह संदेश दे रही है कि मुलायम-लालू की परिवारवादी पार्टियों के विपरीत भाजपा में कोई भी यादव कितने भी बड़े पद पर जा सकता है। भाजपा में कार्यकर्ता मायने रखता है। यह मायने नहीं रखता कि कौन किसके कितना करीब है। यूपी और बिहार में इसी के चलते यादव चला मोहन के साथ वाले पोस्टर बैनर बड़ी संख्या में लगाकर पहले माहौल भी बनाया गया था।

---

**मुंबई में महामुकाबला**

**तीन सीटों पर दोनों सेना में सीधी टक्कर, दो सीटों पर भाजपा कांग्रेस में संघर्ष, एक सीट पर टकरा रही उद्धव सेना और भाजपा**

**02** **गठबंधन :** महायुति में बीजेपी, एनसीपी (अजित पवार) और शिवसेना (एकनाथ शिंदे) गुट और महा विकास अघाड़ी में शिवसेना (यूबीटी), एनसीपी (शरद पवार) और कांग्रेस शामिल हैं।

# युति जीतेगी भरोसा या अघाड़ी की दौड़ेगी गाड़ी



मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचार।** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में छह लोकसभा सीटें मुंबई दक्षिण, मुंबई दक्षिण-मध्य, मुंबई उत्तर, मुंबई उत्तर-मध्य, मुंबई उत्तर-पूर्व, मुंबई उत्तर-पश्चिम हैं। इन सभी सीटों पर 20 मई को पांचवें चरण में वोट डाले जाएंगे। पांचवें चरण में महाराष्ट्र में कुल 13 सीटों पर मतदान होगा। मुंबई में इस बार चुनावी तस्वीर बिल्कुल बदली हुई है।

शिवसेना में टूट के बाद एक तरफ एकनाथ शिंदे की शिवसेना तो दूसरी तरफ उद्धव ठाकरे की शिवसेना (यूबीटी) है। दोनों गुटों के बीच मुंबई में लोकसभा की तीन सीटों पर सीधी टक्कर है। दो सीटों पर भाजपा और कांग्रेस में कड़ा मुकाबला है, जबकि एक सीट पर शिवसेना (यूबीटी) और भाजपा में सीधी भिड़ंत हो रही है। मुंबई में 2019 के चुनाव में छह सीटों में भाजपा और शिवसेना (अविभाजित) ने तीन-तीन सीटें जीती थीं।

## वर्षा के लिए नया क्षेत्र, निकम का पहला चुनाव, दोनों दलों में स्थानीय नेता नाराज


**उत्तर-मध्य लोकसभा सीट**

उत्तर-मध्य लोकसभा सीट मुंबई की हाई प्रोफाइल सीट है। यहां फिल्मी सितारे, उद्योगपति, नेताओं के साथ ही झुग्गियों में भी लोग रहते हैं। कांग्रेस ने इस सीट से अपनी प्रदेश अध्यक्ष वर्षा गायकवाड़ को उतारा है। वर्षा का मुख्य जनाधार धारावी में है, जहां से वह विधायक हैं, इसलिए वह दक्षिण-मध्य सीट से चुनाव लड़ना चाहती थीं। वर्षा को टिकट मिलने से कांग्रेस के स्थानीय नेताओं में नाराजगी है। कुछ ऐसा ही हाल भाजपा के उम्मीदवार प्रसिद्ध वकील उज्ज्वल निकम का भी है। उनके खिलाफ भी पार्टी में अंदरूनी सुगबुगाहट है। स्थानीय भाजपा नेता निकम को पैराशूट प्रत्याशी कह रहे हैं। भाजपा नेताओं के अनुसार निकम को दिल्ली की कृपा से टिकट मिला है। वह पार्टी से भी नहीं जुड़े थे। कार्यकर्ताओं का कहना है कि निकम बड़े वकील हैं, ऐसे में वह जीतने के बाद उनके लिए समय नहीं निकल पाएंगे। भाजपा-कांग्रेस दोनों के प्रत्याशी अंतर्कलह से जूझ रहे हैं। निकम के लिए भाजपा नेता नाराजगी दूर करने में सफल होते नजर आ रहे हैं, वहीं वर्षा को कांग्रेस के बजाय उद्धव ठाकरे की शिवसेना पर ज्यादा निर्भर होना पड़ रहा है। उत्तर मध्य लोकसभा सीट बीते 10 साल से भाजपा के पास है। भाजपा ने यहां की सांसद पूनम महाजन को मौका नहीं दिया है।

लोकसभा क्षेत्र की छह विधानसभा सीटों में भाजपा के पास दो, शिंदे की शिवसेना के पास दो, उद्धव की शिवसेना और कांग्रेस के पास एक-एक सीट है। 2019 में भाजपा की पूनम महाजन 4.86 लाख वोट और कांग्रेस की प्रिया दत्त को 3.56 लाख वोट मिले थे। वंचित बहुजन आघाडी के उम्मीदवार अब्दुल रहमान ने 33,703 वोट पाए थे।

## उत्तर पश्चिम सीट : उत्तर भारतीय वोटरों का मिलेगा जिसे समर्थन वही जीतेगा रण

मुंबई उत्तर पश्चिम सीट से चुनाव लड़ने के विवाद के कारण ही संजय निरुपम के बोल बिगड़े और कांग्रेस ने उन्हें पार्टी से निकाला, तो निरुपम में शिंदे गुट का दामन थाम लिया। शिवसेना शिंदे गुट ने इस सीट पर जोगेश्वरी (पूर्व) विधानसभा क्षेत्र के विधायक रवींद्र वायकर को चुनावी मैदान में उतारा है। शिवसेना उद्धव ठाकरे की तरफ से अमोल कीर्तिकर पहले ही यहां मैदान में हैं। इस लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत छह विधानसभा सीटें आती हैं। इनमें से तीन पर भाजपा का कब्जा है। मुंबई उपनगर की यह सीट उत्तर भारतीय बहुल मानी जाती है। यही कारण है कि यहां से अभिनेता सुनील दत्त पांच बार एवं उनके निधन के बाद उनकी पुत्री प्रिया दत्त एक बार सांसद रही हैं। मशहूर वकील राम जेठमलानी भी 1977 एवं 1980 में इस सीट से जीत चुके हैं। इस सीट पर भाजपा ने कभी चुनाव नहीं लड़ा है। इस बार भी महायुति के सीट बंटवारे में यह सीट शिवसेना शिंदे गुट के पास गई। नाम वापसी के बाद इस सीट पर 21 उम्मीदवार मैदान में हैं। लोकसभा चुनाव 2019 में इस सीट पर शिवसेना प्रत्याशी गजानन कीर्तिकर को जीत हासिल हुई थी। उन्हें 570063 वोट मिले थे। कांग्रेस प्रत्याशी संजय निरुपम दूसरे स्थान पर रहे थे। उन्हें 309735 वोट मिले थे। जीत का अंतर 260328 था।



रवींद्र वायकर।

## ध्रुवीकरण की राजनीति गर्मायी, चुनाव गुजराती बनाम मराठी बनाने के प्रयास


मुंबई उत्तर पूर्व लोकसभा सीट से भाजपा के मिहिर चंद्रकांत कोटेचा और शिवसेना उद्धव ठाकरे के प्रत्याशी संजय दीना पाटिल के बीच मुकाबला हो रहा है। यहां बसपा से देश विट्ठल उमप भी मैदान में है। इस लोकसभा क्षेत्र में देश का सबसे बड़ा बंदरगाह है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज भी यहीं है, जो एशिया का सबसे पुराना स्टॉक एक्सचेंज है। इस लोकसभा क्षेत्र में मतों का ध्रुवीकरण करने की कवायद शुरू हो गई है। चुनाव प्रचार के दौरान गुजराती बनाम मराठी मुद्दा भी देखने को मिल रहा है। कई रिहायशी सोसायटी में दूसरे प्रत्याशी को प्रचार करने से रोके जाने या बाद में आने के लिए कहकर टालने की शिकायतें आ रही हैं। 2019 के चुनाव में एनसीपी ने यहां से संजय पाटिल को टिकट दिया था। भाजपा से मनोज कोटक मैदान में थे। जीत मनोज किशोरभाई कोटक को मिली थी। उन्हें 5,14,599 वोट मिले थे. जबकि एनसीपी के संजय दीना पाटिल 2,88,113 वोटों के साथ दूसरे स्थान पर थे, वंचित अघाडी के निहारिका खोंडाले 68,239 वोटों के साथ तीसरे स्थान पर रहे थे। 2014 में इस सीट से भाजपा के किरीट सौमेया ने 5,25,285 वोट पाकर जीत हासिल की थी। एनसीपी के संजय पाटिल दूसरे और आम आदमी पार्टी से उतरीं नर्मदा बचाओ आंदोलन से जुड़ीं मेधा पाटकर ने तीसरा स्थान पाया था।



मिहिर चंद्रकांत कोटेचा।

## दक्षिण लोकसभा सीट: सावंत के सामने जीत की हैट्रिक लगाकर उद्धव सेना का झंडा लहराने की चुनौती


मुंबई दक्षिण लोकसभा सीट समृद्ध इलाका है। गेट वे आफ इंडिया, हाजी अली दरगाह के अलावा यह व्यावसायिक क्षेत्र है। इस सीट पर शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना से यामिनी जाधव मैदान में उतरी हैं। पहले इस सीट से भाजपा चुनाव लड़ना चाह रही थी, पार्टी ने विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर को उतारने के संकेत भी दिए थे, लेकिन अंतत: शिंदे का दावा भारी पड़ा। यामिनी का मुकाबला मौजूदा सांसद शिवसेना यूबीटी के अरविंद सावंत से होगा, जो उद्धव ठाकरे के खास सिपहसलार माने जाते हैं। पूर्व पार्षद यामिनी जाधव भायखाला से विधायक चुनी गई थीं और लोकसभा का चुनाव लड़ रही हैं। वह उन 39 विधायकों में शामिल थीं, जिन्होंने उद्धव ठाकरे के खिलाफ बगावत में शिंदे को समर्थन दिया था। 2019 के चुनाव में इस सीट से शिवसेना के अरविंद गणपत सावंत ने जीत हासिल की थी, उन्हें 4,21,937 वोट मिले थे, जबकि कांग्रेस के मिलिंद मुरली देवड़ा 3,21,870 वोटों के साथ दूसरे और वंचित अघाडी के अनिल चौधरी 30,348 वोटों के साथ तीसरे स्थान पर रहे थे। 2014 के चुनाव में भी सावंत ने देवड़ा को पराजित किया था। इस सीट पर मराठी और गुजराती वोटर हार-जीत तय करते हैं।



अरविंद सावंत।

## उत्तर लोकसभा सीट: केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल का पहला चुनाव, मराठी और गुजराती मतदाता होंगे निर्णायक

केंद्र सरकार के दिग्गज मंत्री पीयूष गोयल पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ने मुंबई उत्तर लोकसभा सीट से उतरे हैं। यहां उनका मुकाबला कांग्रेस प्रत्याशी भूषण पाटिल से है। पाटिल 2009 में लोकसभा का चुनाव लड़ चुके हैं। कांग्रेस की राज्य इकाई के उपाध्यक्ष हैं। भाजपा प्रत्याशी पीयूष गोयल अपनी साफ-सुथरी छवि को आगे रखकर केंद्र सरकार की उपलब्धियों की याद दिलाते हुए मतदाताओं से संपर्क कर रहे हैं। वह महाराष्ट्र से राज्यसभा के सांसद रहे हैं। भाजपा ने मुंबई उत्तर सीट से लगातार दो बार सांसद रहे गोपाल शेट्टी का टिकट काटकर पीयूष पर दांव लगाया है। मराठी और गुजराती मतदाताओं पर भाजपा और कांग्रेस दोनों ने फोकस कर रखा है। 17.75 लाख वोटर वाली मुंबई उत्तर लोकसभा सीट पर 47 फीसदी मराठी, 13 फीसदी गुजराती और 13 फीसदी मुस्लिम वोटर हैं। इस सीट पर भाजपा और कांग्रेस के बीच ही वर्चस्व की लड़ाई होती आयी है। लोकसभा क्षेत्र की छह विधानसभा सीटों में चार बोरीवली, दहिसर, चारकोप और कांदीवली पूर्व पर भाजपा तो माल्दा पश्चिम पर कांग्रेस और मागाठाणे पर शिवसेना का कब्जा है। 2019 के चुनाव में भाजपा के गोपाल शेट्टी ने कांग्रेस की उर्मिला मातोंडकर को 4,65,247 वोटों से हराया था। 2014 के चुनाव में शेट्टी ने कांग्रेस के संजय निरुपम को लगभग साढ़े चार लाख वोटों से परास्त किया था।




पीयूष गोयल।

### सोमवार को मतदान, लंबा वीकेंड मिलने से छुट्टी मनाने बाहर न निकल जाएं लोग

- मुंबई में 20 मई को वोटिंग के दिन सोमवार पड़ रहा है। ऐसे में अनुमान लगाया जा रहा है कि लंबा वीकेंड देखते हुए लोग शुक्रवार से ही शहर से बाहर जा सकते हैं। शनिवार-रविवार छुट्टी रहेगी और सोमवार को वोटिंग के लिए अतिरिक्त छुट्टी मिल जाएगी। लेकिन इससे मतदान प्रतिशत पर असर पड़ सकता है। दक्षिण मुंबई सीट पर लोकसभा चुनाव में सबसे कम वोटिंग होती है। इस इलाके में सबसे ज्यादा धनी लोग रहते हैं। 2019 में मुंबई में लोकसभा चुनाव 29 अप्रैल को हुआ था, उस दिन भी सोमवार था। नतीजन इस सीट पर मुंबई में सबसे कम 51.45% मतदान हुआ था। मुंबई उत्तर-मध्य सीट पर 53.61%, उत्तर-पश्चिम सीट पर 54.28%, दक्षिण-मध्य सीट पर 55.24%, उत्तर-पूर्व सीट पर 57.12% और उत्तर लोकसभा सीट पर 59.98% वोटिंग हुई थी।

## दक्षिण मध्य लोकसभा सीट: शिवाजी पार्क और सेना भवन वाले इलाके में दोनों सेनाओं के बीच कांटे की टक्कर

मुंबई दक्षिण मध्य लोकसभा सीट पर मुकाबला दोनों शिवसेना के बीच है। यहां से दो बार शिवसेना सांसद राहुल शेवाले जो अब शिंदे गुट के साथ हैं, जीत की हैट्रिक लगाने मैदान में उतरे हैं। उनका मुकाबला शिवसेना उद्धव गुट के प्रत्याशी अनिल देसाई से है। देसाई कुछ समय पहले तक राज्य सभा के सदस्य थे। इस लोकसभा क्षेत्र में ही सेना भवन स्थित है। यहीं शिवाजी पार्क भी हैं, जहां शिवसेना दशहरा रैली करती रही है। एशिया की सबसे बड़ी स्लम धारावी भी यहीं हैं। इसी कारण यहां मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की साख की लड़ाई मानी जा रही है। लोग दोनों शिवसेना की असली परीक्षा मान रहे हैं। इस सीट पर जिसका उम्मीदवार जीतेगा, उससे साफ हो जाएगा कि मराठी मतदाता किसके साथ है। इस सीट पर 2014 और 2019 दोनों चुनावों में शिवसेना के राहुल रमेश शेवाले और कांग्रेस के एकनाथ एम गायकवाड़ के बीच मुकाबला हुआ था और दोनों ही बार राहुल शेवाले को जीत मिली। 2014 में उन्होंने गायकवाड़ को एक लाख 38 हजार और 2019 में डेढ़ लाख मतों से पराजित किया था। इस सीट पर दलित और मुस्लिम वोटर बड़ा पैक्टर है। छह में चार विधानसभा सीटें महायुति और दो महाविकास अघाडी के पास हैं।



राहुल शेवाले।

### 400 पार का संगीत



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र के अंबेडकर नगर में राजग प्रत्याशी के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने उनका स्वागत किया।

### सभी सीटों पर भाजपा के विधायक

- लोकसभा क्षेत्र में उन्नाव, बांगरमऊ, सफीपुर, मोहान, भगवंतनगर और पुरवा विधानसभा सीटें हैं। इन सभी सीटों पर भाजपा का कब्जा है। यहां तक कि जिला पंचायत अध्यक्ष पद भी भाजपा के ही पास है। कहा जा रहा है कि भाजपा के एक- दो विधायक भी सांसद से नाराज हैं, लेकिन बात पीएम मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने की है तो वे लगातार क्षेत्र में भ्रमण करते हुए वोट मांग रहे हैं। हालांकि कई बार अपनों के बीच उनका दर्द छलक भी जाता है। 2017 में भाजपा के पास पांच विधानसभा सीटें थीं। पुरवा विधानसभा सीट तब बसपा के खाते में गई थी हालांकि उसके विधायक अनिल सिंह कुछ दिनों बाद ही भाजपा के संपर्क में आ गए थे। 2022 में वे भाजपा के टिकट पर ही जीते थे।





**02**

महिलाएं ही उन्नाव सीट से बनी सांसद, दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित ने भी आजमाई थी यहां से किस्मत

# साक्षी महाराज की हैट्रिक में अन्नू की चुनौती के सामने अशोक का त्रिकोण

**उन्नाव संसदीय सीट**

प्रकाश तिवारी, उन्नाव


भाजपा सांसद साक्षी महाराज।


सपा प्रत्याशी अन्नू टंडन।


बसपा प्रत्याशी अशोक पांडेय।

**अमृत विचार।** 1991 की राम मंदिर लहर में पहली बार उन्नाव संसदीय सीट का किला फतह करने वाली भाजपा ने तब लगातार तीन चुनाव जीतकर हैट्रिक लगाई थी। अब एक बार फिर तब के भाजपा सांसद देवीबख्श सिंह की जीत के रिकार्ड की बराबरी करने के लिए साक्षी महाराज जोर आजमाइश कर रहे हैं। 2014 की मोदी लहर में जीते साक्षी महाराज ने 2019 में भी बड़े अंतर से सपा उम्मीदवार को हराया था। अबकी बार वे मोदी की गारंटी और राष्ट्रवाद के रंग को गाढ़ा कर इस सीट पर जीत की हैट्रिक दर्ज करने के लिए गुणा- भाग कर रहे हैं। अपनी इस कोशिश में वह राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के मुद्दे को भी भुना रहे हैं। इसी सीट से 2009 में कांग्रेस से सांसद रहीं अन्नू टंडन इस बार सपा की साइकिल पर सवार होकर उन्हें चुनौती दे रही हैं। इस लड़ाई को पत्रकार से नेता बने अशोक पांडेय हाथी के महावत बनकर त्रिकोणीय बनाने में प्रयासरत है। अब इस बार सांसद कौन बनेगा यह तो मतदान और परिणाम बताएगा, फिलहाल उन्नाव सीट पर मुकाबला दिनों दिन रोचक होता जा रहा है।

**बदला परिसीमन तो खुली कांग्रेस की किस्मतः** 2008 में लोकसभा क्षेत्र का परिसीमन हुआ तो पुरवा, मोहान, भगवंतनगर, सफीपुर, बांगरमऊ और उन्नाव सदर विधानसभा सीट को मिलाकर उन्नाव संसदीय सीट का नए सिरे से गठन हुआ।

उन्नाव से सटी मोहनलालगंज सुरक्षित संसदीय सीट में शामिल जिले की दो विधानसभा सीटों को काटकर उन्नाव लोकसभा क्षेत्र बनाया गया था। इसके बाद जब 2009 में चुनाव हुआ तो कांग्रेस की अन्नू टंडन यहां से जीतने में कामयाब रहीं। हालांकि 1984 के बाद कांग्रेस यहां से कभी नहीं जीती थीं।

वनवास काट रही कांग्रेस का वनवास तो उस समय खत्म हो गया था लेकिन 2014 में जब मोदी लहर आई तो कांग्रेस को यह सीट भाजपा के हाथों गंवानी पड़ी। स्थिति ये रही कि पार्टी की प्रत्याशी अन्नू टंडन पिछड़कर चौथे स्थान पर पहुंच गईं। दूसरे नंबर पर सपा के अरुण शंकर शुक्ल और तीसरे पर बसपा के ब्रजेश पाठक थे। 2019 में जब सपा- बसपा का गठबंधन हुआ तो फिर भाजपा जीती और सपा के अरुण शंकर शुक्ल दूसरे और कांग्रेस की अन्नू टंडन तीसरे स्थान पर रहीं। अब अन्नू सपा के टिकट पर मैदान में हैं और उन्हें भरोसा है कि इस बार वह मैदान मार लेंगी।

### सबसे पहले कृष्ण देव त्रिपाठी ने लगाई थी हैट्रिक

- 1952 से 1971 तक इस संसदीय सीट पर कांग्रेस का कब्जा रहा। जब 1977 में जनता पार्टी की लहर आई तो कांग्रेस को यहां हार का सामना करना पड़ा था। कांग्रेस के कृष्ण देव त्रिपाठी ने 1962, 1967 और 1971 में लगातार तीन बार जीत दर्ज की थी। इस सीट पर सबसे पहले उन्होंने ही हैट्रिक लगाई थी। इसके बाद यह रिकार्ड भाजपा के देवी बख्श सिंह ने बनाया। उन्होंने 1991, 1996 और 1998 में इस सीट पर लगातार जीत दर्ज की। 1999 में सपा के दीपक कुमार ने यहां जीत दर्ज कर भाजपा के जीत के सिलसिले को तोड़ा था। हालांकि 2004 में बसपा के ब्रजेश पाठक ने सपा से यह सीट छीनी। 2014 में ब्रजेश पाठक इस सीट से हारे और फिर भाजपा में शामिल हुए।

### लोधी मतदाताओं की बहुलता

- लोधी मतदाताओं की बहुलता वाली इस संसदीय सीट पर 2004 में बसपा के टिकट पर जीते ब्रजेश पाठक इस वक्त भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रदेश सरकार में उप मुख्यमंत्री हैं। साक्षी महाराज की जीत की हैट्रिक की जिम्मेदारी वह बखूबी निभाते नजर भी आ रहे हैं। हालांकि पार्टी में कुछ मुद्दों पर साक्षी महाराज के प्रति नाराजगी भी है। जिसे पार्टी के बड़े नेता भी जानते हैं और उसे दूर करने की अंदरखाने कोशिश भी कर रहे हैं। साक्षी महाराज ने भी प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, पीएम किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं के लाभार्थियों के आंकड़े रट रखे हैं, वे सभाओं में इन्हें मतदाताओं को सुनाते हैं और अपनी उपलब्धियों की सूची में प्रयागराज- मेरठ एक्सप्रेस वे, रिंग रोड और कानपुर- लखनऊ एक्सप्रेस वे को जोड़ते हैं। लेकिन सपा प्रत्याशी अन्नू टंडन भी उनसे कहीं कम नजर नहीं आती हैं। वह भी मतदाताओं को बताने में लगी हैं कि रोजगार का वादा कर नौकरी न देने वालों की गारंटी में कोई दम नहीं है।
- चार सौ पार सीटें इसलिए चाहिए ताकि संविधान बदला जा सके और आरक्षण को खत्म किया जा सके। वह युवाओं को अग्निवीर योजना की कमियां बताती हैं और बेरोजगारी का दर्द उभारने की कोशिश करती हैं। इन दोनों योद्धाओं के चक्रव्यूह को तोड़कर जीत सुनिश्चित करने की कोशिश में अशोक पांडेय भी लगे हुए हैं। जल्द ही बसपा मुखिया मायावती और आकाश आनंद की सभा कराने की तैयारी कर रहे हैं। उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं को भी बसपा के परंपरागत मतदाताओं और ब्राह्मण मतदाताओं के सहारे जीत की उम्मीद नजर आ रही है।

**2019 में मत प्रतिशत**

| भाजपा | सपा | कांग्रेस |
|---|---|---|
| 56.87% | 24.46% | 15.01% |

**2014 में वोट शेयर**

| भाजपा | कांग्रेस | सपा | बसपा |
|---|---|---|---|
| 43.18% | 16.40 % | 17.37 % | 16.66 % |



| मतदाता | संख्या |
|---|---|
| पुरुष मतदाता | 1241096 |
| महिला मतदाता | 1095120 |
| थर्ड जेंडर मतदाता | 98 |
| कुल मतदाता | 2336314 |

### लोधी और पासी मतदाता होते निर्णायक

इस लोकसभा क्षेत्र में पासी और लोधी वोट निर्णायक भूमिका में है। लोधी मतदाताओं की संख्या करीब ढाई लाख तो पासी मतदाता डेढ़ लाख के आसपास हैं। यही वजह है कि सभी राजनीतिक पार्टियां दोनों ही जातियों के मतदाताओं पर विशेष नजर रखती हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां के पुलिस ट्रेनिंग सेंटर का नाम भी बदलकर गुलाब सिंह लोधी के नाम पर कर दिया था। एक माह पहले ही स्वतंत्रता संग्राम में शहीद हुए गुलाब सिंह लोधी की प्रतिमा का अनावरण भी किया था। जातीय समीकरणों को ध्यान में रखकर ही भाजपा ने यहां विधानसभा चुनाव में भी टिकट बांटे थे। पार्टी ने जहां बांगरमऊ में कुर्मी समाज के श्रीकांत कटियार को मौका दिया तो क्षत्रिय मतों को साधने के लिए पुरवा से अनिल सिंह को फिर से चेहरा बनाया। मोहान सुरक्षित सीट से पासी जाति के बृजेश रावत तो सफीपुर से बंबा लाल दिवाकर को चुना था। भगवंत नगर से आशुतोष शुक्ला तो उन्नाव से पंकज गुप्ता को उतार कर वैश्य जाति के वोटों को साध लिया था। यह गणित लोकसभा चुनाव में काम आए इसका भी ध्यान रखा जा रहा है।



**आरक्षण बचाओ**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दुर्गापुर क्षेत्र में रोड शो किया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर हमला बोला। कहा कि भाजपा सरकार आरक्षण को खत्म कर देगी।

## 10 से दिखेगा इंडिया गठबंधन का दम, रैलियां

चुनाव डेस्क, कानपुर

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में चौथे चरण का प्रचार थमने से एक दिन पूर्व कांग्रेस नेता राहुल गांधी व सपा मुखिया अखिलेश यादव शहर में गठबंधन प्रत्याशी का प्रचार प्रसार करने आएंगे। इंडिया गठबंधन की संयुक्त सभा लालइमली स्थित जीआईसी मैदान में होगी। इसकी तैयारियां तेज हो गईं हैं। कांग्रेस को लग रहा है कि इस बार कानपुर संसदीय सीट पर वह काबिज हो जाएगी। पार्टी यहां भाजपा के उम्मीदवार को बाहरी बताकर घेरने में लगी है।

राहुल गांधी और सपा प्रमुख अखिलेश यादव भी इस सभा में कानपुर में बंद मिलों का मुद्दा तो उठाएंगे ही साथ ही संविधान और आरक्षण बचाने के लिए गंठबंधन को वोट देने की अपील करेंगे।

10 मई को पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी व सपा मुखिया अखिलेश यादव कन्नौज व कानपुर में संयुक्त रूप से होने वाली इस जनसभा में गठबंधन के कई और बड़े नेताओं को भी लाने की तैयारी की जा रही है।

खास बात यह है कि इस दिन ही पूर्व मुख्यमंत्री एवं बसपा प्रमुख मायावती भी कानपुर में होंगी। अकबपुर संसदीय क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करेंगी। बसपा सुप्रीमो मायावती 10 मई को रमईपुर आयोजित जनसभा में आकाश आनंद भी आ सकते हैं। फिलहाल आकाश आनंद ने जनसभाओं में जाना बंद कर रखा है।



**ठोंकी ताल**

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं करनाल लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार मनोहर लाल खट्टर और केंद्रीय मंत्री व गुरुग्राम से उम्मीदवार राव इंद्रजीत सिंह ने नूंह में जनसभा को संबोधित किया।

# कम मतदान वाली सीटों पर नजदीकी मुकाबले की उभर रही तस्वीर

**सामयिक विश्लेषण**

राजपुरुष

**अमृत विचारः** प्रदेश की 10 सीटों पर मंगलवार को लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में औसतन 57.34% मतदान दर्ज किया गया है। हालांकि चुनाव आयोग द्वारा मतदान के अंतिम आंकड़े जारी किए जाने पर इस डाटा में थोड़ा बहुत अंतर आना संभावित है। लेकिन इतना साफ है कि संभल को छोड़कर किसी भी सीट पर मतदाता फर्स्ट डिवीजन पास नहीं हो पाए हैं।

प्रदेश में लगातार तीसरे चरण में कम मतदान को वोटर की उदासीनता से जोड़ा जा रहा है। इससे यह भी सवाल उठा रहा है कि जिन सीटों पर पांच प्रतिशत या उससे ज्यादा कम मतदान हुआ है, क्या वहां इस बार फैसला नजदीकी अंतर से होने जा रहा है। तीसरे चरण में सपा अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव, राज्य सरकार के दो कैबिनेट मंत्रियों जयवीर सिंह व अनूप वाल्मिकी और केंद्रीय राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल की किस्मत का फैसला ईवीएम में बंद हो गया है। उपलब्ध आंकड़ों के हिसाब से तीसरे चरण में सबसे ज्यादा 62.81 प्रतिशत वोट संभल लोकसभा सीट पर डाले गए हैं, जबकि सबसे कम करीब 54% मतदान आगरा सीट पर हुआ है। प्रदेश में पहले दो चरणों में भी 2019 के चुनाव की अपेक्षा कम मतदान दर्ज किया गया था।

**संभल में मतदाता फर्स्ट डिवीजन पास फिर भी सवालः** प्रदेश में केवल संभल लोकसभा सीट ऐसी रही है, जहां मतदान प्रतिशत 60 के पार पहुंच सका है। यहां 2019 के चुनाव में 64 प्रतिशत से ज्यादा वोट डाले गए थे। इस बार मतदान 63 प्रतिशत के आसपास रहने का अनुमान है।

अब डेढ़ प्रतिशत कम मतों से किस प्रत्याशी को कितना नुकसान हो रहा है, इसे लेकर हर किसी के अलग-अलग कयास हैं। यहां सपा समर्थकों और पुलिस के बीच कहासुनी भी हुई। संभल में सपा से डॉ. शफीकुर्रहमान के पौत्र जियाउर्रहमान बर्क, भाजपा से परमेश्वरलाल सैनी और बसपा से शौकत अली मैदान में हैं।

**आगरा में कम हो सकता है इस बार जीत का अंतर :** आगरा में पिछली बार 2019 में 59 फीसदी से अधिक वोट डाले गए थे, लेकिन इस बार मतदान प्रतिशत 54 प्रतिशत के आसपास ही रहा है। पिछली बार के मुकाबले आगरा में मतदान पांच फीसदी तक कम रहने से यहां जीत का अंतर भी कम रहने का अनुमान लगाया जा रहा है। य आगरा सीट से केंद्रीय राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल और सपा के सुरेश चंद कर्दम तथा बसपा ती पूजा अमरोही की चुनौती में दलित और मुस्लिम वोट किस तरफ गए हैं, इसे लेकर गुणा-भाग लगाया जा रहा है।



पूर्व मुख्यमंत्री एवं सपा मुखिया अखिलेश यादव ने पत्नी डिंपल यादव और पुत्री अदिति यादव के साथ मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र के सैफई में मतदान किया। इस दौरान उन्होंने जीत का दावा भी किया। अमृत विचार

### मैनपुरी में लग रहा बढ़े वोटों का हिसाब-किताब

- हॉट सीट मैनपुरी जहां से सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव उपचुनाव जीतने के बाद दूसरी बार मैदान में हैं और भाजपा प्रत्याशी योगी सरकार में मंत्री जयवीर सिंह की कड़ी चुनौती के साथ बसपा के शिव प्रसाद यादव का मुकाबला कर रही हैं, यहां मतदान पिछले चुनाव से करीब डेढ़ प्रतिशत तक ज्यादा रहने से परिणाम को लेकर धुकधकी बढ़ गई है। सपा-भाजपा अपने-अपने वोटों का हिसाब-किताब लगाने में व्यस्त हैं। यहां इस बार 58 .59 प्रतिशत वोट डाले गए हैं, जबकि 2019 में मैनपुरी सीट पर 56 .77 प्रतिशत मतदान हुआ था।

### बसपा के वोट बन सकते यहां जीत-हार में निर्णायक

- फतेहपुर सीकरी में 57 प्रतिशत से ज्यादा वोट डाले जाने की खबर है। इस सीट पर 2019 में 60 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ था। लगभग तीन प्रतिशत कम मतदान ने प्रत्याशियों की बेचैनी बढ़ा दी है। यहां भाजपा के मौजूदा सांसद राजकुमार चाहर का कांग्रेस के रामनाथ सिकरवार से सीधे संघर्ष में बसपा के रामनिवास शर्मा द्वारा बनाया गया त्रिकोण किसे फायदा या नुकसान पहुंचा गया है, इसके कयास लगाए जा रहे हैं।

### भाजपा-सपा की सीधी टक्कर में दो फीसदी मतों का पेच

- बरेली लोकसभा सीट पर इस बार 57 .88 प्रतिशत लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। पिछली बार 2019 में इस सीट पर 59 फीसदी से ज्यादा मतदान हुआ था। इस तरह यहां भी दो प्रतिशत के आसपास मत कम पड़ने से प्रत्याशियों का अनुमान बदल गया है। बरेली सीट पर भाजपा से छत्रपाल सिंह गंगवार का सपा के प्रवीण कुमार ऐरन के साथ सीधी टक्कर में बसपा के छोटेलाल गंगवार को मिले मतों का गणित लगाया जा रहा है।

### दलित-मुस्लिम मतों पर टिका जीत का दारोमदार

- फिरोजाबाद लोकसभा सीट पर 58 .22 प्रतिशत मतदान दर्ज होने की सूचना है। यहां पिछली बार 60 फीसदी से अधिक वोट पड़े थे। जाहिर है दो प्रतिशत कम मतदान कांटे की टक्कर में नया गुल खिला सकता है, या जीत का अंतर कम कर सकता है। फिरोजाबाद में सपा से प्रो. रामगोपाल यादव के बेटे अक्षय यादव चुनाव मैदान में हैं, उनकी भाजपा के विश्वदीप सिंह से कड़ी टक्कर देखने में आयी है। बसपा से चुनाव लड़ रहे चौधरी बशीर ने दलित और मुस्लिम मत कितना पाए हैं, इसी पर सपा और भाजपा की जीत का अनुमान टिका है।

### हाथरस में परिणाम पर पड़ सकता असर

- हाथरस में भी इस बार मतदान पिछली बार के मुकाबले करीब करीब 6% तक कम रहा है। यहां 55 .36 प्रतिशत वोट डाले जाने की खबर है। हाथरस में 2019 में 61 फीसदी से ज्यादा वोट डाले गए थे। यहां इस बार तीनों प्रत्याशी बाहरी थे। हाथरस सीट पर साल 2019 के चुनाव में भाजपा को जीत मिली थी। हाथरस में भाजपा से योगी सरकार में मंत्री अनूप प्रधान वाल्मीकि, जबकि सपा से जसवीर वाल्मीकि व बसपा से हेमबाबू धनगर चुनाव लड़ रहे हैं।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

पितृपैतामहं राज्यं प्राप्तवान् स्वेन कर्मणा।
वायुरभ्रमिवासाद्य भ्रंशयत्यनयेस्थितः॥

अन्याय के मार्ग पर चलने वाला राजा विरासत में मिले राज्य को उसी प्रकार से नष्ट कर देता है, जैसे तेज हवा बादलों को छिन्न-भिन्न कर देती है।


## संपादकीय

# वैश्विक सुरक्षा का मुद्दा

बढ़ते वैश्विक तनाव के समय में व्लादिमीर पुतिन ने 5 वीं बार रूस के राष्ट्रपति का पद संभाला लिया है। मंगलवार को एक समारोह में पुतिन ने कहा कि अपनी शक्ति के भीतर वो सब कुछ करेंगे, जो वह देश के लिए कर सकते हैं। बीते करीब 25 वर्षों से देश की सत्ता पर काबिज पुतिन, जोसेफ स्टालिन के बाद राष्ट्रपति के पद पर सबसे लंबे समय तक रहने वाले रूस के पहले नेता बन गए हैं। 1999में राष्ट्रपति बोरिस येल्तसिन का उत्तराधिकारी बनने के बाद से पुतिन ने रूस को आर्थिक पतन से उबारते हुए एक ऐसे देश के रूप में तब्दील कर दिया है, जिसे पश्चिम ऐसे वैश्विक सुरक्षा के लिए खतरा मानते हैं। इस बीच पुतिन ने एक बार फिर दुनिया को तनाव में डाल दिया है। रूस ने पहली बार सार्वजनिक रूप से सामरिक परमाणु हथियारों के साथ सैन्य अभ्यास का ऐलान किया है। रूस ने 6 मई को कहा कि वह एक सैन्य अभ्यास करेगा जिसमें सामरिक परमाणु हथियारों के इस्तेमाल का अभ्यास शामिल होगा। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि इस अभ्यास का आदेश राष्ट्रपति पुतिन ने दिया था। आखिर रूस ने ऐसा किया क्यों, रूस के इस कदम का यूक्रेन के साथ जंग पर असर क्या पड़ेगा? असल में रूस ने यह कदम तब उठाया है जब कुछ दिन पहले ही पश्चिमी देशों ने यूक्रेन के साथ युद्ध को लेकर रूस के खिलाफ बयानबाजी की थी। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने हाल ही में कहा था वह यूक्रेन में सेना भेजने के विचार से इनकार नहीं कर रहे हैं।

वहीं, ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड कैमरन ने कहा था कि कीव की सेना रूस के अंदर लक्ष्यों पर हमला करने के लिए ब्रिटेन के लंबी दूरी के हथियारों का उपयोग कर सकेगी। यानि रूस का ये फैसला नाटो और फ्रांस के सैनिकों को सीधे तौर पर जंग में शामिल होने के संकेतों के बीच आया है। मौजूदा वक्त में रूस ने अब जिस तरह का कदम उठाया है उससे दुनिया के देशों की चिंताएं बढ़ने वाली हैं। क्योंकि परमाणु हथियार कितने खतरनाक होते हैं इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि अगर किसी भी देश ने परमाणु बम का इस्तेमाल किया तो सब कुछ बर्बाद हो जाएगा। रूस में ये घटनाक्रम ऐसे वक्त में हो रहा है जब चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग यूरोप के दौरे पर हैं। महत्वपूर्ण है कि जैसे-जैसे रूस और पश्चिम के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है, पुतिन की आक्रामक मुद्रा और परमाणु विध्वंसक क्षमता के संभावित प्रभावों को देखते हुए, अंतर्राष्ट्रीय समुदाय सतर्क बना हुआ है।

# मंत्री ने जब शेषन को वीरान रास्ते कार से उतार दिया



राज खन्ना
वरिष्ठ पत्रकार

दफ्तर वापस पहुंच शेषन ने एग्जीक्यूटिव इंजीनियर से उनकी नई जीप ली। मंत्रियों के आगे के कार्यक्रम बिना रुकावट के निपटाए जाने की उनकी ड्यूटी थी। आखिरी कार्यक्रम रात्रि आठ बजे कम्युनिस्टों के प्रभाव क्षेत्र वेदासंदुर में था। कार्यक्रम सरकारी था,लेकिन चुनाव में सिर्फ एक महीना बाकी था।



शेषन की आत्मकथा ऐसे उदाहरणों से भरी पड़ी है कि कैसे उन्होंने अनियंत्रित अधिकारियों को वश में किया और उन्हें एक प्रभावी चुनावी सेना बनने के लिए प्रशिक्षित किया। कुछ ही समय में उनके नेतृत्व में ईसीआई ने देश के चुनावी परिदृश्य पर प्रभाव डालना शुरू कर दिया। राजनेताओं और राजनीतिक दलों को अभूतपूर्व गर्मी का एहसास होने लगा। भारतीय लोकतांत्रिक प्रक्रिया के इतिहास में शेषन का योगदान मजबूत आधार बन गया है। उन्होंने रास्ते में आने वाली हर बाधा को अकेले ही खत्म कर दिया,चाहे वह कार्यकारी प्रक्रियाएं हों या कानूनी बाधाएं, उन्होंने पूरे साहस,अपने प्रशासनिक कौशल और राजनीतिक वर्ग के साथ अनुभवों के साथ उनका डटकर सामना किया।

कार की पिछली सीट पर दो मंत्रियों के बीच में एक युवा आईएएस ऑफिसर बैठा था। एक मंत्री ने उस अधिकारी से सवाल किया कि उस कर्मचारी का मामला पुलिस को क्यों सौंपा? उसे वापस लो। ऑफिसर दो टूक था,'इसे आप लिखकर दें।' क्या मेरा कहना काफी नहीं? ऑफिसर के "नहीं" जवाब ने मंत्री का गुस्सा आसमान पर पहुंचा दिया। मंत्री ने ड्राइवर को कार रोकने का आदेश दिया। बीच रास्ते वीराने में ऑफिसर को कार से उतार दिया गया। आगे और भी बहुत कुछ रोचक घटित हुआ। यह ऑफिसर टीएन शेषन थे। करियर के आखिरी दौर में देश के मुख्य चुनाव आयुक्त के तौर पर उन्होंने इतिहास रच दिया।

लोकसभा के चुनाव की गहमा-गहमी के बीच जब-तब शेषन की चर्चा होती रहती है। नौकरी की शुरुआत से ही नियम -कानून के पाबंद शेषन के तेवर आखिर तक कायम रहे। पढ़िए,उनकी आत्मकथा 'थ्रू द ब्रोकन ग्लास' से उद्धृत उनकी नौकरी की शुरुआत का एक रोचक प्रसंग,आईएएस में चयन और विभिन्न प्रशिक्षण के बाद शेषन को डिंडीगुल (तमिलनाडु) में सब कलेक्टर के तौर पर तैनात किया गया। तहसीलदार नारायण पिल्लई ने उनकी ओर एक कागज बढ़ाया जिसमें एक ग्राम अधिकारी द्वारा तकावी लोन की वसूली तीन हजार की रकम गबन किए जाने की शिकायत थी। फौरन ही शेषन ने कर्मचारी को सस्पेंड,चार्जशीट करने और पुलिस में एफआईआर करने के आदेश दिए। कहा कि जरूरी कागज मेरे दफ्तर से प्राप्त कर लो। तहसीलदार ठिठक गए। शेषन की सवालिया निगाहों के जवाब में उन्होंने जल्दबाजी न करने की सलाह दी। उन्हें याद दिलाया कि इस कर्मचारी की पत्नी तालुका कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष है। आगे समस्या हो सकती है। शेषन अपने आदेश पर अडिग थे। उसी रात कर्मचारी की गिरफ्तारी हो गई। दो दिन बाद मदुरै जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शेषन से मिलने पहुंचे। वे मुख्यमंत्री के.कामराज के खास थे। उन्होंने केस वापस लेने का दबाव डाला। इंकार के जवाब पर नतीजे भुगतने के लिए तैयार रहने की चेतावनी के साथ वे वापस हुए। एक हफ्ते बाद शेषन के तैनाती इलाके में मंत्री पी. कक्कन और वी.रमेश के साझा कार्यक्रम थे। चुनाव में एक महीना बाकी था। शेषन को दोनों मंत्रियों ने अपनी कार में साथ बिठाया। पंद्रह मिनट की यात्रा के बाद मंत्री कक्कन जिनके पास पुलिस और राजस्व सहित कई महत्वपूर्ण विभाग थे,ने शेषन से सवाल किया कि वे कांग्रेस का क्यों विरोध कर रहे हैं? शेषन ने ऐसा कुछ करने से इंकार किया तो उस कर्मचारी के खिलाफ पुलिस में मामला क्यों दर्ज कराया? डिपार्टमेंटल एक्शन काफी था। फौरन केस वापस लो। शेषन ने उन्हें मद्रास वापसी पर लिखित आदेश भेजने का अनुरोध किया। नाराज कप्पन ने पूछा,'क्या मेरा कहना काफी नहीं?' एक बार फिर इंकार के जवाब से खफा मंत्री ने ड्राइवर को कार रोकने और शेषन को कार से उतरने का हुक्म दिया। कार आगे बढ़ गई। तेज धूप से बचने के लिए एक पेड़ के नीचे खड़े शेषन अपने दफ्तर वापस पहुंचने के लिए किसी वाहन के इंतजार में थे।

दफ्तर वापस पहुंच शेषन ने एग्जीक्यूटिव इंजीनियर से उनकी नई जीप ली। मंत्रियों के आगे के कार्यक्रम बिना रुकावट के निपटाए जाने की उनकी ड्यूटी थी। आखिरी कार्यक्रम रात्रि आठ बजे कम्युनिस्टों के प्रभाव क्षेत्र वेदासंदुर में था। कार्यक्रम सरकारी था,लेकिन चुनाव में सिर्फ एक महीना बाकी था। तय था कि मंत्री विपक्षियों पर आक्रामक रहेंगे। शेषन ने तहसीलदार को बुलाकर चर्चा की। आशंका थी कि विरोधी पहले कार्यक्रम स्थल की बिजली गुल करेंगे और फिर जहां महिलाएं बैठी हैं,वहां चूहे छोड़कर सांप -सांप का शोर करके भगदड़ कराएंगे। बचाव के लिए माइक को एक कार की बैट्री से जोड़ा गया। वहां मौजूद सरकारी गाड़ियों को मंच के सामने दूरी पर इस तरह खड़ा किया गया कि बिजली गुल होने पर उनकी हेड लाइट से रोशनी मिल सके।

आशंका सही निकली। जोरदार विस्फोट की आवाज के साथ अंधेरा छा गया। सांप-सांप का शोर मचा,लेकिन गाड़ियों की हेडलाइट्स काम आईं। माइक की आवाज भी नहीं थमी। कार्यक्रम को अस्त-व्यस्त करने की कोशिश नाकाम रही। मंत्रियों के भाषण पूरे हुए। तहसीलदार को पास बुला मंत्री कप्पन्न ने उनकी दूरंदेशी के लिए तारीफ की। तहसीलदार ने कहा कि इसके वे नहीं बल्कि वो हकदार हैं,जो जीप में बैठे हैं। एक बार फिर मंत्री कप्पन और शेषन आमने-सामने थे। मंत्री ने पूछा आप मंच पर क्यों नहीं आए? शेषन ने उन्हें रास्ते में उतारने का जिक्र किया। फिर यहां क्यों आए? शेषन के जवाब,'वो मेरी ड्यूटी थी' ने मंत्री को झेंपने के लिए मजबूर कर दिया। इस घटना के तीन दिन बाद मुख्यमंत्री के.कामराज डिंडीगुल आए। मंत्री कप्पन भी उनके साथ थे। स्टेशन पर कलेक्टर और एसपी के साथ स्वागत के लिए शेषन भी मौजूद थे। आगे बढ़ते हुए कामराज ने शेषन को पास बुलाया और कहा,' मैंने सुना कि कप्पन ने तुम्हारे साथ बदसलूकी की।' शेषन ने ऐसा कुछ नहीं कह बात को खत्म करने की कोशिश की,पर कामराज ने मामले को गंभीरता से लिया था। उन्होंने कहा ,'उस दिन जो कुछ हुआ उसकी उन्हें पुलिस से रिपोर्ट मिल चुकी है।' सभी की मौजूदगी में तेज स्वर में कामराज मंत्री कप्पन से मुखातिब हुए,'मेरे-आपके लिए ऑफिसर्स से खराब व्यवहार मुनासिब नहीं है। अगर ऑफिसर कोई गलत काम करें तो आप अकेले में उनसे बात करें। दूसरों के सामने उन्हें अपमानित न करें। आपने उन्हें कार से क्यों उतारा? जिस पीड़ित की आपने फिक्र की वह सरकार से अपील कर सकता है। राजनीति के इस बुनियादी वसूल को समझिए कि अगर ऑफिसर्स अपमानित किए जाएंगे तो सरकार का अपमान होगा।'

शेषन आत्मकथा ऐसे उदाहरणों से भरी पड़ी है कि कैसे उन्होंने अनियंत्रित अधिकारियों को वश में किया और उन्हें एक प्रभावी चुनावी सेना बनने के लिए प्रशिक्षित किया। कुछ ही समय में उनके नेतृत्व में ईसीआई ने देश के चुनावी परिदृश्य पर प्रभाव डालना शुरू कर दिया। राजनेताओं और राजनीतिक दलों को अभूतपूर्व गर्मी का एहसास होने लगा। भारतीय लोकतांत्रिक प्रक्रिया के इतिहास में शेषन का योगदान मजबूत आधार बन गया है। उन्होंने रास्ते में आने वाली हर बाधा को अकेले ही खत्म कर दिया,चाहे वह कार्यकारी प्रक्रियाएं हों या कानूनी बाधाएं, उन्होंने पूरे साहस,अपने प्रशासनिक कौशल और राजनीतिक वर्ग के साथ अनुभवों के साथ उनका डटकर सामना किया।

## प्रसंगवश

# पानी नहीं तो दारू पियो



शंभूनाथ शुक्ल
वरिष्ठ पत्रकार

गर्मी का ताप लगातार बढ़ता जा रहा है,लेकिन लू नहीं चलती। यह ज्यादा खतरनाक है और पानी के अभाव में ऐसा होता है। पछुआ हवाएं,जब चलती हैं तो भले गर्म हों,लेकिन राहत देती हैं। शायद यह सब ग्लोबल वार्मिंग के कारण हो। नदी,नहरें, नाले,तालाब और जलाशय सब सूखे पड़े हैं। अंग्रेजों के वक्त जितनी भी नहरें बनीं,उनके दोनों किनारों पर 220 मीटर तक नहर विभाग की जमीन होती थी,जिस पर न खेती की जा सकती थी, न ही कोई वहां बसेरा बना सकता था। कई-कई कोस की दूरी पर नहर विभाग की कोठियां जरूर होती थीं जिनमें इंस्पेक्शन करने जाने वाले एक्जीक्युटिव इंजीनियर रुकते थे। हर बड़ी नहर के समानांतर एक और नहर होती जिसमें मुख्य नहर का पानी बढ़ने पर छोड़ा जाता और वह सोख्ते का काम करती। पर अब न नहरें दिखती हैं,न नदियां न वे कोठियां और न ही वह हरियाली। आधुनिक जीवनशैली के नाम पर हर चीज का कारपोरेटीकरण हो गया है और इसमें सहायक बने आईएएस अधिकारी। खासकर जिला अधिकारियों ने नहर विभाग ही नहीं हर विभाग की स्वायत्तता खत्म कर दी है। पहले जिले में कलेक्टर,पुलिस कप्तान,सिविल सर्जन (जिसे अब मुख्य चिकित्सा अधिकारी कहते हैं) और एक्जीक्युटिव इंजीनियर समान स्तर के पद होते थे,लेकिन जैसे सत्ता मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के हाथ में सिमटती गई,वैसे ही सारे सरकारी विभाग जिलाधिकारी के पास। इससे लूट का बाजार गर्म हुआ। नहर विभाग की जमीनों पर कब्जे होने लगे,सिंचाई विभाग कंगाल हो गया और अब तो पीडब्लूडी का भी यही हाल है। वन विभाग का अधिकारी कहां है,किसी को नहीं पता होगा। सबसे खराब स्थिति तो मद्य-निषेध विभाग और जिला कृषि अधिकारी तथा जिला भूमि संरक्षण अधिकारी की है। जिले में माइनिंग माफिया को खुद जिला अधिकारी (डीएम) पनपाते हैं,कई जगह कानूनी तौर पर तो कई जगह अवैध,लेकिन कानून के बूते भी क्या आप आम आदमी से उसके हिस्से की हवा,पानी और सूरज की रौशनी छीन लोगे? अगर पीएम, सीएम और डीएम की मनमानी चलती रही तो अगले 20 वर्षों में न हरी-भरी धरती बचेगी,न शुद्ध जल और न ही हवा। बचेंगे तो दारू के ठिकाने और उच्च पथों पर सरपट दौड़ती गाड़ियां।

# गाद तो हमारे ही माथे पर है



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

तालाब तो लोक की संस्कृति सभ्यता का अभिन्न अंग हैं और इन्हें सरकारी बाबुओं के लाल बस्ते के बदौलत नहीं छोड़ा जा सकता।

इस बार गर्मी जल्दी आई और साथ में प्यास भी गहराई। केंद्र सरकार की हजार करोड़ की "हर घर जल योजना" ने बढ़ते ताप के सामने दम तोड़ दिया,आखिर धरती का सीन चीर कर गहराई से पानी उलीचने से हर एक का कंठ टार होने से रहा। वैसे हकीकत तो यह है कि अब देश के 32 फीसदी हिस्से को पानी की किल्लत के लिए गर्मी के मौसम का इंतजार भी नहीं करना पड़ता है-बारहों महीने,तीसों दिन यहां जेठ ही रहता है।

समझना होगा कि एक अरब 44 करोड़ की विशाल आबादी को पानी देना महज सरकार के जिम्मे नहीं छोड़ जा सकता। इस गर्मी में सूखती जल निधियों के प्रति यदि समाज आज सक्रिय हो जाए तो अगली गर्मी में उन्हें यह संकट नहीं झेलना होगा। एक बात समझ लें प्रकृति से जुड़ी जितनी भी समस्या हैं,उनका निदान न वर्तमान के पास है न भविष्य के। इसके लिए हमें अतीत की ही शरण में जाना होगा। थोड़ी गाद हटानी होगी-कुछ सूख चुकीं हमारे पुरखों द्वारा बनाई जल निधियों से और कुछ अपनी समझ से देखें। थोड़ी भी बरसात हुई तो समाज पानीदार बन सकता है। यदि कुछ दशक पहले पलट कर देखें तो आज पानी के लिए हाय-हाय कर रहे इलाके अपने स्थानीय स्त्रोतों की मदद से ही खेत और गले दोनों के लिए अफरात पानी जुटाते थे। एक दौर आया कि अंधाधुंध नलकूप रोपे जाने लगे,जब तक संभलते जब तक भूगर्भ का कोटा साफ हो चुका था।

समाज को एक बार फिर बीती बात बन चुके जल-स्त्रोतों की ओर जाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है -तालाब,कुंए,बावड़ी,लेकिन एक बार फिर पीढ़ियों का अंतर सामने खड़ा है। पारंपरिक तालाबों की देखभाल करने वाले लोग किसी और काम में लग गए और अब तालाब सहेजने की तकनीक नदारद हो गई है। तभी बीते तीन दशक में केंद्र और राज्य की अनेक योजनाओं के तहत तालाबों से गाद निकालने, उन्हें सहेजने के नाम पर अफरत पैसा खर्च किया गया और नतीजा रहा 'ढाक के तीन पात'।

भारत के हर हिस्से में वैदिक काल से लेकर ब्रितानी हुकूमत के पहले तक सभी कालखंडों में समाज द्वारा अपनी देश-काल-परिस्थिति के मुताबिक बनाई गई जल संरचनाओं और जल प्रणालियों के कई प्रमाण मिलते हैं जिनमें तालाब हर एक जगह हैं। रेगिस्तान में तो उन तालाबों को सागर की उपमा दे दी गई तो कन्नड़ में कैरे और तमिल में ऐरी। यहां तक कि ऋग्वेद में सिंचित खेती,कुओं और गहराई से पानी खींचने वाली प्रणालियों का उल्लेख मिलता है। हड़प्पा एवं मोहनजोदड़ो (ईसा से 3000 से 1500 साल पूर्व) में जलापूर्ति और मल निकासी की बेहतरीन प्रणालियों के अवशेष मिले हैं। ईसा से 321-297 साल पहले,कौटिल्य का अर्थशास्त्र बानगी है,जो बताता है कि तालाबों को राज्य की जमीन पर बनाया जाता था। समाज ही तालाब गढ़ने का सामान जुटाता था,जो लोग इस काम में असहयोग करते या तालाब की पाल को नुकसान पहुंचाते,उन्हें राज्य-दंड मिलता। आधुनिक तंत्र की कोई भी जल संरचना 50 से 60 साल में दम तोड़ रही हैं,जबकि चंदेलकाल अर्थात् 1200 साल से अधिक पुराने तालाब आज भी लोगों को जिंदगी का भरोसा दिए हुए हैं। जाहिर है कि हमारे पूर्वजों की समझ कितनी सूझबूझभरी एवं वैज्ञानिक थी। उन दिनों उन्नत जल-विज्ञान और कुशल जलविज्ञानी का पूरा समाज था,जो मिट्टी और जलवायु की बेहतरीन समझ रखते थे।

यदि आजादी के बाद विभिन्न सिंचाई योजनाओं पर खर्च बजट व उससे हुई सिंचाई और हजार साल पुराने तालाबों को क्षमता की तुलना करें तो आधुनिक इंजीनियरिंग पर लानत ही जाएगी। अंग्रेज शासक चकित थे,यहां के तालाबों की उत्तम व्यवस्था देखकर। उन दिनों कुओं के अलावा सिर्फ तालाब ही पेयजल और सिंचाई के साधन हुआ करते थे। फिर आधुनिकता की आंधी में सरकार और समाज दोनों ने तालाबों को लगभग बिसरा दिया,जब आंख खुली तब बहुत देर हो चुकी थी।

तालाब तो लोक की संस्कृति सभ्यता का अभिन्न अंग हैं और इन्हें सरकारी बाबुओं के लाल बस्ते के बदौलत नहीं छोड़ा जा सकता। असल में तालाब की सफाई का काम आज के अंग्रेजीदां इंजीनियरों के बस की बात नहीं है। दो साल पहले केंद्र सरकार ने देश के सभी तालाबों का सर्वेक्षण करवा कर क्रांतिकारी काम किया। उसके बाद अमृत सरोवर योजना के तहत भी देश के कुछ तालाबों की तकदीर बदली है। यह समझना होगा कि जब तक सहेजे गए तालाबों का इस्तेमाल समाज की हर दिन की जल जरूरत के लिए नहीं होगा,जब तक समाज को इन तालाबों का जिम्मा नहीं सौंपा जाता,तालाब की समृद्ध विरासत को स्थापित नहीं किया जा सकता।

## सोशल फोरम

# प्रतिष्ठा के खेल और खिलाड़ी



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

प्रतिष्ठा या इज्जत या इमेज से मध्यवर्ग के लोगों को सबसे अधिक प्यार है,जबकि प्रतिष्ठा सबसे अधिक मुश्किलें खड़ी करती है। हमारे अनेक मित्र कहते हैं कि इस तरह मत लिखा करो प्रैस्टीज डाउन हो जाएगी। मित्रों में पहले मित्रता बड़ी थी अब प्रतिष्ठा बड़ी हो गई है।

प्रतिष्ठा के कारण व्यक्ति की सामाजिक-राजनीतिक-आर्थिक-राजनीतिक हैसियत महत्वपूर्ण हो गई और इंसानियत और समानता के मूल्यबोध की विदाई कर दी गई। इस बीमारी को हर शहर, संगठन,गली, मुहल्ले और मित्र सर्किल में सहज ही देख सकते हैं। मनुष्यों में प्रतिष्ठा की बीमारी पशुओं से आई है। जंगल में हर पशु की अपनी प्रतिष्ठा है। शेर की सबसे अधिक प्रतिष्ठा है। अन्य पशुओं की तरह शेर भी मूल्यहीन जीवन जीता है, लेकिन पशुओं में उसकी साख होती है। मनुष्य भी उससे डरते हैं। हम मध्यवर्ग के लोगों में प्रतिष्ठा पाने की जबर्दस्त भूख है,जबकि प्रतिष्ठा सबसे बुरी चीज है,लेकिन हम सब उससे प्रेम करते हैं,प्रतिष्ठित व्यक्ति से जुड़ना अपना गौरव समझते हैं। सवाल किया जाना चाहिए प्रतिष्ठित होकर या प्रतिष्ठा पाकर व्यक्ति को क्या मिलता है? क्या उसके पास बेहतरीन जीवन मूल्य आ जाते हैं? क्या वह अच्छा इंसान बन जाता है?अच्छा इंसान बनने के लिए प्रतिष्ठा या इज्जत की नहीं बेहतरीन जीवन मूल्यों की जरुरत होती है। हम व्यक्ति पर बातें करते समय उसकी शोहरत,पद, सामाजिक-राजनीतिक -आर्थिक हैसियत की बातें करते हैं। उसके राजनीतिक कनेक्शनों की बातें करते हैं,लेकिन उसके जीवन मूल्यों पर बातें नहीं करते। यही वजह है हमारे आसपास मूल्यहीनता और राजनीतिक अवसरवाद खूब फलता-फूलता है। हम उसे वैध मानने लगते हैं, जबकि उसकी ये गतिविधियां अवैध हैं,पाशविक हैं। चूंकि समाज में प्रतिष्ठा पाने की होड़ मची है। इसके कारण हम तेरी-मेरी उसकी प्रतिष्ठा के खेल में सारी जिंदगी गुजार देते हैं। काश, हम प्रतिष्ठा से मुक्त हो पाते।

-फेसबुक वॉल से

# शिव बटालवी: मैंनू तेरा शबाब लै बैठा...



विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

दिल्ली में शिव कुमार बटालवी आए और अमृता प्रीतम के हौजखास वाले घर में न हाजिरी दें और अपनी ताजा रचनाएं न सुनाएं यह संभव नहीं था।

पंजाबी के निश्चित रूप से सबसे सशक्त गीतकारों में से एक शिव बटालवी को करोलबाग के खालसा कॉलेज में आए हुए आधी सदी से ज्यादा का वक्त गुजर गया है,पर अब भी कुछ लोगों को याद है जब उनकी रचनाओं पर सैकड़ों श्रोता झूम उठे थे। शिव बटालवी कविता पाठ करते हुए रो भी रहे थे। यह बात 1970 की है। शिव बटालवी तब अपनी लोकप्रियता के शिखर पर थे। उन्होंने अपना कविता पाठ इस रचना से शुरू किया-मैंनू तेरा शबाब लै बैठा,/रंग गोरा गुलाब लै बैठा।/ किन्नी पीती ते किन्नी बाकी ए/ मैंनू एहो हिसाब लै बैठा/ चंगा हुंदा सवाल ना करदा,/ मैंनू तेरा जवाब लै बैठा/ दिल दा डर सी किते न लै बैठे/ लै ही बैठा जनाब लै बैठा।

विरह के कवि शिव बटालवी को खालसा कॉलेज में पंजाबी के साहित्यकार डॉ. हरभजन सिंह लेकर आए थे। वहां पर हरमीत सिंह भी मौजूद थे। वे तब खालसा कॉलेज के छात्र थे और आगे चलकर यहां के शिक्षक और फिर प्रिंसिपल भी बने। शिव कुमार 'बटालवी' ने जैसे ही अपना गीत...की पुछ दे ओ हाल फकीरां दा/साडा नदियों बिछड़े नीरां दा/साडा हंज दी जूने आयां दा/साडा दिल जलया दिलगीरां दा...(हम जैसे फकीरों का हाल आप क्या पूछते हैं,हम तो नदियों से बिछड़े पानी जैसे हैं। जैसे किसी आंसू से निकले हैं) सुनाया तो खालसा कॉलेज में मौजूद श्रोता जिनमें मुख्य रूप से पंजाबी थे,की आंखें छलकने लगीं। शिव कुमार बटालवी (1936 -1973) की उन कविताओं को सबसे ज्यादा पसंद किया गया जिनमें करुणा,जुदाई और प्रेमी के दर्द का बखूबी चित्रण है। वे 1967 में साहित्य अकादमी पुरस्कार पाने वाले सबसे कम उम्र के साहित्यकार बने।

शिव कुमार बटालवी अपने दिल्ली के कार्यक्रमों में अपनी इन कालजयी पंक्तियों-पिच्छे मेरे,मेरा साया/ अग्गे मेरे,मेरा न्हेरा/किते जाए न बाहीं छड्डु/ वे तेरा बिरहड़ा(पिच्छे-पीछे,अग्गे-आगे,न्हेरा-अंधेरा,बाहीं – बांह,छड्डु-छोड़) तथा बिरहा बिरहा आखिए/बिरहा तूं सुल्तान/ जिस तन बिरहा न उपजे/ सो तन जान मसान (आखिए-पुकारिए,कहिए) अवश्य सुनाया करते थे। कह सकते हैं कि सुनाते इसलिए थे,क्योंकि श्रोताओं की मांग होती थी। दिल्ली में शिव कुमार बटालवी आए और अमृता प्रीतम के हौजखास वाले घर में न हाजिरी दें और अपनी ताजा रचनाएं न सुनाएं यह संभव नहीं था। अमृता प्रीतम जी का घर पंजाबी साहित्य की अनमोल धरोहर था। शिव कुमार बटालवी के आने पर एक महफिल खासतौर पर आयोजित होती थी। उसमें चित्रकार इमरोज,हिंदी,पंजाबी,अंग्रेजी और उर्दू के लेखक करतार सिंह दुग्गल,सरदार नानक सिंह (पवित्र-पापी फिल्म के निर्माता),डॉ.हरभजन, गुरुबख्श सिंह,महेन्द्र सिंह सरना (भारत के अमेरिका में एंबेसडर रहे नवतेज सरना के पिता),कुंवर महेन्द्र सिंह बेदी,उद्योग सागर सूरी,पंजाबी के गायक केसर सिंह नरूला (जसपिंदर नरूला के पिता) वगैरह अवश्व मौजूद रहते थे।

एक बार काव्य की धारा बहने लगती तो फिर वे अलसुबह तक जारी रहती। इस बीच,केसर सिंह नरूला और उनकी पत्नी मोहिनी नरूला किसी महफिल में पंजाबी का सदाबहार लोकगीत लट्ठे दि चादर,उत्ते सलेटी रंग माइया गाने के बाद शिव बटालवी की रचनाएं सुनाते थे। नरूला जी बताते थे कि अमृता प्रीतम के दिल के बहुत करीब थीं शिव बटालवी की रचनाएं। वह शिव की रचनाएं बार-बार पढ़ा करती थीं।

# विश्व मानवता और बंधुत्व का प्रतीक रेडक्रॉस



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

मानव इतिहास के सबसे काले क्षणों में जब दुनिया संघर्ष और अराजकता से बिखरी हुई है। ऐसे में रेड क्रॉस और रेड क्रिसेंट की अंतर्राष्ट्रीय समिति (आईसीआरसी) युद्ध और संकट के समय प्रभावित लोगों के लिए करुणा,निष्पक्षता और अटूट समर्थन प्रदान करती है। मध्य पूर्व में चल रहे संघर्ष के कारण लाखों लोगों को पीड़ा झेलनी पड़ी है और अतीत की तरह आज भी रेड क्रॉस मानवता के पक्ष में लगातार आशा की किरण बना हुआ है।

रेड क्रॉस एक अंतर्राष्ट्रीय संगठन है इसका मुख्य उद्देश्य मानव के अनमोल जीवन की रक्षा करना है। इसके द्वारा युद्ध या विपदा के समय में युद्धों में लोगों की सहायता की जाती है। यह संस्था केवल युद्ध के समय नहीं,बल्कि प्राकृतिक आपदाओं,महामारियों और अन्य आपातकालीन खतरों में भी मानव सहायता प्रदान करती है। शिविरों का आयोजन,प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण और स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम इसके मुख्य शिविरों में से हैं। रेड क्रॉस की स्थापना वर्ष 1863 ई. रेड क्रॉस की स्थापना हेनरी ड्यूनेन्ट द्वारा जेनेवा में की गई थी।

रेड क्रॉस सोसाइटी की स्थापना के पीछे मुख्य विचार यह था कि मानवता की सेवा को कोई सीमा नहीं दी गई। इसके द्वारा विभिन्न उद्यमों के बीच समन्वय स्थापित किया जाता है। यह युद्ध के समय,महामारी बीमारी,प्राकृतिक आपदा के समय असंतुलन की सहायता करता है। इसका मुख्य कार्य पीड़ित व्यक्ति की मानव सेवा है। रेड क्रॉस की स्थापना का उद्देश्य युद्ध के समय घायल सैनिकों को चिकित्सा सहायता प्रदान करना और आपदा प्रबंधन के दौरान मदद करना है। रेड क्रॉस संस्था द्वारा ऐसे लोगों को सहायता प्रदान की जाती है। यह लोगों के उपचार,भोजन,स्वच्छ पानी और रहने की व्यवस्था सरकार के साथ मिलकर करती है। आपदा के समय यह संस्था सरकार के प्रयासों को आसान बनाती है और अधिक से अधिक मानव जीवन की रक्षा करने का प्रयास करती है। इसका मुख्यालय जेनेवा जॉगर (स्विट्जरलैंड) में स्थित है।

जीन हेनरी ड्यूनैंट के जन्म दिवस 8 मई को अंतर्राष्ट्रीय रेड क्रॉस दिवस के रूप में मनाया जाता है। भारत में रेड क्रॉस सोसाइटी की शुरुआत 1920 में हुई थी। भारतीय रेड क्रॉस का मिशन हर समय सभी प्रकार की मानवीय गतिविधियों को प्रेरित करना, प्रोत्साहित करना और आरंभ करना है ताकि मानवीय पीड़ा को कम किया जा सके और रोका भी जा सके। इस प्रकार शांति के लिए अधिक अनुकूल माहौल बनाने में योगदान दिया जा सके। वर्ष 1901 में रेड क्रॉस को शांति का सबसे पहला नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया था। इसके बाद इसे तीन अवसरों (1917,1944 और 1963 में) को नोबेल पुरस्कार दिया गया।

रेड क्रॉस सोसाइटी की भूमिका आज भी उतनी ही महत्वपूर्ण है जितना कि इसकी स्थापना के समय था। जैसे-जैसे दुनिया के नए-नए आविष्कार और आपदाओं का सामना होता है, रेड क्रॉस सोसाइटी का महत्व और भी बढ़ता जाता है। इसके स्वयं सेवक और कार्यकर्ता विश्वभर में मानवता की सेवा में लगे हुए हैं। वास्तव में रेड क्रॉस के 90 प्रतिशत कार्यबल में स्वयं सेवक शामिल हैं। जीवन के सभी क्षेत्रों से हजारों लोग युद्ध और मानवीय पीड़ा के समय पीड़ा को कम करने और सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इन स्वयं सेवकों की निस्वार्थता संगठन के स्थायी प्रभाव का एक प्रमाण है।

### इंडो इस्लामिक कल्चरल फाउंडेशन के मुख्य ट्रस्टी ने गौतमपल्ली थाने में दिया प्रार्थना पत्र

# धन्नीपुर मस्जिद के नाम पर चंदा उगाही, 2 बैंकों में खोले फर्जी खाते

अयोध्या कार्यालय



**अमृत विचार :** सोहावल तहसील के धन्नीपुर गांव में आवंटित जमीन पर प्रस्तावित मस्जिद के नाम पर भी चंदे का खेल शुरू हो गया है। अयोध्या की दो बैंक शाखाओं में प्रस्तावित मोहम्मद बिन अब्दुल्लाह मस्जिद के नाम पर फर्जी खाते खोल लिए गए हैं। इसके लिए आरोपियों ने सोशल मीडिया पर मस्जिद की तस्वीर के साथ बैंक खातों के नंबर भी डाल दिये। इसकी जानकारी होने पर मस्जिद निर्माण के लिए बने इन्डो इस्लामिक कल्चरल फाउन्डेशन ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी जुफर अहमद फारुखी ने सोमवार को लखनऊ में गौतमपल्ली थाने में प्रार्थना पत्र दिया है।

मंदिर-मस्जिद विवाद में सर्वोच्च न्यायालय ने अपने फैसले में मस्जिद निर्माण के लिए सुन्नी सेन्ट्रल वक्फ बोर्ड लखनऊ को पांच एकड़ जमीन दिए जाने का आदेश किया था। जिस पर प्रशासन ने धन्नीपुर में जमीन उपलब्ध कराई गई है। इसकी देखभाल ट्रस्ट के जिम्मे है। इन्डो इस्लामिक कल्चरल फाउन्डेशन ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी की ओर से दी गई तहरीर में कहा गया है कि ट्रस्ट पदाधिकारी सचिव अतहर हुसैन और ट्रस्ट से जुड़े अरशद अफजाल खान ने बताया है कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर एक चित्र प्रसारित हो रहा है। जिसमें ट्रस्ट की प्रस्तावित मस्जिद मोहम्मद बिन अब्दुल्लाह मस्जिद का चित्र व अयोध्या श्रृंगारहाट स्थित बैंक खाता संख्या-5556317689, आईएफएससी नंबर सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया का विवरण दिया गया है। उनका कहना है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने मस्जिद के नाम पर चन्दा वसूली के लिए फर्जीवाड़ा कर खाता खुलवाया है। बताया कि ट्रस्ट की ओर से ऐसा कोई बैंक खाता संचालित नहीं किया जा रहा और न ही ट्रस्ट ने सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया में कोई खाता खुलवाया है।

ट्रस्ट के सचिव अतहर हुसैन का कहना है कि ट्रस्ट की ओर से अभी तक कुल चार खाते खुलवाए गए हैं। इंडो इस्लामिक कल्चरल फाउंडेशन के नाम से लखनऊ की हीवेट रोड स्थित आईसीआईसीआई और इंदिरापुरम स्थित कोटक महिंद्रा में और मस्जिद मो. बिन अब्दुल्लाह-इंडो इस्लामिक कल्चरल फाउंडेशन के नाम से लखनऊ के विभूति खंड स्थित एचडीएफसी व मुंबई कुर्ला बांद्रा स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा में खाता खोला गया है। किसी ने अयोध्या के सेंट्रल बैंक श्रृंगारहाट और नियावां के फेडरल बैंक में खाता खुलवाया है और सोशल मीडिया तथा विभिन्न वेबसाइटों के माध्यम से इन्हीं खातों में मस्जिद निर्माण में आर्थिक सहयोग के लिए रकम जमा कराई जा रही है। जबकि इन बैंकों में ट्रस्ट का कोई खाता ही नहीं है। मस्जिद का निर्माण कार्य जुलाई से शुरू होने की संभावना है।

प्रस्तावित मस्जिद के निर्माण के लिए फर्जीवाड़ा कर चंदा वसूली के मामले में मंगलवार को सुन्नी सेंट्रल बोर्ड सब कमेटी अयोध्या के मो. आजम कादरी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को जिलाधिकारी से मुलाकात की। कमेटी की ओर से जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर इंडो इस्लामिक कल्चरल फाउंडेशन की ओर से प्रस्तावित मस्जिद मोहम्मद बिन अब्दुल्ला के निर्माण के लिए अयोध्या के दो बैंकों में खाता खोलवाकर चंदा वसूली के मामले की जांच और कार्रवाई कराने, तत्काल संबंधित बैंक खातों को बंद कराने तथा इन खातों के संचालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवा कार्रवाई की मांग की गई है। साथ ही प्रस्तावित मस्जिद के फोटोग्राफ का इस्तेमाल कर चंदा वसूली के लिए सोशल मीडिया पर इस मैसेज को डालने वाले की पहचान कराई जाए। प्रतिनिधिमंडल में रिजवान, आरिफ आदि शामिल रहे। मो. आजम ने बताया कि पहले राममंदिर ट्रस्ट के नाम पर इसी तरह का फर्जीवाड़ा हुआ था। उन्होंने बताया कि इस मामले में बुधवार को आईजी से भी मिलेंगे।

#### दूर से किया जा रहा गोरखधंधे का संचालन

साइबर ठगी गिरोह से जुड़े लोग मस्जिद निर्माण के लिए आर्थिक सहयोग हासिल कर रकम हड़पने का गोरखधंधा कहीं दूर बैठकर अंजाम दे रहे हैं। साथ ही एक खाता अलखैर फाइनेन्स के नाम पर संचालित किया जा रहा है। यह तथ्य मामले की छानबीन के दौरान प्रकाश में आया है। गिरोह से संबंधित एक मोबाइल नंबर पर फोन किया गया और मस्जिद निर्माण में सहयोग की इच्छा जताई गई तो फोन उठाने वाले ने भरोसा दिलाने की कोशिश की कि खाता मस्जिद निर्माण के लिए चंदा लेने के लिए ही खोला गया है। वह कंपनी के स्थानीय कार्यालय के बारे में स्पष्ट कुछ नहीं बता पाया। कार्यालय धाम नगर में होने की बात कही।

## सार-संक्षेप

### अब्दुल्ला आजम के फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामले की सुनवाई अब 14 को

**विधि संवाददाता,प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट में फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामले में सपा के वरिष्ठ नेता और उत्तर प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खान और उनके परिवार की आपराधिक पुनरीक्षण याचिका पर मंगलवार को भी न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकलपीठ के समक्ष सुनवाई जारी रही। भोजनावकाश के बाद सुनवाई होने पर राज्य की ओर से पक्ष रख रहे अपर महाधिवक्ता ने बताया कि इस मामले में महाधिवक्ता उपस्थित होकर राज्य का पक्ष रखेंगे। इस पर याचियों के अधिवक्ता ने राज्य की ओर से लंबे स्थगन के अनुरोध का पुरजोर विरोध करते हुए तर्क दिया कि राजनीतिक द्वेष के कारण राज्य किसी न किसी बहाने से मामले को लंबित रखना चाह रहा है। याचियों की ओर से आगे तर्क दिया गया कि 24 जनवरी 2024 को जवाबी हलफनामा दाखिल करने के लिए राज्य को 3 सप्ताह का समय दिया गया था, लेकिन कोई जवाबी हलफनामा दाखिल नहीं किया गया, फिर राज्य की ओर से जवाबी हलफनामा दाखिल करने के लिए समय मांगा गया, लेकिन फिर कोई जवाबी हलफनामा दाखिल नहीं किया गया। अंत में कोर्ट ने सरकारी अधिवक्ता का अनुरोध स्वीकार करते हुए महाधिवक्ता द्वारा मामले में कोर्ट को नए सिरे से संबोधित करने के लिए मुकदमे को 14 मई के लिए सूचीबद्ध कर दिया।

### मुख्यमंत्री को धमकी देने वाला गिरफ्तार



**लखनऊ, अमृत विचार :** 25 अप्रैल को सोशल मीडिया पर उप्र. के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धमकी देने वाला गिरफ्तार होते ही फूट-फूट कर रोया। एफआईआर दर्ज होने के बाद प्रयागराज कमिश्नरेट की तीन टीमें उसे तलाश रही थीं। मंगलवार को उसकी लोकेशन प्रयागराज में फिर मिली, तभी पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार होते ही वह रोने लगा। कहा कि उस दिन वह नशे में था, गलती से बोल गया, मुझे माफ कर दो। प्रयागराज के रहने वाले समीम उर्फ बबलू ने 25 अप्रैल को सोशल मीडिया पर आकर उप्र. के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धमकी दे रहा था। इस दौरान उसने कहा कि मैं चुनौती दे रहा हूं कि मेरे घर पर बुलडोजर चलाकर दिखाएं।

### पर्सनल लॉ बोर्ड को खत्म करें- बासित अली



**कानपुर, अमृत विचार :** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कुंवर बासित अली ने मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड पर सवाल उठाते हुये कहा है कि इस बोर्ड को पूरी तरह से खत्म कर देना चाहिये। यह संविधान विरोधी है। जब मुस्लिमों को संविधान में जगह मिली है तो अलग से मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की क्या जरूरत है। बासित अली मंगलवार को फजलगंज स्थित भाजपा के मीडिया सेंटर में पत्रकार वार्ता में बोल रहे थे। भाजपा कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाश पाल ने भी बोर्ड को अनुचित बताया। कन्नौज के मंदिर में अखिलेश यादव के दर्शन के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा मंदिर की गंगाजल से धुलाई के सवाल पर बासित अली ने कहा कि यह क्रिया की प्रतिक्रिया है। उन्होंने कहा कि बेशक अखिलेश हिंदू हैं, लेकिन जिस तरह से राम मंदिर के दर्शन से अखिलेश ने दूरी बनाई, उससे हिंदू समाज के लोग आहत हैं। अखिलेश के पीडीए फार्मूले पर बासित ने कहा कि पीडीए में ए यानि अल्पसंख्यक गायब है। दलित पहले ही उनसे दूर हो चुका है और बचा पी भी साथ छोड़ गया है। बासित ने कहा कि गठबंधन पूरे यूपी में हार रहा है। कांग्रेस-सपा मुसलमानों को बहलाने का काम करते हैं। अल्पसंख्यक इस बार मोदी जी को वोट कर रहा है। तीन तलाक कानून से मुस्लिम महिलाएं खुश हैं। अब यह मोदी भाईजान के नाम से पुकारती हैं। अब न दूरी है न खाई है मोदी हमारा भाई है का नारा चल रहा है। उन्होंने कहा कि संभल, बंदायू और बरेली में हम बड़े अंतर से जीत रहे हैं।

### हटाए गए एसएन साबत, रामाशास्त्री को कारागार का प्रभार

**लखनऊ, अमृत विचार :** लंबे समय से पुलिस महानिदेशक कारागार की जिम्मेदारी संभाल रहे एसएन साबत को मंगलवार को पद से हटा दिया गया है। उनके स्थान पर इस पद पर डीजी पीबी रामाशास्त्री की तैनाती दी गई है। वहीं एडीजी पुलिस मुख्यालय का ट्रांसफर करते हुए प्रतीक्षारत एडीजी आनंद स्वरूप को इस पद पर तैनाती दी गई है। सबसे चर्चित तबादला 1990 बैच के आईपीएस एसएन साबत का रहा। शासन ने उन्हें डीजी कारागार पद से हटाकर डीजी सीबीसीआईडी बनाया है। जबकि केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से लौटे और लगभग दो महीने से डीजी इन वेटिंग चल रहे 1989 बैच के पीवी रामाशास्त्री को पुलिस महानिदेशक (कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं) बनाया गया है। वहीं लंबे समय बाद केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से वापस लौटे 1992 बैच के आईपीएस आनंद स्वरूप को अपर पुलिस महानिदेशक, पुलिस मुख्यालय बनाया गया है।

# कोर्ट में उपस्थित न होने वाले विधायक को सत्र की अनुमति देना खतरनाक: हाईकोर्ट

### मेरठ के समाजवादी पार्टी विधायक रफीक अंसारी को राहत देने से इनकार

विधि संवाददाता,प्रयागराज



**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मेरठ के सपा विधायक रफीक अंसारी को राहत देने से इनकार करते हुए कहा कि 100 से अधिक गैर जमानती वारंट जारी होने के बावजूद कोर्ट में उपस्थित न होने वाले विधायक को विधानसभा सत्र में भाग लेने की अनुमति देना एक खतरनाक और गंभीर मिसाल कायम करता है, जो निर्वाचित प्रतिनिधियों में जनता के विश्वास को खत्म करते हुए राज्य मशीनरी और न्यायिक प्रणाली की अखंडता को कमजोर करता है।

कोर्ट ने आगे कहा कि गंभीर आपराधिक आरोपों का सामना कर रहे व्यक्तियों को कानूनी जवाबदेही से बचने की अनुमति देकर प्रशासन कानून के शासन के प्रति दंडमुक्ति और अनादर की संस्कृति को कायम रखने का जोखिम उठाता है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकलपीठ ने अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, एमपी/ एमएलए कोर्ट, मेरठ में लंबित आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत आपराधिक मामले को रद करने की मांग वाली विधायक की याचिका खारिज करते हुए पारित किया। कोर्ट ने उपरोक्त आदेश की प्रति विधानसभा स्पीकर के समक्ष जानकारी के लिए रखने के लिए प्रमुख सचिव को भेजने का निर्देश दिया, साथ ही यूपी के पुलिस महानिदेशक को यह आदेश दिया कि वह अंसारी के खिलाफ ट्रायल कोर्ट द्वारा पहले ही जारी किए गए गैर जमानती वारंट की तामील सुनिश्चित करें और इस संदर्भ में अगली सुनवाई यानी 22 जुलाई को अनुपालन हलफनामा दाखिल करें। मामले के अनुसार आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत 35-40 अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ सितंबर 1995 में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। जांच पूरी होने के बाद 22 आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ पहला आरोप पत्र प्रस्तुत किया गया। उसके बाद याची सपा विधायक रफीक अंसारी के खिलाफ एक और पूरक आरोप पत्र प्रस्तुत किया गया, लेकिन याची कोर्ट में उपस्थित नहीं हुए,इसलिए दिसंबर 1997 को गैर जमानती वारंट जारी किया गया। बाद में 101 गैर जमानती वारंट और अन्य प्रक्रियाओं के बावजूद याची कोर्ट में उपस्थित नहीं हुए बल्कि मामले को रद करने की मांग करते हुए उन्होंने हाईकोर्ट का रुख किया।

याची के अधिवक्ता ने तर्क दिया कि मामले में मूल आरोपी वर्ष 1997 में बरी कर दिए गए हैं। अतः याची के खिलाफ भी कार्यवाही रद की जानी चाहिए, लेकिन कोर्ट का मानना है कि किसी भी आरोपी के खिलाफ आपराधिक मुकदमे में दर्ज किए गए साक्ष्य केवल उस आरोपी की दोषसिद्धि तक ही सीमित होते हैं। इसका सह- आरोपियों पर कोई असर नहीं पड़ता है। अतः सह-अभियुक्तों को बरी किए जाने की परिस्थितियों को याची के मामले में लागू नहीं किया जा सकता है। अंत में कोर्ट ने माना कि मामले के अजीबोगरीब तथ्यों को देखकर भी कोर्ट अपनी आंखें बंद नहीं कर सकती ऐसा मुद्दा न केवल लोकतंत्र के सिद्धांतों से समझौता सिद्ध होता है बल्कि समाज के ताने-बाने को भी खतरे में डालता है, जिससे भ्रष्टाचार और अराजकता का जन्म होता है। जनता द्वारा निर्वाचित जननायकों को अपने नैतिक आचरण और जवाबदेही के उच्चतम मानकों को बनाए रखना चाहिए।

### अखिलेश पर अनदेखी का आरोप लगा प्रदेश सचिव ने दिया इस्तीफा

**लखनऊ, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के बीच समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव प्रदीप सिंह बब्बू ने अपने पद और प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने मंगलवार को पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव पर अनदेखी करने और चुनिंदा लोगों से घिरे होने का आरोप लगाते हुए पत्र भेजा है। सपा से इस्तीफा देने के बाद उनके भाजपा में जाने की चर्चाएं हैं। पत्र में प्रदीप सिंह बब्बू ने कहा है कि मेरा मानना है कि सपा में कुछ लोग जो पुराने हो चुके हैं और कुछ वो हैं, जिनकी राजनीति आपके इर्द-गिर्द व आपकी कृपा पर निर्भर है। उनकी राय को जरूरत से अधिक महत्व देने से उनकी उम्मीदवारी नजरअंदाज होती रही। ऐसे लोग आपसे जमीनी लोगों को दूर रखना चाहते हैं।

### भाजपा बेईमानी पर उतर आई है, हार से बौखला गई है: अखिलेश

# जिसने मंदिर धोया, जनता उसको धो डालेगी

संवाददाता, बिधनू (कानपुर)



जनता का अभिवादन करते अखिलेश।

**अमृत विचार :** सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा पर चुनाव में बेईमानी करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि भाजपा हार के डर से बौखला गई है। करोड़ों मतदाता इनके खिलाफ हैं। जो आदमी हारने लगता है, वह बेईमानी पर उतारू हो जाता है। इनका स्तर इतना गिर गया है कि हम लोग यदि मंदिर में जायेंगे तो मंदिर का परिसर धो देंगे। याद रखिये आज आपने मंदिर परिसर धोया है जनता तुम्हें वोट डाल-डालकर ऐसा धोएगी कि दोबारा वापस नहीं आ पाओगे। अखिलेश मंगलवार को रमईपुर में गठबंधन के प्रत्याशी राजाराम पाल के समर्थन में जनसभा में बोल रहे थे।

अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की केवल एक सीट पर लड़ाई है। बाकी सीटें पीडीए व इंडिया गठबंधन के खातों में जाएंगी। उन्होंने कहा कि इस सरकार ने सेना में अग्निवीर भर्ती शुरू कर दी है। अखिलेश ने मंच में खड़े पुलिसकर्मियों की ओर इशारा करते हुए कहा कि अगर भाजपा सरकार सत्ता में आई तो पुलिस की नौकरी भी तीन साल की कर देगी। इसलिए हम सबको अपने युवाओं का भविष्य सुरक्षित करने के लिए सपा को वोट देना होगा। अगर हम सत्ता में आए तो अग्निवीर भर्ती को समाप्त कर देंगे। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि कुछ समय पहले बिल गेट्स ने पीएम मोदी से मुलाकात कर डिजिटल डिवाइस पर बात की थी।

भाजपा के लोग गांव-गांव जाकर देख लें जो इंटरनेट व्यवस्था का प्रबंध किया गया, वह सपा सरकार की देन है। अखिलेश ने कहा कि हम जीतने के बाद युवाओं को आरक्षण के साथ नौकरी देंगे। इंडिया गठबंधन ने तय किया है कि किसानों का कर्ज माफ होगा। अखिलेश ने कहा कि अगर हमारी सरकार आई तो गरीबों को पैकेट वाला आटा के साथ डाटा फ्री देंगे। भाजपा के चार सौ पार के सवाल पर अखिलेश यादव ने कहा कि आपने होर्डिंग नहीं देखी, होर्डिंग से एक इंजन गायब है। वह इंजन अब खटारा हो गया है। बोले खटारा इंजन की फोटो नहीं लगाई होर्डिंग में।

# स्कूल में बच्चों को सुरक्षित वातावरण को लेकर हाईकोर्ट ने सरकार से मांगा हलफ़नामा

विधि संवाददाता,लखनऊ

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए दिशानिर्देशों के अनुरूप स्कूलों में सुरक्षा उपाय करने के सम्बंध में राज्य सरकार को तीन सप्ताह में हलफ़नामा दाखिल करने का आदेश दिया है। हालांकि सरकार की ओर से इस सम्बंध में की गई कार्यवाहियों की जानकारी न्यायालय को दी गई लेकिन न्यायालय जवाब से संतुष्ट नहीं हुई। न्यायालय ने तीन सप्ताह में हलफ़नामा दाखिल करने के साथ-साथ मामले को अगली सुनवाई के लिए 26 जुलाई को नियत किया है।

यह आदेश न्यायमूर्ति आलोक माथुर और न्यायमूर्ति बृजराज सिंह की खंडपीठ ने गोमती रिवर बैंक रेजीडेंट्स की ओर से वर्ष 2020 में दाखिल की गई जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया है। उक्त याचिका में शहर के आवासीय क्षेत्रों में चल रहे स्कूलों का मुद्दा खास तौर पर उठाया गया है। याचिका पर पूर्व में हुई सुनवाईयों के दौरान न्यायालय ने पाया कि सुप्रीम कोर्ट ने अविनाश मेहरोत्रा मामले में 14 अगस्त 2017 को बच्चों की सुरक्षा और स्कूलों में सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने को लेकर कुछ दिशानिर्देश जारी किए थे जिसके तहत डीआईओएस को नोडल अधिकारी नियुक्त करने की बात कही गई थी व उसके कार्यों की निगरानी राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन को करने को कहा गया था जिसका प्रमुख जिलाधिकारी को बनाया गया था। अंत में दोनों के कार्यों की निगरानी की जिम्मेदारी मुख्य सचिव को सौंपी गई थी।


### वर्ग पहेली-63

**बाएं से दाएं**

3. इस लोक से भिन्न लोक
4. बेसन का बना नमकीन पकवान।
6. यंत्र
7. 1. गाड़ी का धुरा, छोटा धुरा 2. अक्ष, चूल 3. पहिए का केंद्रक।
8. 1. भार उठाने वाला, बोझा ढोने वाला, कुली 2. पालकी ढोने वाला।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. नियमित रूप से कुछ करने का तरीका एवं क्रम, दिनचर्या, नित्यक्रम, नित्यचर्या 2. शृंखलाबद्ध क्रिया आदि।
2. ईश्वर, भगवान।
3. 1. कच्ची अफ़ीम को सुखाने से प्राप्त तरल पदार्थ 2. किसी वस्तु या पदार्थ में से रिस-रिसकर निकलने वाला तरल पदार्थ, जलांश 3. स्वेद, पसीना।
5. दे. सागौन।
6. ओलती, फूस या खपरैल के मकान के छाजन या छप्पर का वह स्थल जहां से वर्षा का जल नीचे गिरता है।




### वर्ग पहेली -62 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 खो | टी | | | 2 फ़ा | | |
| | | 3 टो | | उं | | |
| | | क | | टे | | 4 कं |
| 5 छि | छो | रा | प | न | | का |
| | | | | पे | | लि |
| | | 6 कॉ | श | न | म | नी |
| 7 ठी | हा | | | | | |

### सुडोकू -142

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 7 | | | 1 | | |
| 4 | | 8 | | | | | 5 | |
| | | 3 | | 6 | | | | 4 |
| 7 | | | 3 | | | | 6 | |
| 8 | 6 | | | | | | 3 | |
| | 3 | | | | 4 | 9 | | |
| 5 | | | | 3 | | 8 | | |
| | 1 | | | | 2 | 3 | | |
| | | 7 | | | | | 4 | |

### सुडोकू -141 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 1 | 4 | 2 | 7 | 3 | 6 | 9 | 8 |
| 9 | 8 | 2 | 1 | 5 | 6 | 3 | 4 | 7 |
| 6 | 3 | 7 | 8 | 9 | 4 | 2 | 5 | 1 |
| 1 | 9 | 8 | 7 | 4 | 2 | 5 | 6 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 1 | 9 | 8 | 7 | 2 |
| 2 | 7 | 6 | 5 | 3 | 8 | 4 | 1 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 9 | 8 | 1 | 7 | 2 | 6 |
| 8 | 6 | 1 | 4 | 2 | 7 | 9 | 3 | 5 |
| 7 | 2 | 9 | 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 4 |

### आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 8 मई बुधवार 2024 संवत-2081,शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-अमावस्या 08.51 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

**आज का पंचांग**




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-भरणी 13.33 तक तत्पश्चात कृत्तिका।

**मेष** – आज कारोबार में विस्तार कर सकते हैं। जीवनसाथी आपको प्रसन्न करने का प्रयास करेगा। नए लोगों के बीच काम करने के अवसर मिलेंगे। आप अपने पसंदीदा कार्यों में काफी व्यस्त हो सकते हैं। मित्रों से शुभ समाचार मिल सकते हैं।

**वृष** – आज संतान की अवहेलना न करें। दिखावे के लिए आप अपनी क्षमता से ज्यादा धन खर्च कर सकते हैं। आपको कुछ कठिन काम अकेले करने पड़ सकते हैं। व्यापारिक कारण से किसी सहयोगी से झगड़ा हो सकता है।

**मिथुन** – आज वरिष्ठ अधिकारी आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे। इलेक्ट्रॉनिक्स से जुड़े कारोबारियों को काफी लाभ होगा। घर में संबंधियों का आना-जाना लगा रहेगा। दोपहर के बाद आप किसी प्रभावशाली व्यक्ति से मिल सकते हैं।

**कर्क** – आज दोपहर के बाद थोड़ा हल्कापन महसूस करेंगे। खर्चों में संतुलन बनाने की कोशिश कर सकते हैं। जॉब में सहयोगियों को नाराज न करें। सिरदर्द और थकान के कारण काम में मन नहीं लगेगा। बिजनेस में जोखिम भरे कार्य न करें।

**सिंह** – आज परिवार में कोई पारंपरिक उत्सव हो सकता है। छात्र प्रतियोगी परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करें। घर पर वेबसीरीज या साहित्य में सक्रिय हो सकते हैं। उधार दिया हुआ धन आपको वापस मिल सकता है। प्रेम संबंधों के लिए दिन बहुत अच्छा है।

**कन्या** – आज अपनी प्रतिभा को विकसित करने का प्रयास करें। कुछ लोग आपके विश्वास को तोड़ सकते हैं। इससे आप मानसिक रूप से कुछ अशांत महसूस करेंगे। आयात-निर्यात के कारोबार में लाभ होगा। रुका हुआ धन वापस मिलेगा।

**तुला** – आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। बदलते मौसम को लेकर सिरदर्द और बुखार की समस्या होगी। जीवनसाथी के लिए आप कुछ उपहार खरीद सकते हैं। नए विचारों और योजनाओं से प्रभावित रहेगे। दूर की यात्राओं के लिए दिन अच्छा है।

**वृश्चिक** – आज अविवाहित लोगों के लिए विवाह से संबंधित कोई रिश्ता सामने आ सकता है। मन में छिपे हुए भय को दूर करने का प्रयास करें। गृहस्थ जीवन में खुशहाली रहेगी। अधूरे कार्यों को आसानी से पूरे कर लेंगे। परिवार में आपका महत्व बढ़ेगा।

**धनु** – आज व्यवसाय में बड़ा आर्थिक लाभ होने से मन प्रसन्न रहेगा। अधीनस्थ कर्मचारियों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। कृषि कार्यों से बड़ा धन लाभ हो सकता है। भविष्य को लेकर कोई सार्थक निर्णय ले सकते हैं।

**मकर** – आज नई परियोजनाओं में काम करने का विचार बनाएं। जीवनसाथी की भावनाओं को सम्मान दें। गुस्से में आपके काम बिगड़ सकते हैं। विद्यार्थियों को पढ़ाई में कुछ परेशानियां आ सकती है। परिवार में शुभ आयोजन हो सकता है।

**कुंभ** – आज दिन की शुरुआत आपके लिए शुभ रहेगी। कार्यक्षेत्र में काम का दबाव बढ़ सकता है। जोड़ों और घुटनों में दर्द की शिकायत हो सकती है। बुद्धिमान लोगों का परामर्श लेना हितकर होगा। भरोसेमंद व्यक्तियों का ध्यान रखें।

**मीन** – आज नए करियर को लेकर जो प्लानिंग आप कर रहे हैं,उसे साकार करने के लिए समय उत्तम है। कोर्ट-कचहरी के मामलों में सावधानी रखें। विश्वासघाती लोगों से आपको दूरी बना लेनी चाहिए। कई दिनों से जो काम रुका हुआ था वो बन सकता है।

### आज की फिल्में

B4U MOVIES
कातिलों के कातिल – सुबह :10.16
शिव शक्ति – रात : 07.00

SONY PIX
रैमपेज – सुबह : 10.47
होटल ट्रान्सिलवेनिया 3 – रात : 09.17

SONY MAX
डबल एक्स एल – सुबह : 09.45
स्टारफिश – शाम : 06.00

ZEE CINEMA
जीरो – सुबह : 09.55
लवशुदा – रात : 07.45

colors CINEPLEX
हेरा फेरी – दोपहर : 12.02
आन : मेन एट वर्क – रात : 09.01

**आज की सुपरहिट फिल्म**




कलर्स सिनेप्लेक्स पर दोपहर : 12.02 बजे

### जोक्स ऑफ द डे

पुलिस- हम पुलिस वाले हैं, दरवाजा खोलो।
चिंटू- क्या काम है?
पुलिस- बात करनी है।
चिंटू- कितने लोग हो?
पुलिस- चार लोग हैं।
चिंटू- तो फिर मेरा क्या काम है, आपस में बात कर लो।

चेन स्नैचिंग वाले महिला के गले से हार खींच कर ले गए।
अगले दिन महिला बहुत ज्यादा दुखी हुई। हार के लिए नहीं, अखबार वालों ने छाप दिया- वृद्ध महिला के गले से हार छीन भागे चेन स्नैचर।

## मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 990 फ्लैग 1105 डीएमओ 880 बोल्ड 1155।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 84,000 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 85,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 90,000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 73,600 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 54,800-55,000 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 71,350 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 71,200 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 82,000 |
| चांदी तैयार | 82,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

## एक नजर

### न्यायालय के फैसले पर ईपीएफओ कदम उठाने को लेकर कर रहा विचार

**नई दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने मंगलवार को कहा कि वह भविष्य निधि में विदेशी श्रमिकों को शामिल करने को असंवैधानिक ठहराने वाले कर्नाटक उच्च न्यायालय के फैसले के संबंध में आगे की कार्रवाई पर गौर कर रहा है। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने कर्मचारी भविष्य निधि और पेंशन योजना के दायरे में अंतरराष्ट्रीय श्रमिकों को शामिल करने के प्रावधानों को खारिज कर दिया है। उसने कहा है कि यह असंवैधानिक और मनमाना है। ईपीएफओ ने फैसले से संबंधित सवालों के जवाब में कहा-न्यायालय के फैसले के प्रति सर्वोच्च सम्मान रखते हुए कर्मचारी भविष्य निधि संगठन इस फैसले के जवाब में आगे की कार्रवाई के तरीकों पर सक्रियता के साथ विचार कर रहा है। यह निर्णय कर्मचारी भविष्य निधि योजना कर्मचारी पेंशन योजना, 1995 के पैराग्राफ 43ए में उल्लेखित अंतर्राष्ट्रीय श्रमिकों के लिए विशिष्ट प्रावधानों से जुड़ा है।

# 3 साल में घट गई परिवारों की शुद्ध बचत

## सांख्यिकी और कार्यक्रम मंत्रालय ने जारी किए आंकड़े, नौ लाख करोड़ रुपये घट गई

नई दिल्ली, एजेंसी

देश में परिवारों की शुद्ध बचत तीन वर्षों में नौ लाख करोड़ रुपये से अधिक घटकर वित्त वर्ष 2022-23 में 14.16 लाख करोड़ रुपये रह गयी। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने यह जानकारी दी है।

मंत्रालय की तरफ से जारी ताजा राष्ट्रीय खाता सांख्यिकी-2024 के मुताबिक, वित्त वर्ष 2020-21 में परिवारों की शुद्ध बचत 23.29 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गई थी लेकिन उसके बाद से इसमें लगातार गिरावट आ रही है। वित्त वर्ष 2021-22 में परिवारों की शुद्ध बचत घटकर 17.12 लाख करोड़ रुपये रह गई। यह वित्त वर्ष 2022-23 में और भी कम होकर



14.16 लाख करोड़ रुपये पर आ गई जो पिछले पांच वर्षों का सबसे निचला स्तर है। इससे पहले शुद्ध घरेलू बचत का निचला स्तर वर्ष 2017-18 में 13.05 लाख करोड़ रुपये था। लेकिन यह 2018-19 में बढ़कर 14.92 लाख करोड़ रुपये और 2019-20 में 15.49 लाख करोड़ रुपये हो गया था। सरकारी आंकड़ों से पता चलता है कि 2020-21 से लेकर 2022-23 के दौरान म्यूचुअल फंड में निवेश लगभग तिगुना होकर 1.79 लाख करोड़ रुपये हो गया जो 2020-21 में 64,084 करोड़ रुपये था। शेयरों और डिबेंचर में परिवारों का निवेश इस अवधि में 1.07 लाख करोड़ रुपये से लगभग दोगुना होकर 2022-23 में 2.06 लाख करोड़ रुपये हो गया। आंकड़े बताते हैं कि परिवारों को बैंक ऋण भी इन तीन वर्षों में दोगुना होकर 2022-23 में 11.88 लाख करोड़ रुपये हो गया है।

### एफएमसीजी सामान की ग्रामीण खपत रही अधिक



भारतीय एफएमसीजी (रोजमर्रा के उपभोग का सामान) उद्योग ने वर्ष 2024 की जनवरी-मार्च अवधि में राष्ट्रीय स्तर पर मात्रा के मामले में 6.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। इसके साथ ही पांच तिमाहियों में पहली बार ग्रामीण खपत ने शहरी मांग को पीछे छोड़ दिया है। नील्सनआईक्यू ने एक रिपोर्ट में यह आकलन पेश किया है। उपभोक्ताओं से जुड़ी सूचनाएं मुहैया कराने वाली फर्म नील्सनआईक्यू (एनआईक्यू) ने दैनिक उपभोग वाले उत्पादों (एफएमसीजी) पर जारी तिमाही रिपोर्ट में कहा है कि खाद्य एवं गैर-खाद्य दोनों क्षेत्रों ने खपत बढ़ाने में योगदान दिया, लेकिन भोजन की तुलना में गैर-खाद्य श्रेणी में वृद्धि लगभग दोगुनी रही। मार्च तिमाही में घरेलू एफएमसीजी उद्योग का मूल्य 6.6 प्रतिशत बढ़ा है जिसका श्रेय अखिल भारतीय स्तर पर मात्रा में 6.5 प्रतिशत वृद्धि को जाता है। मात्रात्मक वृद्धि एक साल पहले की समान तिमाही में 3.1 प्रतिशत रही थी।

### आईडीबीआई बैंक को 2.97 करोड़ की जीएसटी मांग का नोटिस

**नई दिल्ली।** आईडीबीआई बैंक ने मंगलवार को कहा कि उसे कथित तौर पर अधिक इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का लाभ लेने के लिए ब्याज और जुर्माने समेत 2.97 करोड़ रुपये की जीएसटी मांग का नोटिस मिला है।

बैंक ने शेयर बाजार को दी गई सूचना में कहा कि देहरादून राज्य कर विभाग ने आईटीसी के कथित अतिरिक्त लाभ और उपयोग के लिए वित्त वर्ष 2018-19 से संबंधित माल एवं सेवा कर (जीएसटी) नियमों के तहत एक आदेश जारी किया है। इस आदेश में 1.42 करोड़ रुपये की कर मांग के साथ बैंक पर 1.41 करोड़ रुपये का ब्याज और 14 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। आईडीबीआई बैंक ने कहा-बैंक कानून के मुताबिक इस मामले में अपील सहित उचित कानूनी तरीका अपनाने के बारे में विचार कर रहा है।

## सोने में 200 रुपये की बढ़त, चांदी में 700 रुपये का आया उछाल

नई दिल्ली, एजेंसी



वैश्विक बाजारों में मजबूती के रुख के अनुरूप बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन तेजी जारी रही। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोना 200 रुपये की बढ़त के साथ 72,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 72,250 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 700 रुपये के उछाल के साथ 85,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। इससे पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 84,300 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा-विदेशी बाजारों से सकारात्मक संकेत लेते हुए दिल्ली में हाजिर सोना (24 कैरेट) 72,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा था जो पिछले बंद भाव से 200 रुपये अधिक है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स (जिंस बाजार) में हाजिर सोना 2,319 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था जो पिछले बंद भाव से सात डॉलर की बढ़त है।

सौमिल गांधी ने कहा-इस साल अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती किए जाने के संकेत मिलने से सोने की कीमतों में तेजी आई। अमेरिकी नीति निर्माताओं की नरम रुख वाली टिप्पणियों ने ब्याज दर में कटौती की उम्मीदों को बढ़ावा दिया है।

## कारोबारी घंटे बढ़ाने का एनएसई का प्रस्ताव खारिज

नई दिल्ली, एजेंसी

- सेबी ने ब्रोकरों से समुचित प्रतिक्रिया न मिलने से कर दिया इनकार
- एनएसई के सीईओ ने बताया वर्तमान में कोई योजना नहीं

पूंजी बाजार नियामक सेबी ने स्टॉक ब्रोकरों से समुचित प्रतिक्रिया न मिलने का हवाला देते हुए इक्विटी डेरिवेटिव खंड में कारोबारी घंटे बढ़ाने के नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। एनएसई के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) आशीष कुमार चौहान ने नतीजों पर विश्लेषकों के साथ चर्चा में यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा-वर्तमान में कारोबारी घंटे बढ़ाने की कोई योजना नहीं है क्योंकि सेबी ने



हमारा आवेदन वापस कर दिया है। स्टॉक ब्रोकरों से सेबी को ऐसी प्रतिक्रिया नहीं मिली, जैसी वह चाहता था। लिहाजा विस्तारित समय योजना को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। एनएसई ने भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) से इक्विटी डेरिवेटिव खंड में चरणबद्ध तरीके से कारोबार का समय बढ़ाने का आग्रह किया था। इसके पीछे मकसद यह था कि वैश्विक सूचना प्रवाह से रातों-रात पैदा होने वाले जोखिम को कम किया जा सके।

एनएसई के मुख्य कारोबार विकास अधिकारी श्रीराम कृष्णन ने सितंबर में बताया था कि एक्सचेंज नियमित कारोबारी सत्र खत्म होने के बाद शाम छह बजे से रात नौ बजे तक एक और सत्र की योजना बना रहा था। इसपर मिली प्रतिक्रिया के आधार पर कारोबारी समय को धीरे-धीरे रात 11.55 बजे तक बढ़ाने का प्रस्ताव था।

### देश का पहला हरित हाइड्रोजन संयंत्र राजस्थान में होगा स्थापित

**नई दिल्ली।** औद्योगिक और चिकित्सकीय गैस बनाने वाली कंपनी आईनॉक्स एयर प्रोडक्ट्स राजस्थान के चित्तौड़गढ़ में 190 टन की सालाना क्षमता वाली अपनी पहली हरित हाइड्रोजन परियोजना स्थापित करेगी। कंपनी ने मंगलवार को बयान में कहा कि स्वच्छ ऊर्जा की आपूर्ति असाही इंडिया ग्लास लि. (एआईएस) को 20 साल के आपूर्ति समझौते के तहत की जाएगी। बयान के अनुसार-फ्लोट ग्लास उद्योग के लिए यह देश का पहला हरित हाइड्रोजन संयंत्र होगा। संयंत्र की क्षमता सालाना 190 टन हरित हाइड्रोजन उत्पन्न करने की होगी।

## दूरसंचार विभाग ने धोखाधड़ी में शामिल मोबाइल हैंडसेट, फोन नंबर किए ब्लॉक

नई दिल्ली, एजेंसी

दूरसंचार विभाग ने मोबाइल पर संदेश भेजकर मोबाइल उपयोग करने वालों के साथ धोखाधड़ी करने वालों पर नकेल कसना शुरू कर दिया है। विभाग ने ऐसी गतिविधियों में उपयोग किए जाने वाले मोबाइल फोन को ब्लॉक करने के साथ ऐसे नंबरों को बंद करना शुरू कर दिया है।

दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने धोखाधड़ी से संबंधित शिकायतों से निपटने के लिए दो महीने पहले 'चक्षु' पोर्टल शुरू किया है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, पोर्टल शुरू होने के बाद से विभाग ने दुर्भावनापूर्ण और गलत इरादे से एसएमएस भेजने में शामिल 52 इकाइयों को काली सूची में डाल दिया है। साथ ही अखिल भारतीय स्तर पर 348 मोबाइल हैंडसेट को ब्लॉक कर दिया है। इसके अलावा, 10,834 संदिग्ध मोबाइल नंबर को फिर से सत्यापन के लिए चिह्नित किया है। एसएमएस से संबंधित धोखाधड़ी पर एक प्रौद्योगिकी पेशेवर के सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखी गई बातों के जवाब में विभाग ने कह कि जिस मोबाइल नंबर का जिक्र किया गया है, उसे ब्लॉक कर दिया गया है।

### आठ प्रमुख शहरों में खाली पड़े शॉपिंग मॉल की बढ़ गई संख्या

**नई दिल्ली।** देश के आठ प्रमुख शहरों में खाली पड़े शॉपिंग मॉल की संख्या पिछले साल 57 से बढ़कर अब 64 हो गई। इसकी वजह खुदरा विक्रेता और उपभोक्ताओं के प्रीमियम संपत्तियों को तरजीह देना है।

रियल एस्टेट सलाहकार नाइट फ्रैंक इंडिया ने मंगलवार को 'थिंक इंडिया थिंक रिटेल 2024' शीर्षक से एक रिपोर्ट जारी की। इसमें 29 शहरों के शॉपिंग सेंटर और बड़े बाजारों पर गौर किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, आठ प्रमुख महानगरों में खाली पड़ी खुदरा संपत्तियों की संख्या तेजी से बढ़ी है।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### आम आदमी पार्टी के मुख्यालय के बाहर भाजपा का प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** भाजपा की दिल्ली इकाई के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने एक प्रतिबंधित आतंकी संगठन 'सिख फॉर जस्टिस' से आम आदमी पार्टी (आप) द्वारा कथित तौर पर धन लिए जाने के मामले में उपराज्यपाल वीके सक्सेना द्वारा राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) से जांच कराने की सिफारिश को लेकर मंगलवार को डीडीयू मार्ग स्थित आप मुख्यालय के पास विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने अवरोधक लगाकर रोक दिया। भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने आरोप लगाया-हम जानते हैं कि आप भ्रष्ट है लेकिन यह सबसे शर्मनाक है कि पार्टी ने एक प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन से भी धन लिया।

### भाजपा का पोस्ट तुरंत हटाने का निर्देश

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की कर्नाटक इकाई (बीजेपी4कर्नाटक) के एक पोस्ट को कानून का उल्लंघन बताते हुये सोशल मीडिया मंच एक्स (पूर्ववर्ती) ट्विटर से उसे तुरंत हटाने का मंगलवार को निर्देश दिया। आयोग द्वारा एक्स के नोडल अधिकारी को भेजे गये एक पत्र में कहा गया है कि बीजेपी4कर्नाटक का सोशल मीडिया पोस्ट नियम क़ानून के विरुद्ध है और उसके खिलाफ बेंगलुरु में मामला दर्ज किया जा चुका है। आयोग ने कहा है कि राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने एक्स को पांच मई को ही उस पोस्ट को हटाने को कहा था, लेकिन उसे अब तक नहीं हटाया गया है।

### दिल्ली पुलिस ने व्हाट्सएप चैनल शुरू किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी में रहने वाले लोगों को सुरक्षा अलर्ट, महत्वपूर्ण समाचार और दिल्ली पुलिस विभाग के त्वरित अपडेट की जानकारी देने के लिए मंगलवार को व्हाट्सएप चैनल की शुरुआत की। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि हमारा मानना है कि यह लोगों के साथ हमारे जुड़ाव को बढ़ाएगा और महत्वपूर्ण जानकारी को समय पर और कुशल रूप से साझा करने की हमारी क्षमता में सुधार लाएगा।

## मप्र में प्रधानमंत्री मोदी ने बताया एनडीए के लिए क्यों रखा 400 पार सीटों का लक्ष्य

# राम मंदिर पर बाबरी ताला न लग जाए...

धार (मप्र), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि वह चाहते हैं कि भाजपा के नेतृत्व वाला राजग मौजूदा लोकसभा चुनाव में 400 सीट जीते ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि कांग्रेस कश्मीर में अनुच्छेद 370 वापस न लाए और अयोध्या में राम मंदिर पर बाबरी ताला न लगाए। मध्य प्रदेश के धार में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने मुसलमानों को आरक्षण का लाभ देने के राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद के बयान की भी आलोचना की।

उन्होंने कहा कि विपक्षी 'इंडिया' गुट की 'साजिश' गहरी है और वह अपने वोट बैंक के लिए एससी, एसटी और ओबीसी का पूरा आरक्षण चाहता है। उन्होंने कांग्रेस पर डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर को अपमानित करने का भी आरोप लगाया, उन्होंने कहा कि विपक्षी दल ने यह कहना शुरू कर दिया है कि संविधान बनाने में उनकी बहुत कम भूमिका थी। मोदी ने कहा-सच्चाई यह है कि कांग्रेस परिवार डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर से बेहद नफरत करता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस अफवाह फैला रही है कि अगर उन्हें 400 लोकसभा सीटे मिलेंगी तो वे संविधान बदल देंगे।



मध्य प्रदेश के धार में चुनावी जनसभा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मोहन यादव। ● एजेंसी

### हम करोड़ों लोगों को लखपति बनाएंगेः राहुल



**चाईबासा (झारखंड)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वह आदिवासियों के जल, जंगल और जमीन को उद्योगपतियों के हवाले करना चाहते हैं। झारखंड के चाईबासा में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए गांधी ने सत्ता में आने पर करोड़ों लोगों को लखपति बनाने का वादा भी किया। उन्होंने कहा कि यह लोकसभा चुनाव संविधान और आदिवासियों, गरीबों एवं पिछड़ों के अधिकारों को बचाने के लिए है तथा 'इंडिया' गठबंधन के नेता संविधान को बचाने के लिए अपने जीवन का बलिदान तक देने के लिए तैयार हैं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा-मोदीने अपने 10 साल में 22 लोगों को अरबपति बनाया...सत्ता में आने पर हम करोड़ों लखपति बनाएंगे।

# मुसलमानों को आरक्षण मिलना चाहिए पर धर्म के आधार पर नहीं: लालू प्रसाद

पटना, एजेंसी

- राजद के अध्यक्ष ने की आरक्षण का लाभ दिए जाने की वकालत

राजद के अध्यक्ष लालू प्रसाद ने मुसलमानों को आरक्षण का लाभ दिए जाने की वकालत करते हुए मंगलवार को कहा कि यह सामाजिक पिछड़ेपन पर आधारित होना चाहिए न कि धर्म के आधार पर। इससे पहले दिन में पटना में पत्रकारों से बातचीत के दौरान प्रसाद द्वारा अल्पसंख्यक समुदाय के लिए आरक्षण लाभ को लेकर की गई टिप्पणी पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के अन्य नेताओं ने उनकी आलोचना की। कई मुस्लिम जातियां बिहार और कई अन्य राज्यों में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की सूची में शामिल हैं।

हालांकि, कर्नाटक की कांग्रेस सरकार द्वारा मुस्लिम समुदाय को



ओबीसी कोटे के तहत आरक्षण देने को लेकर पिछले साल विधानसभा चुनाव में हारी भाजपा आलोचना कर रही है। मोदी और अन्य भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस और राजद जैसे उसके सहयोगी ओबीसी, दलितों और आदिवासियों को मिल रहे आरक्षण का लाभ मुसलमानों को देना चाहते हैं।

### वे मुसलमानों को देना चाहते हैं आरक्षणः सुधांशु



**नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि यादव ने मुसलमानों के लिए आरक्षण की वकालत की है। उन्होंने कहा-लालू प्रसाद यादव ने कहा कि मुसलमानों को पूर्ण आरक्षण दिया जाना चाहिए। उनके द्वारा अपने वक्तव्य में प्रयुक्त यह शब्द 'पूरा का पूरा' (पूर्ण) बहुत गंभीर है। इससे यह स्पष्ट हो जाता है कि वे (इंडिया गठबंधन) मुसलमानों को एससी, एसटी और ओबीसी के हिस्से से आरक्षण देना चाहते हैं।

## राजस्थान में सांड़ को बचाने कुएं में उतरे तीन लोगों की जहरीली गैस से मौत

**जयपुर।** राजस्थान के शाहपुरा जिले में एक सांड़ को बचाने के लिए कुएं में उतरे तीन लोगों की जहरीली गैस की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना सोमवार रात आरणी गांव की है जहां दो सांड़ लड़ते-लड़ते कुएं में गिर गए। उसने कहा कि उनमें से एक को ग्रामीणों ने ''अर्थमूविंग'' मशीन की मदद से बचा लिया, जबकि दूसरे सांड़ को बचाने की प्रक्रिया चल ही रही थी कि कुएं में उतरा सुखदेव बेहोश हो गया। पुलिस के अनुसार सुखदेव को तो बाहर निकाल लिया गया लेकिन उसे बचाने के लिए नीचे उतरे तीन लोग जहरीली गैस की चपेट में आकर बेहोश हो गए। पुलिस के अनुसार-इस हादसे में धनराज (26), कमलेश (19) और शंकर (30) की मौत हो गई।

## स्कूलों में पुस्तक वितरण में देरी पर मांगा गया जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिल्ली उच्च न्यायालय ने अधिकारियों से पूछा कारण

दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों को किताबें मिलने में देरी को लेकर शहर के अधिकारियों से सवाल किया और कहा कि शैक्षणिक वर्ष का पहला सत्र करीब करीब किताबों के बिना ही बीत गया है। अदालत ने अधिकारियों से पुस्तकों के वितरण में देरी का कारण पूछा, जबकि सरकार ही पुस्तकों के प्रकाशन और वितरण पर पैसा खर्च कर रही है।

कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पी एस अरोड़ा की पीठ ने पूछा-ऐसा क्यों हो रहा है? जब आप पैसे खर्च कर रहे हैं, किताबें बांट रहे हैं, तो आपको देरी से क्यों बांटना चाहिए? समय पर क्यों नहीं बांट सकते? इस साल ऐसी क्या गलती हुई कि किताबें समय पर नहीं बांटी गईं। पीठ ने कहा-सरकार वितरण और प्रकाशन पर पैसा खर्च कर रही है। इस पर खर्च करने का क्या फायदा जब हम इसका अभी इस्तेमाल न कर सकें। जब अदालत को बताया गया कि कुछ कक्षाओं के पाठ्यक्रम में बदलाव के कारण देरी हुई है, तो अदालत ने टिप्पणी की कि निजी स्कूलों में पढ़ाई चल रही होगी, जबकि सरकारी स्कूल प्रभावित हैं।

# कैदी को भी चिकित्सकीय उपचार का होता है अधिकार

मुंबई, एजेंसी

- बंबई उच्च न्यायालय ने धनशोधन मामले में की टिप्पणी
- कोर्ट ने जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल को दी जमानत

बंबई उच्च न्यायालय ने धनशोधन मामले में गिरफ्तार जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल को स्वास्थ्य के आधार पर दो महीने के लिए अंतरिम जमानत देते हुए कहा कि एक कैदी को भी चिकित्सकीय उपचार का अधिकार होता है और वह सम्मान का हकदार है।

न्यायमूर्ति एन. जे. जमादार की एकल पीठ ने कहा कि एक विचाराधीन कैदी के रूप में इलाज कराने और बिना किसी रोक-टोक के नागरिक के रूप में उपचार कराने के बीच अंतर है। पीठ ने सोमवार को गोयल को चिकित्सकीय आधार पर दो



महीने की अंतरिम जमानत दे दी थी। आदेश की प्रति मंगलवार को उपलब्ध कराई गई। गोयल (75) ने चिकित्सकीय और मानवीय आधार पर अंतरिम जमानत प्रदान करने का आग्रह किया था, क्योंकि वह और उनकी पत्नी कैंसर से पीड़ित हैं। एक विशेष अदालत ने फरवरी में गोयल को जमानत देने से इनकार कर दिया था, लेकिन उन्हें अपनी पसंद के निजी अस्पताल में भर्ती होने और इलाज कराने की अनुमति दे दी थी। इसके बाद गोयल ने अंतरिम जमानत के लिए उच्च न्यायालय का रुख किया था। न्यायमूर्ति जमादार ने आदेश देने से पहले मेडिकल रिकॉर्ड का अवलोकन किया और कहा-यह मानना ठीक नहीं होगा कि आवेदक (गोयल) बीमार नहीं है।

पीठ ने कहा कि किसी कैदी को गंभीर बीमारी से पीड़ित होने पर केवल इसलिये अधर में नहीं छोड़ा जा सकता कि उस पर धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के सख्त प्रावधान के तहत मामला दर्ज है। पीठ ने कहा, "एक कैदी को अपने स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए इलाज कराने का अधिकार है। यह राज्य का दायित्व है कि वह किसी कैदी को स्वास्थ्य व उसकी सुरक्षा के लिए आवश्यक उपचार प्रदान करे। एक कैदी गरिमा का हकदार होता है। पीठ ने ईडी की यह दलील कि गोयल एक निजी अस्पताल में अपनी इच्छा के अनुरूप उपचार करा रहे हैं और इसलिए उन्हें जमानत पर नहीं छोड़ा जाना चाहिए, को ठुकरा दिया। ईडी ने गोयल को सितंबर 2023 में और उनकी पत्नी अनीता को नवंबर 2023 में गिरफ्तार किया था।

### भाजपा ने अरुणाचल प्रदेश में 27 असंतुष्टों को किया निष्कासित

**ईटानगर।** भाजपा की अरुणाचल प्रदेश इकाई ने उन 27 असंतुष्ट पार्टी नेताओं को मंगलवार को निष्कासित कर दिया, जिन्होंने टिकट नहीं दिये जाने के बाद राज्य में 19 अप्रैल को पार्टी के आधिकारिक उम्मीदवारों के खिलाफ चुनाव लड़ा था। भाजपा की राज्य अनुशासनात्मक कार्रवाई समिति के अध्यक्ष तार तारक ने कहा कि नेताओं को छह साल के लिए निष्कासित किया गया है। निष्कासित नेताओं ने मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड के संगमा के नेतृत्व वाली नेशनल पीपुल्स पार्टी, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी, पीपुल्स पार्टी ऑफ अरुणाचल के टिकट पर और निर्दलीय के रूप में चुनाव लड़ा था।

## दिल्ली पुलिस ने नशा तस्करी में बरेली के तीन लोग किए गिरफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसी

- पुलिस ने बताया, पांच करोड़ रुपये की हेरोइन भी जब्त

दिल्ली पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त पांच लोगों गिरफ्तार कर पांच करोड़ रुपये मूल्य की हेरोइन जब्त की है। इन गिरफ्तार लोगों में तीन लोग बरेली के निवासी हैं। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के मुताबिक, अपराध शाखा ने उत्तर प्रदेश और झारखंड निवासी आरोपियों को गिरफ्तार कर उनसे 2.26 किलोग्राम हेरोइन के अलावा अन्य मादक पदार्थ बरामद किये। पुलिस के अनुसार आरोपियों की पहचान मोहम्मद आतिफ, अशरफ, आरिफ अली, रुखसार और मोहम्मद मुख्तार अंसारी के रूप में हुई है। पुलिस उपायुक्त (अपराध) अमित गोयल ने कहा-हमें सूचना मिली थी कि मादक पदार्थ तस्कर आतिफ छत्ता रेल चौक फ्लाईओवर क्षेत्र के निकट बड़ी मात्रा में मादक पदार्थ की आपूर्ति के लिए आएगा। हमने जाल बिछाया और फरवरी में आतिफ को एक किलोग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने कहा कि उसने खुलासा किया कि बरामद हुआ मादक पदार्थ उसे बरेली निवासी अशरफ ने नरेला क्षेत्र की अनाज मंडी में एक किसी को आपूर्ति करने



के लिए दिया था। पुलिस ने दल गठित किए और बरेली में अशरफ के ठिकानों पर छापे मारे। उन्होंने बताया कि पांच फरवरी को उसे एक अस्पताल से गिरफ्तार किया गया और उससे 490 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। उन्होंने बताया कि उसने बरेली निवासी आरिफ और रुखसार के नाम बताए। जांच के दौरान 23 मार्च को आरिफ अली को उसके किराये के मकान से गिरफ्तार किया गया और उसके घर से 403 ग्राम मादक पदार्थ बरामद किया गया। डीसीपी ने कहा कि रुखसार को 12 अप्रैल को लखनऊ से गिरफ्तार किया गया और उसके घर से 200 ग्राम हेरोइन समेत मादक पदार्थ तैयार करने वाली सामग्री और अन्य सामान बरामद किया गया। उन्होंने कहा कि बाद में अंसारी को हजारीबाग से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने कहा कि जांच जारी है और अन्य आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**आज का मुकाबला**

सनराइजर्स हैदराबाद

बनाम

लखनऊ सुपरजाइंटस

शाम 7:30 बजे

**पर्पल कैप**

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 12 | 18 |
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 11 | 17 |
| वरुण चक्रवर्ती (केकेआर) | 11 | 16 |

**ऑरेंज कैप**

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 11 | 542 |
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 11 | 541 |
| संजू सैमसन (राजस्थान रॉयल) | 11 | 471 |

## विश्व कप क्वालीफायर के लिए दूसरी सूची की घोषणा, चोटिल झिंगन बाहर

नई दिल्ली, एजेंसी



● पहली सूची में शामिल 26 खिलाड़ी भुवनेश्वर में 10 मई से शुरू करेंगे अभ्यास

भारतीय सीनियर पुरूष टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने मंगलवार को कुवैत और कतर के खिलाफ फीफा विश्व कप 2026 के प्रारंभिक संयुक्त क्वालीफिकेशन के दूसरे दौर के मुकाबलों के लिये 15 संभावित खिलाड़ियों की दूसरी सूची जारी की जिसमें चोटिल डिफेंडर संदेश झिंगन का नाम नहीं है।

पहली सूची शनिवार को जारी की गई थी। झिंगन को जनवरी में सीरिया के खिलाफ भारत के एशियाई कप ग्रुप मैच के दौरान दाहिने घुटने में चोट लगी थी। पहली सूची में शामिल 26 खिलाड़ी भुवनेश्वर में 10 मई से अभ्यास शुरू करेंगे। दूसरी सूची में शामिल 15 खिलाड़ियों में मुंबई सिटी एफसी और मोहन बागान एसजी के खिलाड़ी शामिल हैं जिन्होंने आईएसएल कप फाइनल खेला। वे 15 मई को शिविर से जुड़ेंगे। कुल 41 खिलाड़ी राष्ट्रीय शिविर में भाग लेंगे। भारत का सामना छह जून को कोलकाता में कुवैत से और 11 जून को कतर में कतर से होगा। भारत ग्रुप ए में चार मैचों में चार अंक लेकर दूसरे स्थान पर है। ग्रुप की शीर्ष दो टीमें तीसरे दौर में पहुंचेंगी और एएफसी एशियाई कप का टिकट कटाएगी।

## दबाव में अच्छे फैसले लेता है कप्तान रोहित : युवराज

नई दिल्ली, एजेंसी



● टी-20 विश्वकप में रोहित जैसे कप्तान की भारतीय टीम को है जरुरत

भारत के पूर्व हरफनमौला युवराज सिंह का मानना है कि रोहित शर्मा समझदार कप्तान है और दबाव में अच्छे फैसले लेते हैं जिससे टी-20 विश्व कप में भारत के लिए उनकी मौजूदगी अहम होगी। रोहित की कप्तानी में भारतीय टीम पिछले साल 50 ओवरों के विश्व कप के फाइनल में पहुंची और टी-20 विश्व कप 2022 के सेमीफाइनल में जगह बनाई। इसके अलावा विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में भी टीम ने जगह बनाई थी। अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी-20 विश्व कप में भी भारतीय टीम की कमान रोहित के हाथ में होगी।

टी-20 विश्व कप के ब्रांड दूत युवराज ने आईसीसी से कहा रोहित की मौजूदगी काफी अहम होगी। हमें अच्छे और समझदार कप्तान की जरूरत है जो दबाव में अच्छे फैसले ले सके। रोहित ऐसा ही कप्तान है।

भारत ने आखिरी बाद 2013 में महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में चैंपियंस ट्रॉफी के रूप में आखिरी आईसीसी खिताब जीता था। युवराज का मानना है कि भारत को रोहित जैसे कप्तान की जरूरत है। जब हम 50 ओवरों के विश्व कप के फाइनल में हारे थे तब रोहित ही कप्तान था। हमें उसके जैसे कप्तान की ही जरूरत है।

### शिवम दुबे और यशस्वी जायसवाल होंगे भारत की सफलता की कुंजी : शास्त्री



**दुबई।** भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने कहा कि आगामी टी-20 विश्व कप में शिवम दुबे की बड़े छक्के लगाने की क्षमता से भारत को बड़े स्कोर बनाने में मदद मिलेगी और यशस्वी जायसवाल के साथ दुबे पर भारत की उम्मीदों का दारोमदार होगा। जायसवाल और दुबे एक जून से अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी-20 विश्व कप में पदार्पण करेंगे। शास्त्री ने कहा दोनों बायें हाथ के बल्लेबाज हैं और अपना पहला विश्व कप खेल रहे हैं। यशस्वी जायसवाल है जिसने इंग्लैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया। वह युवा है और बेखौफ खेलता है। चेन्नई सुपर किंग्स के लिये खेलने वाले दुबे ने इस सत्र में 11 मैचों में 170.73 की स्ट्राइक रेट से 350 रन बनाए हैं। शास्त्री ने कहा मध्यक्रम में उसे देखिएगा। वह आक्रामक है और मैच विनर है। वह मजे के लिए छक्के लगा देता है और स्पिन गेंदबाजी को बखूबी खेलता है। तेज गेंदबाजों के खिलाफ भी वह असरदार है। पांचवें छठे नंबर पर उसकी भूमिका अहम होगी।

### बंगाल, हरियाणा की महिला हॉकी टीमों को मिली जीत



**रांची।** बंगाल और हरियाणा ने मंगलवार को राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग 2024 में क्रमशः ओडिशा और महाराष्ट्र पर 2-1 के समान अंतर से जीत दर्ज की।

बंगाल ने मैच के दौरान दबदबा बनाए रखा और उसके लिए दोनों गोल शांति होरो (23वां और 39वां मिनट) ने किया। मैच के आखिरी क्वार्टर में दीपी मोनिका टोप्पो (51वां मिनट) ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल ओडिशा की वापसी कराई लेकिन टीम इसके बाद कोई और गोल करने में विफल रही। दिन के दूसरे मैच में हरियाणा ने शुरू से ही दबदबा बनाए रखा। मंजू चौरसिया ने 12वें मिनट में टीम को बढ़त दिलायी जबकि दूसरे हाफ में पूजा ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर हरियाणा की बढ़त को दोगुना किया। महाराष्ट्र के प्रयास करना जारी रखा। टीम के लिए सुकन्या धावरे (55) अंतिम मिनटों में मैदानी गोल कर हार के अंतर को कम करने में सफल रही।

# सैमसन की पारी पर भारी पड़े दिल्ली के गेंदबाज

## 20 रन से हारा राजस्थान, मैकगर्क और अभिषेक के अर्धशतक, दिल्ली के लिए प्ले ऑफ की उम्मीदें बरकरार



अभिषेक पोरेल

65 रन

36 गेंद

नई दिल्ली, एजेंसी

सलामी बल्लेबाजों अभिषेक पोरेल और जेक फ्रेजर-मैकगर्क के अर्धशतक के बाद गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से दिल्ली कैपिटल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में मंगलवार को यहां राजस्थान रॉयल्स को 20 रन से हराकर प्ले ऑफ में जगह बनाने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा।


दिल्ली के 222 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सैमसन (46 गेंद में 86 रन) के बड़े अर्धशतक के बावजूद रॉयल्स की टीम आठ विकेट पर 201 रन ही बना सकी। रियान पराग (27) और शुभम दुबे (25) अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में बदलने में नाकाम रहे। दिल्ली की तरफ से कुलदीप यादव ने 25, मुकेश कुमार ने 30 जबकि खलील अहमद ने 47 रन देकर दो-दो विकेट चटकाए। इस जीत से दिल्ली के 12 मैच में छह जीत से 12 अंक हो गए हैं। टीम हालांकि अंक तालिका पर छठे स्थान पर ही बनी हुई है। रॉयल्स की टीम 11 मैच में 16 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। दिल्ली ने इससे पहले पोरेल (36 गेंद में 65 रन) और फ्रेजर-मैकगर्क (50 रन, 20 गेंद) के अर्धशतक और दोनों के बीच पहले विकेट की 4.2 ओवर में 60 रन की साझेदारी से आठ विकेट पर 221 रन बनाए। ट्रिस्टन स्टब्स (20 गेंद में 41 रन) ने अंत में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करके टीम का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई।

लक्ष्य का पीछा करने उतरे रॉयल्स ने पारी की दूसरी गेंद पर ही यशस्वी जायसवाल (04) का विकेट गंवा दिया। सैमसन शुरूआत से ही अच्छी लय में नजर आए। बटलर 19 रन बनाकर लौटे। रॉयल्स ने पावर प्ले में दो विकेट पर 67 रन बनाए। रियान पराग (22 गेंद में 27 रन) बनाए। 11वें ओवर में टीम ने रनों का सैकड़ा पूरा किया। सैमसन ने 28 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। रॉयल्स को अंतिम पांच ओवर में जीत के लिए 63 रन की दरकार थी। मुकेश ने सैमसन को लॉन्ग ऑन बाउंड्री पर शाई होप के हाथों कैच कराके रॉयल्स को बड़ा झटका दिया। उन्होंने 12 गेंद का सामना करते हुए दो चौके और दो छक्के मारे। कुलदीप ने इसके बाद डोनोवन फरेरा (01) और अश्विन (02) को पवेलियन भेजा। रॉयल्स को अंतिम दो ओवर में जीत के लिए 37 रन की जरूरत थी लेकिन टीम लक्ष्य से दूर रही और आठ विकेट खोकर 201 रन ही बना सकी।



विकेट लेने के बाद खुशी मनाते दिल्ली कैपिटल्स के खिलाड़ी। ● एजेंसी

50 रन



जेक फ्रेजर मैकगर्क

**अंकतालिका**

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| कोलकाता | 11 | 8 | 3 | 16 | +1.453 |
| राजस्थान | 11 | 8 | 3 | 16 | +0.476 |
| चेन्नई | 11 | 6 | 5 | 12 | +0.700 |
| हैदराबाद | 11 | 6 | 5 | 12 | -0.065 |
| दिल्ली | 12 | 6 | 6 | 12 | -0.316 |
| लखनऊ | 11 | 6 | 5 | 12 | -0.371 |
| बेंगलुरु | 11 | 4 | 7 | 8 | -0.049 |
| पंजाब | 11 | 4 | 7 | 8 | -0.187 |
| मुंबई | 12 | 4 | 8 | 8 | -0.212 |
| गुजरात | 11 | 4 | 7 | 8 | -1.320 |

**60** रन की साझेदारी जैक और पारेल ने पहले विकेट लिए की

**दिल्ली 221/8** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 01

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| जेक फ्रेजर मैकगर्क का फरेरा बो अश्विन | 50 | 20 | 7/3 |
| अभिषेक पोरेल का संदीप बो अश्विन | 65 | 36 | 7/3 |
| शाई होप रन आउट | 1 | 1 | 0/0 |
| अक्षर पटेल का पराग बो अश्विन | 15 | 10 | 1/1 |
| ऋषभ पंत का बोल्ट बो चहल | 15 | 13 | 0/1 |
| ट्रिस्टन स्टब्स पगबाधा बो संदीप | 41 | 20 | 3/3 |
| गुलबदीन नायब का अश्विन बो बोल्ट | 19 | 15 | 1/1 |
| रसिख सलाम रन आउट | 9 | 3 | 2/0 |
| कुलदीप यादव नाबाद | 5 | 2 | 1/0 |


**गेंदबाजी :** बोल्ट 4-0-48-1, संदीप 4-0-42-1, आवेश 2-0-42-0, अश्विन 4-0-24-3, पराग 2-0-17-0, चहल 4-0-48-1

**राजस्थान 201/8** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 15

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी का अक्षर बो खलील | 4 | 2 | 1/0 |
| जोस बटलर बो अक्षर | 19 | 17 | 2/1 |
| संजू सैमसन का होप बो मुकेश | 86 | 46 | 8/6 |
| रियान पराग बो रसिख | 27 | 22 | 1/3 |
| शुभम दुबे का स्टब्स बो खलील | 25 | 12 | 2/2 |
| रोवमैन पावेल बो मुकेश | 13 | 10 | 1/1 |
| डोनोवन फरेरा पगबधा बो कुलदीप | 1 | 3 | 0/0 |
| रविचंद्रन अश्विन का होप बो कुलदीप | 2 | 3 | 0/0 |
| ट्रेंट बोल्ट नाबाद | 2 | 3 | 0/0 |
| आवेश खान नाबाद | 7 | 3 | 1/0 |

**गेंदबाजी :** खलील 4-0-47-2, इशांत 3-0-34-0, मुकेश 3-0-30-2, अक्षर 3-0-25-1, कुलदीप 4-0-25-2, रसिख 3-0-36-1

## बुमराह को आराम देने का कोई इरादा नहीं : पोलार्ड



मुंबई, एजेंसी



● मुंबई इंडियंस के बल्लेबाजी कोच बोल- हम यहां आईपीएल के लिए हैं, बाकी सब उसके बाद देखेंगे

मुंबई इंडियंस के आईपीएल प्लेआफ की दौड़ से बाहर होने के बावजूद बल्लेबाजी कोच कीरोन पोलार्ड ने कहा कि टीम का तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को आराम देने का कोई इरादा नहीं है। मुंबई ने सोमवार को सनराइजर्स हैदराबाद को सात विकेट से हराया जिसमें सूर्यकुमार यादव ने आईपीएल में दूसरा शतक जड़ा। मुंबई की यह 12 मैचों में चौथी ही जीत थी।

टी20 विश्व कप को देखते हुए बुमराह को आराम देने के सवाल पर पोलार्ड ने कहा हमने इस पर कोई बात नहीं की है। मुझे नहीं लगता कि यह मेरा काम है लेकिन देखते हैं कि क्या होता है। हम सभी यहां पूरा आईपीएल खेलने के लिए हैं। हमारा लक्ष्य आईपीएल पूरा करना है। उसके बाद देखते हैं कि क्या होता है। पोलार्ड ने कहा कि बल्लेबाजी कोच होने के नाते सबसे कठिन काम सूर्यकुमार जैसे बल्लेबाज से आक्रामक खेल पर नियंत्रण कराना है। ऐसे में बल्लेबाजी कोच के लिए सबसे कठिन काम उसकी स्वाभाविक शैली को बदलना है, लेकिन बहुत ज्यादा नियंत्रण की भी जरूरत नहीं है आजकल क्रिकेट में इतने रन बन रहे हैं।

### बारिश के कारण लखनऊ से गुवाहाटी और गुवाहाटी से वाराणसी घूमती रही केकेआर

**लखनऊ।** खराब मौसम के कारण कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) की टीम का विमान सोमवार शाम कोलकाता में उतर नहीं कर सका और वह लखनऊ से गुवाहाटी, गुवाहाटी से वाराणसी घूमती रही। केकेआर की मीडिया टीम ने बताया कि टीम को ले जा रहे विमान ने शाम 5:45 पर लखनऊ से उड़ान भरी और उनके विमान को शाम 7.25 बजे उतरना था लेकिन बारिश के कारण उनके विमान को उतरने की इजाजत नहीं मिली। रात 8.46 बजे उन्हें बताया गया कि कोलकाता में भारी बारिश की वजह से उनके विमान को गुवाहाटी भेजा गया। इसके बाद रात 9.43 बजे पता चला कि हमें वापस कोलकाता जाने के लिए अनुमति मिल गई है और हम रात 11 बजे कोलकाता पहुंचेंगे। टीम मंगलवार को तड़के तीन बजे वाराणसी पहुंची और ताज गंगाज होटल में रात बिताई।

## भारतीय दिग्गजों के लिए द्रविड़ के पास स्पष्ट योजनाएं होनी चाहिए : ब्रायन लारा

नई दिल्ली, एजेंसी



महान क्रिकेटर ब्रायन लारा का मानना है कि भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ को अगले महीने अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप में सुपरस्टार विराट कोहली और रोहित शर्मा से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कराने के लिए एक विशेष योजना की जरूरत होगी।

भारतीय टीम प्रबंधन ने खेल के सबसे छोटे अंतर्राष्ट्रीय प्रारूप में अनुभवी विराट कोहली और रोहित शर्मा का समर्थन करना जारी रखा है और इस टीम में आठ ऐसे खिलाड़ी है जो 2022 टी-20 विश्व कप का भी हिस्सा थे। लारा ने कहा जब आपके पास बहुत सारे दिग्गज खिलाड़ियों वाली टीम होती है, तो आप योजना भूल जाते हैं। आपको विश्वास रहता है कि ये दिग्गज अपना काम बखूबी कर सकते हैं। एक कोच के रूप में कभी-कभी आपके लिए सर विवियन रिचर्ड्स या विराट कोहली से यह कहते हुए संकोच हो सकता है कि आप उनसे क्या उम्मीद करते हैं। भारतीय टीम के संयोजन के बारे में पूछे जाने पर लारा ने रिचर्ड्स की अगुवाई वाली बेहद अनुभवी वेस्टइंडीज टीम का उदाहरण दिया जो 1987 विश्व कप के सेमीफाइनल में नहीं पहुंच सकी थी। टीम में खिलाड़ियों के चयन को लेकर अतीत में भी बहुत सारी टीमों को दुविधा की स्थिति का सामना करना पड़ा है।

## प्ले आफ की दौड़ में बने रहने के लिए आज भिड़ेंगे लखनऊ और हैदराबाद

हैदराबाद, एजेंसी

अपने बल्लेबाजों के खराब प्रदर्शन से उबरकर सनराइजर्स हैदराबाद लखनऊ सुपर जाइंटस के खिलाफ बुधवार को आईपीएल के मैच में जीत दर्ज करके प्लेआफ का दावा पुख्ता करने के इरादे से उतरेगी। दोनों टीमों के 11 मैचों में 12 अंक हैं। सनराइजर्स का नेट रनरेट (माइनस 0.065) लखनऊ (माइनस 0.371) से बेहतर है। अंकतालिका में कोलकाता नाइट राइडर्स (16), राजस्थान रॉयल्स (16) और चेन्नई सुपर किंग्स (12) उससे ऊपर हैं। सनराइजर्स और लखनऊ में से जो जीतेगा वह प्लेआफ की दौड़ में एक कदम आगे होगा।

पैट कमिंस की कप्तानी वाली टीम में प्रतिभा की कमी नहीं है लेकिन पिछले कुछ मैचों में उसके विजय अभियान पर रोक लग गई है। पिछले चार में से तीन मैचों में सनराइजर्स को पराजय का सामना करना पड़ा है क्योंकि उसके आक्रामक बल्लेबाज नाकाम रहे हैं। मुंबई इंडियंस के खिलाफ पिछले मैच में वे बड़ा स्कोर नहीं बनाने के कारण सात विकेट से हार गए। ट्रेविस हेड को छोड़कर बाकी बल्लेबाज पिछले कुछ मैचों में खराब फॉर्म में रहे हैं। युवा अभिषेक शर्मा पिछले चार मैचों में 30 रन से आगे नहीं जा सके हैं। सनराइजर्स के मुख्य कोच डेनियल विटोरी ने स्वीकार किया कि हर बार सलामी बल्लेबाजों



पर ही जिम्मेदारी नहीं छोड़ी जा सकती, मध्यक्रम को भी कमान संभालनी होगी। हेनरिच क्लासेन लगातार अच्छा खेलने में नाकाम रहे हैं और नीतिश रेड्डी ने भी टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया है। टी नटराजन ने अच्छी गेंदबाजी की है जबकि अनुभवी भुवनेश्वर कुमार ने भी लय हासिल कर ली है। दूसरी ओर लखनऊ सुपर जाइंट्स ने कोलकाता के खिलाफ इकाना स्टेडियम पर निराशाजनक प्रदर्शन किया और पहली बार 200 से अधिक रन देने के बाद 137 रन पर आउट हो गई। कप्तान राहुल नाकाम रहे जबकि मार्कस स्टोइनिस और निकोलस पूरन भी बड़ी पारियां नहीं खेल सके। आयुष का इस आईपीएल में प्रदर्शन औसत ही रहा है और वह अपनी उपयोगिता साबित करना चाहेंगे।

**बॉलीवुड हलचल**

## बेहतर स्क्रिप्ट पर शाहरूख के साथ काम करेंगी प्रीति



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री प्रीति जिंटा का कहना है कि माइंड ब्लोइंग स्क्रिप्ट मिलने पर ही वह शाहरूख खान के साथ काम करेंगी। प्रीति जिंटा ने शाहरूख खान के साथ दिल से, कभी अलविदा ना कहना, कल हो ना हो और वीर जारा जैसी फिल्मों में काम किया है, लेकिन दोनों को ऑडियंस का सबसे ज्यादा प्यार वीर जारा में मिला। प्रीति जिंटा इन दिनों आमिर खान के प्रोडक्शन के बैनर तले बन रही सनी देओल स्टारर फिल्म लाहौर 1947 में काम कर रही हैं। इसी बीच प्रीति जिंटा ने एक्स (पहले ट्विटर) पर उन्होंने अपने फैन्स के सवालों के जवाब दिए। एक फैन ने उनसे पूछा, मैम आप और शाहरुख कब साथ में फिल्म करेंगे। इस सवाल का जवाब देते हुए प्रीति ने लिखा, जब भी ऐसी कोई माइंड ब्लोइंग स्क्रिप्ट मिलेगी, जिसे सिर्फ हम दोनों कर सकते हैं तब करेंगे, तब तक इंताजर कीजिए। एक दूसरे फैंन को जवाब देते हुए प्रीति ने शाहरुख की तारीफ में कहा, शाहरूख टैलेंट के पावरहाउस हैं और एक बेहद ही शानदार हैं और ऐसे एक्टर हैं, जिनके साथ काम करने में मजा आता है। वह काफी एंटरटेनिंग हैं और फिल्म दिल से के दौरान उनसे बहुत कुछ सीखा है। एक फैंन ने कहा, आपको सलमान भाई के साथ दोबारा देखना चाहता हूं, पॉसिबल है? जवाब में प्रीति जिंटा ने लिखा, यदि कोई अच्छी स्क्रिप्ट हो तो कुछ भी पॉसिबल है। उन्होंने कहा कि चोरी चोरी चुपके चुपके सलमान के साथ उनकी फेवरेट फिल्म है।

## फिल्म जॉली एलएलबी 3 में हुमा कुरैशी की एंट्री



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री हुमा कुरैशी, अक्षय कुमार और अरशद वारसी की आने वाली फिल्म जॉली एलएलबी 3 में काम करती नजर आ सकती हैं। अक्षय कुमार और अरशद वारसी की आने वाली फिल्म जॉली एलएलबी 3 की शूटिंग शुरू हो गई है। हाल ही में अक्षय और अरशद वारसी ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर कर इस बात की जानकारी दी थी। चर्चा है कि अब इस फिल्म में हुमा कुरैशी की भी एंट्री हो गई है। कहा जा रहा है कि हुमा कुरैशी राजस्थान के अजमेर गई हैं और वह वहां पर जॉली एलएलबी 3 की कास्ट को ज्वाइन करेंगी। कुछ दिनों पहले फिल्म जॉली एलएलबी 3 की शूटिंग शुरू होने की जानकारी देते हुए अक्षय ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया था। अब ओरिजिनल कौन और डुप्लिकेट कौन, ये तो पता नहीं, पर ये पक्का है कि ये जॉली गुड राइड होने वाली है। हमारे साथ बने रहें जय महाकाल।




स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, **कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# बच्चों को सिखाएं अच्छे और बुरे स्पर्श में अंतर

- दिल्ली हाईकोर्ट ने जमानत याचिका खारिज करते हुए की टिप्पणी

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा है कि आज की डिजिटल दुनिया में नाबालिगों को अच्छे स्पर्श और बुरे स्पर्श के बारे में बताया जाना ही काफी नहीं है और बच्चों को आभासी स्पर्श की उभरती हुई अवधारणा और इसके संभावित खतरों के बारे में भी शिक्षित किया जाना जरूरी है।

इसमें वर्चुअल टच को लेकर उन्हें उचित ऑनलाइन व्यवहार सिखाना, हिंसक व्यवहार के चेतावनी संकेतों को पहचानना और गोपनीयता सेटिंग्स और ऑनलाइन सीमाओं के महत्व को समझना शामिल है। दिल्ली हाई कोर्ट ने यह टिप्पणी एक महिला (कमलेश देवी) की जमानत याचिका को खारिज करते हुए की। महिला पर एक नाबालिग लड़की का अपहरण करने और उसे देह व्यापार में धकेलने के बाद उसके यौन उत्पीड़न में अपने बेटे की मदद करने का आरोप है।

कोर्ट ने कहा कि नाबालिगों को डिजिटल दुनिया में कैसा व्यवहार करना चाहिए, इसे लेकर माता-पिता और शिक्षक उन्हें जागरूक करें। साथ ही स्कूलों और कॉलेजों, दिल्ली राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण और दिल्ली न्यायिक अकादमी जैसे संस्थानों को इस मामले पर कार्यक्रम, कार्यशालाएं और सम्मेलन आयोजित करने के लिए मैसेज भेजना भी समय की मांग है।

### क्या है मामला




एक 16 वर्षीय लड़की का कथित तौर पर राजीव ने अपहरण कर लिया था, जिसने सोशल मीडिया पर उससे दोस्ती की और जब वह उससे मिलने आई तो उसने उसका अपहरण कर लिया। इसके बाद लड़की को मध्य प्रदेश ले जाया गया और कई दिनों तक वहीं रखा गया। कथित तौर पर आरोपी और अन्य लोगों द्वारा उसका यौन उत्पीड़न किया गया। कोर्ट ने कहा कि नाबालिगों को डिजिटल दुनिया में कैसा व्यवहार करना चाहिए, इसे लेकर माता-पिता और शिक्षक उन्हें जागरूक करें। साथ ही स्कूलों और कॉलेजों, दिल्ली राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण और दिल्ली न्यायिक अकादमी जैसे संस्थानों को इस मामले पर कार्यक्रम, कार्यशालाएं और सम्मेलन आयोजित करने के लिए मैसेज भेजना भी समय की मांग है।

# जमीन भगवान की मैं उनका मित्र...कोर्ट ने लगाया जुर्माना

- दिल्ली हाईकोर्ट बोला- मैंने कभी नहीं सोचा था कि भगवान एक दिन मेरे सामने एक वादी बनेंगे

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली हाईकोर्ट ने एक निजी मंदिर के संपत्ति विवाद में भगवान हनुमान को पक्षकार बनाने वाले व्यक्ति पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। हाईकोर्ट ने कहा कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 25 के तहत पूजा करने का अधिकार किसी अवैध धार्मिक संरचना में निहित नहीं हो सकता है।

अपीलकर्ता अंकित मिश्रा ने अतिरिक्त जिला न्यायाधीश के फैसले के बाद उनके और अन्य की ओर से दायर आपत्ति याचिका खारिज होने के बाद दिल्ली हाईकोर्ट का रुख किया। अपने आदेश में अतिरिक्त जिला न्यायाधीश ने कहा कि मिश्रा कोई प्रामाणिकता नहीं दिखा सके जो उन्हें भगवान हनुमान के अगले मित्र के रूप में मुकदमा करने का अधिकार देती। हाईकोर्ट ने यह भी माना कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 25 के तहत, पूजा करने का कोई अधिकार किसी अन्य की निजी भूमि पर बने अवैध धार्मिक ढांचे में निहित नहीं हो सकता है और कहा कि ऐसी स्थिति में स्थापित देवता के पास कोई अधिकार नहीं है। न्यायमूर्ति सी हरि शंकर ने कहा मैंने कभी नहीं सोचा था कि भगवान एक दिन मेरे सामने एक वादी बनेंगे। शुक्र है कि यह प्रॉक्सी द्वारा दिव्यता का मामला प्रतीत होता है। न्यायमूर्ति शंकर ने कहा कि एक निजी मंदिर में सार्वजनिक पूजा, यहां तक कि मुफ्त पहुंच के साथ वास्तव में यह नहीं दर्शाता है कि मंदिर एक सार्वजनिक मंदिर है।

# यूपीआई की वजह से ज्यादा खर्च कर रहे 75% भारतीय

*भारत में यूपीआई के इस्तेमाल से खरीदारी आसान और कैश रखने की मजबूरी खत्म हुई है, लेकिन खर्च बढ़ा है। आईआईआईटी, दिल्ली (इंद्रप्रस्थ इंस्टिट्यूट ऑफ इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी) के सर्वे में पता चला कि यूपीआई की वजह से भारतीय ज्यादा खर्च करने लगे हैं। 74.2% यानी 4 में से 3 भारतीयों का मानना है कि यूपीआई की वजह से उनके खर्च करने का पैटर्न बदल गया है। वे गैर जरूरी खर्च कर रहे हैं।*




- ऑनलाइन पेमेंट की वजह से उन्हें एहसास नहीं होता कि वे ज्यादा खर्च कर रहे हैं। दरअसल, कैश खर्च होने पर अपने पास से कुछ जाने का एहसास होता है। इसलिए खर्च का दर्द महसूस होता है। इसलिए लोग खर्च करने से पहले सोचते हैं। ऑनलाइन पेमेंट में खर्च में कुछ खोने जैसा एहसास नहीं होता। इसलिए खर्च का पता नहीं चलता। ऑनलाइन पेमेंट में पैसे सिर्फ नंबर जैसे लगते हैं, जो कम ज्यादा होते रहते हैं। जैसे-यूपीआई के जरिए 2500 रुपए का पेमेंट करने में लोग उतना नहीं सोचते, जितना कि 500 के 5 नोट के जरिए किसी चीज का पेमेंट करने में सोचते हैं।
- आईआईआईटी दिल्ली में असिस्टेंट प्रोफेसर ने अपने छात्रों के साथ 18 साल और उससे ऊपर के लोगों पर सर्वे किया। इसमें पता चला कि 74.2% लोगों का खर्च यूपीआई का इस्तेमाल शुरू करने के बाद बढ़ा है। साथ ही यह भी पता चला कि 91.5% लोग यूपीआई से पूरी तरह संतुष्ट हैं। जबकि 95.2% ने किसी भी पेमेंट के लिए यूपीआई को सबसे आसान और विश्वसनीय माना। 2016 में शुरू हुए यूपीआई ने 8 साल में देश में पेमेंट का तरीका ही नहीं एहसास भी बदल दिया है।

### छोटे कारोबारियों की बचत बढ़ी

यूपीआई के इस्तेमाल की वजह से छोटे कारोबारियों जैसे ठेले-खोमचे वाले, गुमटियों में सामान बेचने वालों की बचत बढ़ी है। यूपीआई पेमेंट की वजह से उनका सारा पैसा सीधे खाते में जाता है, जिससे उनकी बचत और उससे मिलने वाला ब्याज दोनों बढ़े हैं। वहीं, इस सर्वे में करीब 25% लोगों ने यह माना कि यूपीआई इस्तेमाल से उनकी बचत बढ़ी है।

## एक नजर

### व्लादिमीर पुतिन ने 5वीं बार ली राष्ट्रपति पद की शपथ

**मॉस्को।** व्लादिमीर पुतिन ने 5वीं बार रूस के राष्ट्रपति बन गए हैं। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने मंगलवार को क्रेमलिन समारोह में छह साल के नए कार्यकाल के लिए शपथ ली। इस शपथ समारोह का यूक्रेन में रूस के युद्ध के कारण संयुक्त राज्य अमेरिका और कई अन्य पश्चिमी देशों ने बहिष्कार किया। मॉस्को के ग्रैंड क्रेमलिन पैलेस में पुतिन ने 33 शब्दों में शपथ ली। यह वही जगह है, जहां रूस के जार परिवार के 3 राजाओं (एलेक्जेंडर 2, एलेक्जेंडर 3 और निकोलस 2) की ताजपोशी हुई थी। पुतिन ने इससे पहले साल 2000 में पहली बार राष्ट्रपति पद की शपथ ली थी। इसके बाद से 2004, 2012 और 2018 में भी वे राष्ट्रपति बन चुके हैं।

### सलमान के घर गोलीबारी मामले में पांचवां आरोपी गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने पिछले महीने अभिनेता सलमान खान के घर के बाहर गोली चलाने में शामिल हमलावरों को कथित रूप से वित्तीय मदद देने के मामले में राजस्थान से लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बताया कि आरोपी की पहचान मोहम्मद रफीक चौधरी (37) के रूप में की गई है। वह गोलीबारी मामले में गिरफ्तार पांचवां आरोपी है। अधिकारी ने कहा कि मामले में पहले ही गिरफ्तार लोगों से पूछताछ के दौरान चौधरी की भूमिका सामने आई। चौधरी ने कथित तौर पर पाल और गुप्ता को मोटरसाइकिल खरीदने और एक घर किराये पर लेने में मदद की थी।

### भगोड़े नीरव मोदी की जमानत याचिका पांचवीं बार खारिज

**लंदन।** भारत के भगोड़े नीरव मोदी की मुश्किल एक बार फिर बढ़ गई है। ब्रिटेन की अदालत ने मंगलवार को उसकी जमानत याचिका खारिज कर दी। नीरव पिछले पांच साल से जेल में है। लंबी कैद का हवाला देते हुए उसने पांचवीं बार याचिका दायर की थी, जिसे अदालत ने इस बार भी खारिज कर दिया। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, लंदन के वेस्टमिंस्टर मजिस्ट्रेट कोर्ट में सुनवाई के दौरान नीरव उपस्थित नहीं था। हालांकि, उसका बेटा और दोनों बेटियां जरूर गैलरी में उपस्थित थीं। अदालत में नीरव के वकील ने दलील दी कि आखिरी जमानत आवेदन साढ़े तीन साल पहले दिया गया था।

### दिल्ली में तस्करी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मादक पदार्थों का उत्पादन करने वाली एक फैक्टरी का भी पता लगाया है। छापेमारी के दौरान उन्होंने उच्च गुणवत्ता वाला पदार्थ बरामद किया, जिसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब एक करोड़ रुपये है। दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ के उपायुक्त अमित कौशिक ने कहा, जब्त किए गए पदार्थ से लगभग 700 किलोग्राम प्रभावी पदार्थ अल्प्राजोलम संसाधित किया जा सकता है।

# चीन पर नकेल कसने के लिए तैयार भारत, 3 पोत पहुंचे सिंगापुर

## भारतीय नौसेना ने की दक्षिण चीन सागर में पूर्वी बेड़े की तैनाती, मजबूत होंगे रिश्ते

सिंगापुर, एजेंसी

दक्षिण चीन सागर में चीन पर नकेल कसने के लिए नौसेना के पूर्वी बेड़े की परिचालन तैनाती के हिस्से के रूप में तीन भारतीय नौसेना जहाज सिंगापुर पहुंचे हैं, जो दोनों नौसेनाओं के बीच मजबूत संबंधों को रेखांकित करता है। भारतीय नौसेना के प्रवक्ता ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि रियर एडमिरल राजेश धनखड़ के नेतृत्व में भारतीय नौसेना के जहाज दिल्ली, शक्ति और किल्टन सोमवार को सिंगापुर पहुंचा है।

बयान में कहा गया कि मौजूदा तैनाती दोनों नौसेनाओं के बीच मजबूत संबंधों को रेखांकित करती है। सिंगापुर गणराज्य की नौसेना के कर्मियों और सिंगापुर में भारत के उच्चायुक्त ने गर्मजोशी से स्वागत किया। यह यात्रा दक्षिण चीन सागर में भारतीय नौसेना के पूर्वी बेड़े की परिचालन तैनाती का हिस्सा है। यह यात्रा कई कार्यक्रमों और गतिविधियों के माध्यम से दोनों समुद्री देशों के बीच दीर्घकालिक मित्रता और सहयोग को और मजबूत करने के लिए तैयार है।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, सिंगापुर में पदस्थ भारतीय राजदूत ने तीनों जहाज, नौसेना के जवानों और अधिकारियों का स्वाग्त किया। नई दिल्ली में रक्षा मंत्रालय ने कहा कि यह यात्रा दो समुद्री देशों के बीच दीर्घकालिक मित्रता और सहयोग को और मजबूत करने के लिए तैयार है। बयान में मंत्रालय ने कहा कि मौजूदा तैनाती दोनों देशों की नौसेनाओं के बीच मजबूत संबंधों को दर्शाती है।



### वर्तमान में दक्षिण चीन सागर में चीन का दबदबा

वर्तमान में चीन दक्षिण चीन सागर में अपना कब्जा चाहता है। इस वजह से आसपास के अन्य देशों को परेशान करता रहता है। चीन फिलीपींस के नौसैनिक जहाजों के साथ गतिरोध में शामिल है। दक्षिण चीन सागर में दूसरे थॉमस शोल पर फिलीपींस अपना दावा जताने की कोशिश कर रहा है और चीन इसका कड़ा विरोध कर रहा है।

### सीमा पर तनाव के बीच भारत में तैनात होंगे चीन के राजदूत

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने जू फेइहोंग को भारत में नया राजदूत नियुक्त किया है। बता दें कि पूर्वी लद्दाख में सैन्य गतिरोध के बाद से दोनों देशों के बीच रिश्तों में खटास पैदा हो गई थी। अब 18 महीने के बाद चीन ने जू फेइहोंग को भारत में नया राजदूत बनाकर कुछ अलग संकेत दिया है। हालांकि इस बारे में चीन की तरफ से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है लेकिन चीनी विदेश मंत्रालय ने इस बात की पुष्टि की है। यह तय हो गया कि अफगानिस्तान और रोमानिया के पूर्व राजदूत रह चुके फेइहोंग अब भारत में चीन के राजदूत होंगे। बताया जा रहा है कि 60 वर्ष फेइयोंग जल्द ही दिल्ली का दौरा कर सकते हैं। इससे पहले अक्टूबर 2022 में सुन वेईडोंग ने भारत में चीन के राजदूत के रूप में अपना कार्यकाल खत्म किया था। भारत से पहले वेईडोंग पाकिस्तान में चीन के राजदूत रहे हैं।

# तकनीकी खामी से टली सुनीता की अंतरिक्ष यात्रा

- नासा ने उड़ान भरने से 90 मिनट पहले मिशन को रोकने का लिया फैसला

न्यूयॉर्क, एजेंसी

भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स की तीसरी अंतरिक्ष यात्रा टल गई है। दरअसल तकनीकी खराबी के चलते उड़ान भरने से 90 मिनट पहले मिशन को रोकने का फैसला किया गया। नासा ने उड़ान की अगली तारीख की घोषणा नहीं की है।

बता दें, सुनीता विलियम्स मंगलवार को तीसरी बार अंतरिक्ष यात्रा पर जाने वाली थीं। सुनीता बोइंग के स्टारलाइनर अंतरिक्षयान से फ्लोरिडा के कैप कॉर्निवाल स्थित केनेडी स्पेस सेंटर से भारतीय समय के अनुसार, सुबह 8.04 बजे उड़ान भरने वाली थीं। हालांकि उड़ान भरने से 90 मिनट पहले वैज्ञानिकों को अंतरिक्ष यान के ऑक्सीजन वाल्व में तकनीकी खामी का पता चला, जिसके चलते उड़ान को रोक दिया गया। सुनीता विलियम्स के साथ नासा के वैज्ञानिक बैरी विल्मोर भी बोइंग के अंतरिक्षयान से अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन जाने वाले थे। सुनीता विलियम्स अंतरिक्ष में रिकॉर्ड 322 दिन बिता चुकी हैं और उनके पास सबसे ज्यादा घंटे तक स्पेसवॉक करने वाली महिला वैज्ञानिक होने का रिकॉर्ड है। विलियम्स पहली बार 9 दिसंबर 2006 को अंतरिक्ष में गईं थी और 22 जून 2007 तक अंतरिक्ष में रहीं थी। सुनिता विलियम्स ने चार बार रिकॉर्ड 29 घंटे और 17 मिनट तक स्पेसवॉक किया था। इसके बाद सुनीता विलियम्स 14 जुलाई 2012 को दूसरी बार अंतरिक्षयात्रा पर गईं और 18 नवंबर 2012 तक अंतरिक्ष में रहीं थी।



### आप विधायक अमानतुल्लाह के बेटे ने पेट्रोल पंप कर्मी को पीटा, मुकदमा दर्ज

**नोएडा।** नोएडा पुलिस ने एक पेट्रोल पंप पर कर्मियों के साथ कथित रूप से मारपीट करने और धमकी देने को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक अमानतुल्लाह खान, उनके बेटे अनस खान सहित कई के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। ओखला विधानसभा क्षेत्र से विधायक खान ने दावा किया कि यह पुलिस की एकतरफा कार्रवाई है और उन्हें मामले में गलत तरीके से फंसाया गया है। अपर पुलिस उपयुक्त (जोन प्रथम) मनीष कुमार मिश्रा ने अमानतुल्लाह के बेटे अनस अपने साथियों के साथ सेक्टर 95 स्थित पेट्रोल पंप पर ईंधन को लेकर कर्मचारियों से बहस हो गई, और कर्मियों को पीटा। पेट्रोल पंप के मैनेजर बिनोद और मालिक को धमकी दी। मामले में पीड़ित विनोद कुमार सिंह ने फेस-वन थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### चीन के एक अस्पताल में चाकू से हमला, दो की मौत, 21 लोग घायल

**युन्नान।** चीन के दक्षिण-पश्चिमी प्रांत युन्नान के एक अस्पताल में मंगलवार को चाकू से किए गए हमले में दो लोगों की मौत हो गई और 21 अन्य घायल हो गए। राज्य की मीडिया ने आधिकारिक सूत्रों के हवाले से इसकी पुष्टि की है। मीडिया के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, हमला जेनक्सिओनग काउंटी के एक स्थानीय अस्पताल में हुआ। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, घटनास्थल के कई वीडियो सामने आए हैं जिसमें पुलिस पास के वेलनेस सेंटर में एक संदिग्ध को पकड़ती हुई दिख रही है। अधिकारी अधिक जानकारी जुटाने की प्रक्रिया में हैं और यह स्पष्ट नहीं है कि पकड़ा गया संदिग्ध वास्तव में हमलावर है या नहीं। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, चीनी राज्य मीडिया आउटलेट, द पेपर द्वारा साक्षात्कार में एक प्रत्यक्षदर्शी ने स्थिति को अराजक बताया, जबकि अधिकारी स्थिति का आकलन कर रहे थे।

## आसरे की आस...



**वाशिंगटन:** फीचर फोटोग्राफी में अमेरिका पहुंचने की उम्मीद में प्रवासी कोलंबिया से पनामा तक डेरियन गैप को पार करते हुए आगे की ओर बढ़ रहे हैं। सोमवार को इस तस्वीर के लिए उगार्टे फर्नांडो लानो, एरिक गे, ग्रेगरी बुल और क्रिश्चियन चावेज को 2024 पुलित्जर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। ● एजेंसी

### श्रीनगर: पाकिस्तान में बैठे सात आकाओं की संपत्तियां कुर्क

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में पाकिस्तान स्थित सात आतंकी आकाओं की संपत्तियां कुर्क की गईं, पुलिस ने मंगलवार को इस बात की जानकारी दी है। एक पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि बारामूला में अतिरिक्त सत्र अदालत द्वारा पारित कुर्की आदेश प्राप्त करने के बाद, पाकिस्तान स्थित आतंकी आकाओं की लाखों रुपये की 13 कनाल जमीन कुर्क की गई।

उन्होंने संचालकों की पहचान शेखपोरा के शब्बीर अहमद सोफी, वारिपोरा पाईन के गुलाम नबी अलाई, वारपोरा बाला के गुलाम नबी शेख, रेशीपोरा औथूरा के शरीफ उद दीन चोपन और गुल्ला शेख, सलूसा के मोहम्मद रफीक खान और फ्रास्टर तिलगाम के अब्दुल हमीद पर्रे के रूप में की। उन्होंने बताया कि पुलिस द्वारा की गई जांच के दौरान संपत्ति की पहचान की गई।

# प्रज्ज्वल के 25 हजार अश्लील वीडियो बांटे : कुमारस्वामी

- पूर्व प्रधानमंत्री के बेटे ने सीएम सिद्धरमैया और डिप्टी सीएम डी.के. शिवकुमार पर लगाया आरोप

बेंगलुरु, एजेंसी

जनता दल (सेक्युलर) नेता एच.डी. कुमारस्वामी ने दावा किया है कि उनके भतीजे एवं हासन से पार्टी उम्मीदवार प्रज्ज्वल रेवन्ना से जुड़े कथित 'सेक्स स्कैंडल' के वीडियो वाली 25 हजार पेन ड्राइव चुनाव से पहले वितरित की गई थीं।

21 अप्रैल को पूरे राज्य में पैन ड्राइव प्रसारित की गई। पुलिस अधिकारियों ने भी पैन ड्राइव को प्रसारित किया। इसे बंगलूरू ग्रामीण, मांड्या और हासन सीटों पर जानबूझकर बांटे गए हैं। कुमारस्वामी ने बताया '21 अप्रैल की रात नवीन गौड़ा नाम के एक शख्स ने प्रज्ज्वल रेवन्ना के वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड किए। जिसके खिलाफ हासन सीट पर प्रज्ज्वल रेवन्ना के चुनाव एजेंट पूर्णचंद्र ने हासन पुलिस में 22 अप्रैल को शिकायत दर्ज कराई, जिसमें नवीन गौड़ा, कार्तिक गौड़ा, चेतन और पुर्ताराजू के खिलाफ आरोप लगाए गए, लेकिन इनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई और 26 अप्रैल को रिटर्निंग अधिकारी ने बताया कि उस शिकायत को बंद कर दिया गया है। जेडीएस नेता ने कहा कि 'मैं किसी का बचाव नहीं कर रहा और दोषी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। फिर चाहे वो कोई भी हो।

### राजस्थान में तलवार से घायल कर युवती से सामूहिक दुष्कर्म

**जयपुर।** राजस्थान के बांसवाड़ा जिले में युवती से तलवार की नोक पर सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। ओपियों ने पीड़िता से खींचातानी करने पर तलवार से हमला कर दिया, जिससे उसकी दाहिने हाथ की दो उंगलियां कट गईं। पुलिस के मुताबिक, पीड़िता ने दुष्कर्म के दो दिन बाद दो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया। एक आरोपी की पहचान कालू के रूप में हुई है। बांसवाड़ा के पुलिस उपाधीक्षक सूर्यवीर सिंह ने कहा कि महिला शादी समारोह से लौट रही थी कालू और उसके दोस्त ने उसे रोका और सामूहिक दुष्कर्म किया। उन्होंने कहा कि 19 वर्षीय पीड़िता को उदयपुर जिला अस्पताल रेफर किया गया है। आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

विज्ञान | कोलोराडो विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने किया रहस्य का खुलासा

# शुक्र ग्रह के खोए सागरों की गुत्थी सुलझाने में मिली कामयाबी

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** पृथ्वी के पड़ोसी ग्रह शुक्र ग्रह के खोए पानी के सागरों की गुत्थी सुलझाने की बड़ी कामयाबी वैज्ञानिको को मिली है। बोल्डर स्थित कोलोराडो विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने इस रहस्य का खुलासा किया है।

इस शोध से साफ हो गया है कि इस ग्रह पर पानी होने की शेष संभावना भी खत्म हो चुकी है। सर्वविदित है, शुक्र (वीनस) हमारे सौर मंडल का सबसे अधिक सुंदर ग्रह नजर आता है। जिसे पृथ्वी से नग्न आंखों से आसानी से देखा जा सकता है। स्याह रातों की खूबसूरती में चार चांद लगाने वाला यही ग्रह है। कभी इस ग्रह पर पृथ्वी की तरह विशाल समुद्र हुआ करते थे, जो गायब हो गए। जिसकी तलाश में वैज्ञानिक कई दशकों से पता लगाने में जुटे हुए थे, लेकिन इसका पता लगा पाना टेढ़ी खीर बनी रही। मगर अब इस रहस्य का पर्दाफाश हो चुका है। इसकी वजह शुक्र की रासायनिक प्रक्रिया है। जिसका पता कंप्यूटर सिमुलेशन के जरिए हो पाया है। दअरसल शुक्र ग्रह के वायुमंडल में हाइड्रोजन परमाणु विघटनकारी पुनर्संयोजन प्रक्रिया के माध्यम से अंतरिक्ष में घूमते हैं। जिस कारण शुक्र हर दिन बड़ी मात्रा में अपना तरल जल खो देता है। 6 मई को नेचर जर्नल में शोध का निष्कर्ष प्रकाशित हुआ है। शोधकर्ता वैज्ञानिक कहते हैं कि आकाशगंगा के कई ग्रहों के पानी व रासायनिक प्रक्रिया को समझना होगा। शोधकर्ताओं ने शुक्र ग्रह को एक विशाल रसायन विज्ञान मझने के लिए कंप्यूटर मॉडल का उपयोग किया, और ग्रह के घूमते हुए वातावरण में होने वाली विविध प्रतिक्रियाओं पर जूम किया। जिससे पता चला कि हाइड्रोजन, कार्बन और ऑक्सीजन के एक-एक परमाणु से बना अणु शुक्र ग्रह का पानी निगल गया और शुक्र के सतह का जल वाष्पित होकर आसमान में चला गया।



शुक्र ग्रह के वातावरण की तस्वीर।

### अब मंगल ग्रह पर जल की तलाश

शुक्र ग्रह के बाद, अब बारी लालग्रह मंगल के खोए हुए जल का पता लगाने की है। माना जाता है कि पृथ्वी की तरह मंगल में भी समुद्र हुआ करते थे और नदियां बहा करती थी, जिनका जल अब विलुप्त हो चुका है। शुक्र ग्रह के जल का पता लगाने के बाद वैज्ञानिक मंगल ग्रह के जल पता लगाने में जुट गए हैं।

### अंतरिक्ष में हथियारों की रोक के प्रस्ताव पर वीटो मुद्दे की चर्चा

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासभा ने, सुरक्षा परिषद में हाल ही में, रूस द्वारा उस मसौदे प्रस्ताव पर वीटो का प्रयोग किए जाने के मुद्दे पर चर्चा की है, जिसमें बाहरी अंतरिक्ष क्षेत्र को हथियारों की नई दौड़ से बाहर रखने की पेशकश की गई थी।

सुरक्षा परिषद में वो प्रस्ताव संयुक्त राज्य अमेरिका और जापान ने पेश किया था। इसके समर्थन में 13 वोट पड़े थे और चीन ने मतदान में शिरकत नहीं की थी। उस प्रस्ताव को 60 देशों ने समर्थन दिया था, मगर रूस के वीटो प्रयोग के कारण, वो मसौदा प्रस्ताव पारित नहीं हो सका था। यूएन महासभा के उपाध्यक्ष अहमद फैसल मुहम्मद ने सोमवार को, महासभा अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस का संदेश पढ़कर, इस मुद्दे पर चर्चा का आरंभ किया। यूएन महासभा अध्यक्ष के संदेश में चिंता व्यक्त की गई कि बाहरी अंतरिक्ष में विनाश के हथियारों के मुद्दे पर नाकाम रही है।

# गाजा के राफा सीमा पर इजराइल का कब्जा

- नेतन्याहू बोले-हमास की आर्थिक क्षमताओं को खत्म करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम

यरूशलम, एजेंसी

इजराइल की एक टैंक ब्रिगेड ने मंगलवार को गाजा की महत्वपूर्ण राफा सीमा पर पूर्ण नियंत्रण कर लिया है। वैश्विक चेतावनियों को नजरअंदाज करते हुए इजराइल दक्षिणी शहर में घुस गया।

नेतन्याहू ने कहा है कि राफा सीमा पर सेना का नियंत्रण हमास की सैन्य और आर्थिक क्षमताओं को खत्म करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह सीमा क्षेत्र में मानवीय सहायता के लिए मुख्य मार्गों में से एक है। वहीं, रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने कहा कि अगर बंधक समझौते पर बातचीत विफल रही, तो इजराइल हमले तेज करेगा। संयुक्त राष्ट्र ने चिंता जताते हुए कहा है कि- राफा और गाजा में अन्य मुख्य मार्ग केरेम शालोम के बंद होने से उत्तरी भाग पहले से ही अकाल जैसी स्थिति का सामना कर रहा है। बता दें कि राफा क्रॉसिंग, दक्षिणी गाजा में मिस्र की सीमा पर है, इजराइल ने 2005 में यहां से सैनिक हटा लिए थे। 6 मई को इजराइली सेना ने चेतावनी देते हुए फिलिस्तीनियों से कहा था, पूर्वी राफा को खाली कर दें। यहां दस लाख से अधिक युद्ध-विस्थापित फिलिस्तीनियों ने शरण लिए हुए हैं। इजराइली सेना ने कहा- राफा में हजारों हमास लड़ाकों और बंधकों को शरण में रखा गया है।



### अमेरिका ने इजराइल को गोला-बारूद की सप्लाई रोकी

राफा में सैन्य अभियान की घोषणा करके नेतन्याहू ने एक बार फिर अमेरिका को नाराज कर दिया है। यही कारण है कि 7 अक्टूबर के हमले के बाद पहली बार अमेरिका ने इजराइल भेजे जाने वाले गोला-बारूद की खेप रोक दी है। खेप में मिसाइल सहित कई साजो सामन हैं। इस मामले पर अमेरिकी और इजराइली सरकार कुछ भी बोलने से बच रही है। हालांकि, पिछले सप्ताह अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने नेतन्याहू से कहा कि राफा में सैन्य अभियान का अमेरिका-इजराइल संबंधों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।